भोपाल
शुक्रवार, 28 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष–14
वर्ष : 11, अंक : 361
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 37
न्यून. 23

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




लेकिन, नहीं बच सकी जान

## फ्लाइट में बिगड़ गई तबीयत भोपाल में इमरजेंसी 'लैंडिंग'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ मौत की वजह हार्ट अटैक का अंदेशा

दिल्ली से कुन्नौर, केरला की यात्रा कर रहे बुजुर्ग व्यापारी की इंडिगो फ्लाइट में तबीयत बिगड़ गई। तबीयत बिगड़ने के कारण फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। भोपाल एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद व्यापारी को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची गांधी नगर पुलिस ने शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। परिजन के भोपाल पहुंचने पर शव का पीएम कराया जाएगा। अनुमान है कि व्यापारी की मौत हार्ट अटैक से हुई है।

जानकारी के अनुसार मूलतः केरल निवासी जयन सिप्पी (67) व्यवसायी थे। वे दिल्ली से कुन्नौर, केरल की यात्रा इंडिगो फ्लाइट कर रहे थे। इस दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। तबीयत बिगड़ने के बाद फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

**जस्टिस वर्मा कैश कांड :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय किया गया है तबादला, बार कर रहा है तबादला वापस लेने की मांग

# सीजेआई खन्ना ने बार एसोसिएशन्स को दिया भरोसा, कहा- तबादले की मांग पर करेंगे विचार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





*उच्च न्यायालय इलाहाबाद, लखनऊ पीठ, गुजरात, केरल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश की जबलपुर पीठ के बार एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों ने गुरुवार दोपहर को मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना समेत न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ से मुलाकात की।*

दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के सरकारी घर से कथित तौर पर आधी जली हुई नकदी मिलने के मामले को लेकर गुरुवार को अलग-अलग राज्यों की हाईकोर्ट के बार एसोसिएशन के अधिवक्ता मुख्य न्यायाधीश से मिलने सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। उन्होंने मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की। इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने आश्वासन दिया है कि वे न्यायमूर्ति ▶▶ शेष पेज 6 पर

जस्टिस वर्मा को यहां भेजे जाने के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है

ज्ञापन में यह की गई मांग

### जस्टिस वर्मा से सभी प्रशासनिक कार्य भी वापस लिए जाएं

अलग-अलग राज्यों के हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। साथ ही मामले में पारदर्शिता अपनाने, दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की रिपोर्ट और अन्य सामग्री को सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर सार्वजनिक करने के लिए मुख्य न्यायाधीश के फैसले की सराहना की गई। ज्ञापन में कहा गया कि बार एसोसिएशन मांग करती है कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा का स्थानांतरण वापस लिया जाए तथा पहले से वापस लिए ▶▶ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
चेन्नई बेंगलुरु
शाम 7.30 बजे से


## खबर संक्षेप

### 5वीं और 8वीं परीक्षाओं के परिणाम आज



**भोपाल।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा प्रदेश में बोर्ड पैटर्न पर आयोजित कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षाओं का परिणाम के परिणाम 28 मार्च को जारी किए जाएंगे। विद्यार्थी दोपहर 1 बजे के बाद अपने परिणाम देख सकेंगे। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र संचालक हरजिंदर सिंह ने बताया कि विद्यार्थी राज्य शिक्षा केंद्र के वेबपोर्टल पर अपना रोल नंबर/समग्र आईडी डालकर अपने परिणाम देख सकते हैं। इसी पोर्टल पर शिक्षक, संस्था प्रमुख अपनी शाला का परिणाम भी देख सकेंगे। परीक्षाएं 24 फरवरी से 5 मार्च के बीच आयोजित की गई थी।

### भारत में बनेगी स्वदेशी सेमीकंडक्टर चिप



**नई दिल्ली।** भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कई अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने बताया कि भारत की पहली स्वदेशी सेमीकंडक्टर चिप 2025 तक उत्पादन के लिए तैयार हो जाएगी। उन्होंने इस बड़ी उपलब्धि के लिए पीएम मोदी और मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव को बधाई दी। बताया कि राज्य में दो बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण केंद्र एक भोपाल में और दूसरा जबलपुर में विकसित किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने मप्र में 20,000 इंजीनियरों को प्रशिक्षित करने की योजना बनाई है।

**अभी से गर्म तेवर :** खजुराहो रहा सबसे गर्म, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर-उज्जैन में भी बढ़ी गर्मी

# तेज गर्मी झेलने को भी रहें तैयार

*सीजन में पहली बार 7 शहरों में पारा 40 पार 30-31 को चलेगी लू*



*पिछले 2 दिन से प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ा*

*30 से 35 दिन तक चल सकती हैं गर्म हवाएं*

*अगले तीन दिन दो से तीन डिग्री की होगी गिरावट*

*गर्मी इस बार जल्दी से अपने तेवर दिखा रही है। इससे हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ने लगा है। लू के हालात भी बनने लगे हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गर्मी के सीजन का डेढ़ माह गुजरने जा रहा है, जिसके तहत सीजन में पहली बार प्रदेश के सात शहर जमकर तपे। यहां दिन का पारा 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो गया, जबकि खजुराहो में दिन का तापमान खजुराहो में 41.4, दमोह में 40.5, सतना गुना और शिवपुरी में 40.2 सेल्सियस तापमान रिकार्ड किया गया, हालांकि अगले तीन दिनों में प्रदेश भर के सभी शहरों में तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की जाएगी, जिससे आम लोगों को राहत मिलेगी। गुरुवार को नर्मदापुरम में ▶▶ शेष पेज 6 पर



शिवाजी नगर में दोपहर गर्मी के चलते सड़क पर इक्के-दुक्के वाहन नजर आए

### पिछले दो दिनों में बढ़ा दिन और रात का तापमान

पिछले 2 दिन से प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ा है। दिन में तीखी धूप खिल रही है। दूसरी ओर, कई शहरों में पारा सामान्य से 1 डिग्री से 4.5 डिग्री तक अधिक है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत अन्य शहरों में भी दिन का तापमान बढ़ गया है। रात के तापमान में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। कई शहर में रात का पारा 22 डिग्री तक चल रहा है।

### अप्रैल-मई में लू का असर ज्यादा

मार्च के आखिरी दो दिन प्रदेश में लू का असर रह सकता है। इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों में लू का असर रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि मार्च से मई तक 15 से 20 दिन लू चलने का अनुमान है। अप्रैल-मई में लू का असर ज्यादा हो सकता है। इस कारण 30 से 35 दिन तक गर्म हवा चल सकती है।

### इंदौर, ग्वालियर रहेंगे गर्म

इंदौर में मार्च से गर्मी का असर तेज होने लगता है। यहां दिन का पारा 41.1 डिग्री तक पहुंच चुका है। यहां मार्च में 2 से 3 दिन बारिश का भी ट्रैंड है। कभी-कभी धूल भरी हवा की रफ्तार भी तेज होती है। इसी तरह मार्च महीने में ग्वालियर में गर्मी, ठंड और बारिश तीनों का ही रिकार्ड है। इसी तरह भोपाल में मार्च माह में तेज गर्मी और धूल भरी आंधी चलती है। इस बार मार्च माह में मौसम ने तीखे तेवर कम ही दिखाए हैं, जिससे आम लोगों को राहत मिली है। इस बार मार्च के आखिर में दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट हो सकती है। जबकि यह गिरावट अगले तीन दिनों तक बनी रहेगी। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर में पारा 38 डिग्री के आसपास रह सकता है।

**जम्मू** के कठुआ में आतंकियों से मुठभेड़



## गोलीबारी में दो आतंकी ढेर, 3 जवान भी शहीद, सर्चिंग में जुटे पैरा कमांडो

*◆ बचने के लिए एक महिला और उसके पति को आतंकियों ने ढाल बनाया*

एजेंसी ▶▶ कठुआ

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में आतंकियों के साथ मुठभेड़ हुई है, इसमें दो आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया गया है। 3 जवान भी इस ऑपरेशन में शहीद बताए गए हैं। इस समय पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है, माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।

गुरुवार सुबह से ही रुक-रुक कर गोलीबारी का दौर देखा गया है, लगातार आतंकियों के घेरने की कोशिश हुई है। डीएसपी और चार जवान गोलीबारी में घायल हुए हैं। एक जख्मी ▶▶ शेष पेज 6 पर



### आईजी, डीआईजी भी ऑपरेशन में शामिल

*सुफैन के जंगलों में छिपे आतंकियों को ढेर करने के लिए पैरा कमांडो उतारे गए हैं। आईजी भीम सेन टूटी और डीआईजी शिव कुमार और सीआरपीएफ के आला अधिकारी भी मौके पर मोर्चा संभाले हुए हैं। सुरक्षाबलों की तैयारी आतंकियों को अंधेरा ढलने से पहले ढेर करने की रही थी पिछली बार भी अंधेरे का फायदा उठाकर आतंकी सन्याल से भाग निकले थे। इनके खिलाफ चार दिन से सुरक्षाबल जंगल का चप्पा-चप्पा खंगाल रहे थे।*

### आतंकियों को ढेर करने का चलाया ऑपरेशन

*आतंकियों को ढेर करने के लिए भारी संख्या में सुरक्षाबलों ने कठुआ के जुथाना की ओर से घेराबंदी की। बिलावर के धराल्ता और सुंदरीकोट की ओर से भी आतंकियों को घेर लिया गया है। अंबे नाल से होकर आतंकियों के पास छिपने और पहाड़ों की ओर निकलने के लिए कई रूट हो जाएंगे। लिहाजा सीमित घेरे में ही उन्हें ढेर करने का ऑपरेशन चलाया जा रहा है।*

गैलेक्सी हमले पर पहली बार बोले सलमान

## जितनी उम्र लिखी है उतनी तो रहेगी ही न

एजेंसी ▶▶ मुंबई



■ लॉरेंस के गुर्गों ने की थी फायरिंग

बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को बीते कई महीनों से जान से मारने की धमकी दी जा रही है। बीते दिनों उनके घर पर फायरिंग भी हुई। इस पर उन्होंने खुल कर बात की है। सलमान खान ने कहा लॉरेंस बिश्ननोई गैंग की तरफ से जान से मारने की धमकी दी जा रही थी इसलिए, सुरक्षा बढ़ाई और आना-जाना कम करना पड़ा। सलमान खान इन दिनों अपनी फिल्म ▶▶ शेष पेज 6 पर

पुस्तक मेले के दौरान स्कूलों की मनमानी उजागर

## ग्वालियर में दो स्कूलों के प्रिंसिपल के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर



■ निजी प्रकाशकों की किताबों की जानकारी नहीं दी

ग्वालियर जिला प्रशासन की ओर से आयोजित किए गए पुस्तक मेले में दो स्कूल प्रबंधनों को मनमानी भारी पड़ी है। निजी प्रकाशकों की किताबें जानबूझकर उपलब्ध न कराकर मनमानी करने के मामले में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल महाराजपुरा (महाराजपुरा थाना) और अमर पब्लिक स्कूल थाटीपुर (थाटीपुर थाना) के प्राचार्यों पर एफआईआर ▶▶ शेष पेज 6 पर

अंडा विक्रेता के नाम दिल्ली में फर्जी कंपनी

## जीएसटी ने भेजा 6 करोड़ की वसूली का नोटिस, उड़ गए होश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



■ न कभी दिल्ली गया न किसी को पैन या आधार दिया

पथरिया में रहने वाले एक अंडा विक्रेता के नाम दिल्ली में फर्जी कंपनी खुलने का मामला सामने आया है। इस कंपनी ने वहां करोड़ों का कारोबार किया। इसके बाद जीएसटी वसूली करने वाले केंद्रीय उत्पाद व सीमा शुल्क विभाग (सीबीईसी) ने पथरिया के युवक के छह करोड़ रुपए के कर बकाया का नोटिस भेजा तो उसके होश ▶▶ शेष पेज 6 पर

**पीड़िता का आरोप** कई और महिलाओं का किया शोषण

# उत्तराखंड में पदस्थ लेफ्टिनेंट कर्नल पर महिला आरक्षक से दुष्कर्म का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर घटना को दिया अंजाम

लेफ्टिनेंट कर्नल पर मप्र की महिला आरक्षक के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ है। वर्तमान में आरोपी लेफ्टिनेंट कर्नल उत्तराखंड में पदस्थ है। आरोप है कि 2012-13 में आरोपी लेफ्टिनेंट कर्नल भोपाल में पदस्थ था, उसी दौरान उसने महिला आरक्षक के साथ दुष्कर्म किया और बाद में शादी का वादा भी कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि आरोपी ने ऐसे ही 3 से 4 अन्य महिलाओं का शोषण किया है। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। ▶▶ शेष पेज 6 पर

### आरोपी के मिले फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट

पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि आरोपी युवतियों को फंसाने के लिए फर्जी नाम से सोशल मीडिया पर फर्जी नाम से खाते चलाता है। इसके अलावा उसके डेटिंग एप पर भी फर्जी खाते हैं। पुलिस ने जब पीड़िता के आरोपों पर इसकी जांच की तो आरोपी के 2 फर्जी खाते निकले। आर्मी में ये नियम है कि कोई भी सोशल मीडिया खाते नहीं चला सकता लेकिन इसके बावजूद एक लेफ्टिनेंट कर्नल के फर्जी खाते पुलिस को मिले हैं।

**कांग्रेस विधायक** के बयान का उज्जैन में विरोध

# साधु-संत बोले: राक्षस प्रवृत्ति के विधायक का हम वध करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन



राजेंद्र सिंह

सतना जिले के अमरपाटन से कांग्रेस विधायक डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह के साधु-संतों की तुलना सांड से करने पर विवाद छिड़ गया है। उनके बयान के बाद उज्जैन के महामंडलेश्वर, महंत और साधु-संत भड़क गए हैं। संतों ने विधायक के खिलाफ नारेबाजी की। इतना ही नहीं विधायक का सिर काटने और दौड़ा-दौड़ा कर पीटने की बात कही है। दरअसल, कांग्रेस विधायक ने राजेंद्र सिंह बुधवार को सतना में जिला स्तरीय कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा-



भाजपा ने साधु-संत, संन्यासी, बाबा बैरागी और महामंडलेश्वरों को छोड़ दिया जनता के बीच। जाओ हिंदुत्व की बात करो, भाजपा का प्रचार करो, सनातन की बात करो। और ये सांड.. चर रहे हैं दूसरों का खेत। अयोध्या से आए संत शिवदास त्यागी ने कहा कि साधु-संतों को सांड बोला है। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 6 पर

यूका कचरे के ट्रायल रन सफल, मप्र हाईकोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट पेश

# अब पीथमपुर में ही 72 दिन में जलाएंगे पूरा कचरा आपत्तिकर्ता के वकील ने रिपोर्ट पर जताई सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

*अभी तक करीब 270 किलो प्रति घंटे की दर से कचरा जलाया जा रहा*

पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के निष्पादन के ट्रायल रन से किसी तरह का नुकसान सामने नहीं आया है।

मध्यप्रदेश सरकार ने गुरुवार को ट्रायल रन की स्टेटस रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश की। इसमें बताया गया है कि ट्रायल रन पूरी तरह सफल रहा है। अभी तक करीब 270 किलो प्रति घंटे की दर से कचरा जलाया ▶▶ शेष पेज 6 पर



### नियमों का पूरी तरह से पालन हो: कोर्ट

हाई कोर्ट ने सरकार को यह भी आदेश दिए हैं कि जहरीला कचरा जलाने के मामले में नियमों का पूरी तरह से पालन हो। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की निगरानी में यह पूरा कचरा जलाना चाहिए। इधर आपत्तिकर्ता की ओर से भी कोर्ट में वकील पेश हुए जिन्होंने सरकार की रिपोर्ट पर सहमति जताई है।

### हाईकोर्ट ने लिया था स्वतः संज्ञान

आलोक प्रताप सिंह (अब दिवंगत) ने साल 2004 में दायर की गई याचिका में कहा था कि भोपाल गैस त्रासदी के दौरान यूनियन कार्बाइड कंपनी से हुए जहरीले गैस रिसाव में लगभग 4 हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। भोपाल गैस त्रासदी के बाद यूनियन कार्बाइड फैक्टरी में करीब 350 मीट्रिक टन जहरीले कचरा पड़ा है। याचिका में जहरीले कचरे के विनिष्टीकरण की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता की मृत्यु के बाद हाईकोर्ट मामले की सुनवाई स्वतः संज्ञान लेकर कर ▶▶ शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप



### 30 को साउथ अफ्रीका जाएगा रोटरी फ्रेंडशिप एक्सचेंज दल

**भोपाल।** रोटरी इंटरनेशनल के मंडल 3040 के रोटरी फ्रेंडशिप एक्सचेंज कार्यक्रम में भोपाल के रोटेरियन का दल रोटे धीरन दत्ता के नेतृत्व में साउथ अफ्रीका का दौरा करेगा, जो 30 मार्च को प्रस्थान करेगा।

### आगामी त्यौहारों को लेकर प्रभारी मंत्री काश्यप को हिंउस ने सौंपा ज्ञापन



**भोपाल।** 30 मार्च से 6 अप्रैल के मध्य चैत्र नवरात्रि, गणगौर एवं श्री राम नवमी के पर्व हैं। उक्त त्यौहारों की अवधि में शहर में मांस की बिक्री पर रोक एवं मांस की दुकानों एवं स्लाटर हाउस को पूर्णतः बंद रखने एवं मंदिरों के आस-पास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा उचित साफ-सफाई करने के लिए संबंधितों को निर्देशित करने के लिए श्री हिंदू उत्सव समिति भोपाल के प्रतिनिधि मंडल ने प्रभारी मंत्री चेतन काश्यप को ज्ञापन दिया है।

### कांग्रेस नेता आसिफ जकी ने किया रोजा इफ्तार का आयोजन



**भोपाल।** गुरुवार को श्यामला हिल्स में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आसिफ जकी ने रोजा-इफ्तार का आयोजन कियाा, जिसमें सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

# कई साल बाद चैत्र में शनिश्चरी अमावस्या कल, बन रहे षटग्रही युति संयोग शनिदेव कुंभ राशि से मीन में करेंगे प्रवेश... 12 राशियों पर दिखेगा असर

**शनि के साथ ही सूर्य बुध, शुक्र, चंद्रमा और राहु एक साथ मीन राशि में रहेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चैत्र माह की शनिश्चरी अमावस्या 29 मार्च को मनाई जाएगी। कई सालों बाद षटग्रही योग बन रहा है। इस दौरान शनि के साथ ही सूर्य, बुध, शुक्र, चंद्रमा और राहु एकसाथ मीन राशि में रहेंगे। साथ सूर्य ग्रहण का संयोग भी रहने वाला है। हालांकि यह सूर्य ग्रहण यूरोप, उत्तरी रूस, उत्तरी पश्चिमी अफ्रीका में दिखाई देगा। भारतीय समय के अनुसार दोपहर 2.21 बजे स्पर्श, 4.17 बजे मध्य और शाम 6.14 बजे ग्रहण का मोक्ष होगा, लेकिन भारत में दिखाई न देने के कारण इसके सूतक, पातक और धार्मिक मान्यता नियम मान्य नहीं होंगे।

*अमावस्या पर सूर्य ग्रहण भी होगा, भारत में दिखाई न देने से सूतक नहीं माना जाएगा*

*सभी राशियों के लोगों के साथ-देश-दुनिया के सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक परिदृश्य पर बड़ा असर पड़ने वाला है*



### शनिपूजा से होगा लाभ

शनिश्चरी अमावस्या पर पितरों का तर्पण, शनि देव को तेल चढ़ाने से विशेष लाभ मिलेगा। जिन लोगों की कुंडली में शनि की साढ़े साती या ढैया चल रही है, उनके लिए पूजा अत्यंत लाभकारी होगी। यह संयोग अगले तीन दशकों की आधारशिला रख सकता है। राजधानी के शनि मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रहेगी। बोर्ड ऑफिस चौराहा, माता मंदिर, कमला पार्क, 45 बंगला, नेहरू नगर, इंद्रपुरी, सहित अन्य मंदिरों में भगवान शनि का तिल व तेल चढ़ाया जायेगा।

**शनि देव को प्रसन्न करने के उपायः** शनिश्चरी अमावस्या के दिन शनि देव को सरसों का तेल चढ़ाएं. साथ ही काली तिल, काली उड़द, काले कपड़े का दान करें।

**शनि देव के प्रकोप से राहत पाने के लिए खास**

ज्योतिषियों के मुताबिक इस घटना से सभी राशियों के लोगों के साथ-साथ देश-दुनिया के सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक परिदृश्य पर बड़ा असर पड़ने वाला है। यह दिन शनि देव के प्रकोप से राहत पाने के लिए बेहद खास है। शनि मंदिरों में सुबह से रात्रि तक पूजा-पाठ, हवन, आरती भक्तों द्वारा की जाएगी। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे के अनुसार शनिश्चरी अमावस्या पर 29 मार्च को शनिदेव अपना स्थान बदलने जा रहे हैं। वे रात 9.41 बजे कुंभ राशि से मीन में प्रवेश करेंगे। खास बात यह है कि इस दौरान षडग्रही युति संयोग बनने जा रहा।

### यह रहेगा राशियों पर असर

- मेषः खर्च बढ़ेंगे, स्वास्थ्य पर ध्यान दें, विदेश यात्रा।
- वृषभः आय में बाधा, रुके काम पूरे होंगे।
- मिथुनः कार्यक्षेत्र में बदलाव, राजनीति में सफलता।
- कर्कः धार्मिक यात्रा के योग, पिता को कष्ट संभव।
- सिंहः रिसर्च क्षेत्र में अवसर, दुर्घटना से बचाव जरूरी।
- कन्याः व्यापार में लाभ, पार्टनर को लेकर तनाव।
- तुलाः स्वास्थ्य पर ध्यान दें, कोर्ट-कचहरी के योग।
- वृश्चिकः विद्यार्थियों के लिए बदलाव का समय, प्रेम विवाह के संकेत भी।
- धनुः वाहन सावधानी से चलाएं, संपत्ति खरीदने के योग। परिवार में तनाव संभव। पराक्रम से विजय मिलेगी।
- मकरः इस राशि के जातकों के यात्रा के योग बन रहे हैं।
- कुंभः वाणी पर संयम रखें, परिवार में तनाव संभव।
- मीनः चुनौतियां रहेंगी, पराक्रम से विजय मिलेगी।

## पटेल नगर दादाजी धाम परिसर में शिवालय का हो रहा निर्माण

# शिखर पर गंगा, यमुना, सरस्वती और नर्मदा के विग्रह किए जाएंगे विराजमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के रायसेन रोड पटेल नगर स्थित दादाजी धाम परिसर में शिवालय का निर्माण हो रहा है। यह शहर पहला ऐसा मंदिर बन रहा है। इसके शिखर पर पवित्र नदियों गंगा, यमुना, सरस्वती और नर्मदा के विग्रह विराजमान किए जाएंगे। दादाजी धाम की विशेषता यह है कि यहां सनातन धर्म की अलख जगाने वाले कई संतों की पूजा होती है। मंदिर में भगवान शिव के परिवार के साथ द्वादश ज्योतिर्लिंग की स्थापना की जाएगी। मंदिर नागर शैली से बनाया जा रहा है। इसका निर्माण जून 2025 तक पूरा हो जाएगा।

### मकराना के कारीगर बना रहे शिवालय



मंदिर का निर्माण नागर शैली में हो रहा है। 1008 श्री दादाजी गरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरतन नामदेव ने बताया कि परिसर में भगवान शिव परिवार शिवलिंग के अलावा भगवान शंकर जी मूर्ति, पार्वती, को समर्पित मंदिर का निर्माण मकराना से आए कारीगर द्वारा किया जा रहा है।

### चार धाम के दर्शन होंगे

शिखर के चारों ओर पवित्र नदियों मां गंगा, यमुना, सरस्वती और नर्मदा की मूर्तियां स्थापित की जाएगी। इसमें कार्तिकेय और गणेश विराजमान होंगे। दादाजी धाम के पहले से बने मंदिर के शिखर पर चारों धाम के दर्शन होते हैं। जिसमें केदारनाथ, द्वारिका, जगन्नाथ और रामेश्वरम हैं। गर्भगृह की परिक्रमा गैलरी में साईंखेड़ा वाले दादा धूनी वाले, संत वेदव्यास, कबीरदास, मीराबाई, संत नामदेव सहित परमहंसियों मूर्तियां हैं। मंदिर में भगवान गणेश, सीता राम, मां दुर्गा, श्री लक्ष्मी नारायण, राधेकृष्ण हनुमान अर्धनारीश्वर रूप में शंकर भगवान विराजमान हैं।



### गुरु प्रदोष पर बाबा बटेश्वर का चंदन एवं पीले पुष्पों से श्रृंगार

मानव जीवन के समस्त कष्टों की निर्वर्ती एवं मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए गुरुवार को कायस्थपुरा श्री बड़वाले महादेव मंदिर में गुरु प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर का पीले पुष्प एवं चंदन से दिव्य श्रृंगार किया गया। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि प्रदोष काल में पीले चंदन, दूध, भस्म एवं गन्ने के रस से बटेश्वर का रुद्राभिषेक कर प्रदोष काल में चंदन का चेहरा बनाकर पीले फूलों से दिव्य श्रृंगार कर महा आरती की गई। इसके बाद मानव जीवन के आध्यात्मिक कायाकल्प एवं आशीर्वाद की प्रार्थना भी हुई। इस अवसर पर आकाश अग्रवाल, अभिषेक लाला, शिशिर मित्तल, केशव फुलवानी प्रकाश मालवीय आदि उपस्थित रहे।

## शहीद एएसआई गौतम के परिवार के सदस्य को शासकीय सेवा में लिया जाएगा : मुख्यमंत्री

**मऊगंज में ड्यूटी के दौरान हुए थे शहीद**

**शहीद पुलिस उप निरीक्षक के परिवार को प्रदान किया एक करोड़ का चेक**




**विशेष प्रतिनिधि.भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर मऊगंज जिले के गौतम परिवार को व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा के अंतर्गत एक करोड़ रूपए की राशि का चेक प्रदान किया। भारतीय स्टेट बैंक की पुलिस सैलरी पैकेज योजना में पुलिसकर्मियों को दी जाने वाली पूरक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा सुविधा के अनुसार परिवार को यह राशि प्रदान की गई।

### शहीद गौतम के पात्र उत्तराधिकारी को शासकीय सेवा में लेने के निर्देश दिए

डॉ. यादव ने शहीद गौतम के पात्र उत्तराधिकारी को शासकीय सेवा में लेने के निर्देश भी पुलिस महानिदेशक को दिए हैं। डॉ. यादव ने कर्तव्यनिवर्हन के दौरान अपने प्राणों को उत्सर्ग करने वाले पुलिस उपनिरीक्षक रामचरण गौतम की पत्नी श्रीमती पुष्पा को चेक प्रदान करते हुए कहा कि राज्य शासन ने स्व. गौतम को शहीद का दर्जा देते हुए उनके आश्रितों को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की है। मऊगंज जिले के ग्राम गडरा में कर्तव्य निर्वहन करते हुए इस माह पुलिस उप निरीक्षक रामचरण गौतम शहीद हुए थे। मुख्यमंत्री ने स्व. गौतम की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा और इस अवसर पर उपस्थित स्व. गौतम के पुत्र धीरेंद्र और भतीजे सतीश से चर्चा की। डॉ. यादव ने कहा कि विधि का जो विधान था वह हुआ लेकिन राज्य शासन द्वारा स्व. रामचरण गौतम के परिवार को पूरा सहयोग दिया जाएगा।

**बौद्ध विहार में 16 लाख से बनेगा मांगलिक भवनः** भोपाल। चूना भट्टी स्थित बौद्ध विहार में 16 लाख 50 हजार रुपए की लागत से मांगलिक भवन का निर्माण होगा। इसके लिए गुरुवार को निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने साक्य पुत्र सागर भंते के साथ मांगलिक भवन निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया। निगम अध्यक्ष ने बताया कि समाज के सदस्य बौद्ध विहार में मांगलिक भवन के लिए लंबे समय से मांग कर रहे थे।




# जनपद अध्यक्ष की डीजीएम से नोंक-झोंक, कहा, आप यादव पहले, नाम बाद में बताते हो

## डीजीएम ने कहा कि आपकी रिकॉर्डिंग कर दूंगा वायरल ▶▶ हंगामे की भेंट चढ़ी जिला पंचायत में साधारण सभा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांवों की बिजली काटने के मुद्दे पर गुरुवार को जनपद फंदा अध्यक्ष प्रमोद राजपूत और बिजली कंपनी के ग्रामीण डीजीएम पंकज यादव के बीच नोकझोंक हो गई। अध्यक्ष ने कहा कि आप अपने नाम में यादव पहले और नाम बाद में बताते हो, इसका क्या मतलब हुआ। प्रदेश में सीएम यादव हैं, तो आप यादव नाम से डराओगे क्या। जिस पर डीजीएम ने कहा कि आपके व्यवहार और बातचीत की मेरे पास मोबाइल रिकार्डिंग है, जिसे मैं वायरल कर दूंगा। इस पर अध्यक्ष ने कहा कि मैं तो जनता के प्रतिनिधि के नाते लाइट काटने पर आपसे बात करता हूं। इस तरह गुरुवार को जिला पंचायत में साधारण सभा की बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। वहीं अन्य सदस्यों ने अफसरों से नल-जल योजना, सड़क, बिजली सहित अन्य योजनाओं की जानकारी मांगी तो वे सही से नहीं दे पाए।

बैठक में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी सहित अन्य मुद्दों पर बात रखी। जिसे लेकर सदस्यों ने हंगामा करते हुए भ्रष्टाचार और मनमर्जी के आरोप लगाए। बैठक में जिपं अध्यक्ष रामकुंवर नौरंग सिंह गुर्जर, सीईओ इला तिवारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

■ गांवों की बिजली काटने पर भड़के सदस्य



जिला पंचायत की बैठक का एक दृश्य।

### पूरे गांव को मिल रही कुछ लोगों के बिल नहीं भरने की सजा

फंदा अध्यक्ष ने बिजली कंपनी डीजीएम पंकज यादव से पूछा कि उनकी जनपद के गांव की लाइट क्यों काट रहे हैं, लोगों के कनेक्शन क्यों काटे जा रहे हैं। यदि कोई बिल जमा नहीं करता है तो उसकी सजा पूरे गांव को क्यों मिल रही है। आप खुद को मंत्री, सरकार सब कुछ समझते हैं अपने स्तर पर ही निर्णय ले लेंगे। ग्रामीण क्षेत्र में लगातार कटौती से किसान, बच्चे, महिलाएं सभी परेशान हैं, गर्मी में पेयजल नहीं मिल पा रहा है अंधेरे में रहना पड़ रहा है।

### ढाई साल में नहीं बनी डीपीआर

जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन जाट ने पीएचई के अधिकारी संजय सक्सेना को घेर लिया और कहा कि ढाई साल से डीपीआर ही बन रही है। विनय मेहर ने कहा कि पाइप लाइन बिछाकर सड़कें खोदकर छोड़ दी हैं। पंचायतों में हालात बहुत ही खराब हैं। हालात यह हैं कि अधिकारी काम कम हम लोगों का मजाक ज्यादा उड़ाते हैं।

### सीईओ ने पंद्रह दिन में मांगी रिपोर्ट

जिला पंचायत की बैठक में सदस्यों की नाराजगी को देखते हुए जिला पंचायत की सीईओ इला तिवारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पानी, बिजली, सड़क, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी सहित अन्य सभी सुविधाओं से जुड़े कामों को समय-सीमा में तेजी से पूरा किया जाए। अगले 15 दिन में कामों की प्रगति रिपोर्ट पेश की जाए।

---

## खबर संक्षेप

### समर शेड्यूल लागू 30 से हैदराबाद के लिए नई फ्लाइट शुरू होगी

**संतनगर।** समर शेड्यूल जारी होते ही राजा भोज एयरपोर्ट पर भी विमानों की आवाजाही में फर्क पड़ा है। भोपाल से हैदराबाद के लिए देर शाम भी एक और फ्लाइट 30 मार्च से मिलने लगेगी। भोपाल से गोवा के लिए चल रही इंडिगो की फ्लाइट बंद हो रही है। इंडिगो की ही भोपाल से जयपुर फ्लाइट आगामी 1 जुलाई से फिर चलने लगेगी। दिल्ली के लिए चल रही इंडिगो की दिल्ली मार्निंग फ्लाइट के समय में बदलाव भी किया गया है। भोपाल से दिल्ली के लिए पहले, तीसरे और पांचवें रविवार व बुधवार को अतिरिक्त फ्लाइट भी समर सीजन के दौरान चलती रहेगी। अहमदाबाद के लिए एक फ्लाइट मिलेगी। समर सीजन में फ्लाइट्स की संख्या 20 होगी। अभी 19 फ्लाइट्स हैं।

### आरकेएमपी-सहरसा रूट पर चलेगी समर स्पेशल 21 स्टेशनों पर रुकेगी

**भोपाल।** रेलवे की ओर से समर सीजन में यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेन की शुरुआत की है। रानी कमलापति से सहरसा के बीच चलने वाली साप्ताहिक विशेष ट्रेन 13-13 ट्रिप करेगी। रानी कमलापति से सहरसा की ओर जाने वाली ट्रेन संख्या 01663 का संचालन 7 अप्रैल से 30 जून तक होगा। यह ट्रेन हर सोमवार को शाम 4:30 बजे रानी कमलापति स्टेशन से रवाना होगी। नर्मदापुरम में शाम 5:40 बजे और इटारसी में शाम 6:15 बजे रुकेगी। अगले दिन दोपहर 3:15 बजे सहरसा पहुंचेगी।

---

### 3885 लोकेशन पर ऑलओवर बढ़ोतरी को किया कम

# बगरोदा, दौलतपुर, गढ़मुर्रा में नहीं बढ़ेंगे प्रॉपर्टी के दाम, दबाव में 18 से 14 पर आए

### इंडस्ट्रियल एरिया में की गई बढ़ोतरी को लिया वापस, अन्य जगहों पर भी कम किए दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंत्री, सांसद, विधायक, क्रेडाई सहित आम लोगों के विरोध के बाद भी पंजीयन विभाग ने जिले में प्रस्तावित की गई बेतहाशा बढ़ोतरी में बदलाव किया है। ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट को देखते हुए सिर्फ बगरौदा में डेवलप होने जा रहे इंस्ट्रियल एरिया में प्रस्तावित दामों को दबाव में वापस लिया है। इसके साथ दौलतपुरा और गढ़मुर्रा में भी प्रस्तावित बढ़ोतरी को वापस लिया गया है। इसके साथ हलालपुरा में की गई बढ़ोतरी को कम करते हुए 45 सौ से घटाकर 35 सौ रुपए प्रति वर्गमीटर प्रस्तावित किया है। इसके साथ 18 अन्य जगहों पर भी बढ़ोतरी को कम किया जा रहा है, जिससे बढ़ोतरी वाली लोकेशन की संख्या घटकर 1265 हो जाएगी।

गुरुवार को कलेक्टोरेट में रखी गई जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में अफसरों ने प्रस्तावित दामों के बदलाव की जानकारी कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को दी। इस मौके पर समिति के सदस्य और विधायक भगवानदास सबनानी भी मौजूद रहे।

### एक अप्रैल से 1265 लोकेशन पर बढ़ जाएंगी प्रॉपर्टी की कीमत

**हलालपुरा में भी घटाए दाम 45 सौ वर्गमीटर से घटाकर किए 35 सौ रु.**



### सात आपत्तियों पर वापस ली बढ़ोतरी

जिले की 1283 लोकेशन पर प्रॉपर्टी के रेट में बढ़ोतरी के विरोध में 55 लोगों ने आपत्तियां पेश की थीं। जिनकी जांच करने के बाद 11 आपत्तियों को मानते हुए दामों में वापसी की गई है। जिससे आपत्तियों वाली जगहों पर दाम नहीं बढ़ाए जाएंगे। इसके साथ 7 आपत्तियों के आधार पर की गई बढ़ोतरी को कम किया गया है। जबकि 37 आपत्तियों को खारिज कर दिया गया है।

### पंजीयन दफ्तरों में रही भीड़, पांच सौ से अधिक रजिस्ट्री

*गुरुवार को भी शहर के परी बाजार और आईएसबीटी स्थित पंजीयन दफ्तरों में प्रॉपर्टी के खरीदारों की भीड़ जुटी रही। देर शाम तक पांच सौ से अधिक रजिस्ट्री दर्ज की गईं। शुक्रवार को भी पंजीयन दफ्तरों में रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ रहेगी। इसके साथ वर्तमान रेट में रजिस्ट्री कराने के लिए अब चार दिन शेष बचे हैं।*

### दोबारा बिकने पर रजिस्ट्री में छूट

समिति ने पहली बार जिले में प्रॉपर्टी बाजार को ग्रोथ देने तीन साल में दूसरी बार बिकने वाली प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री पर स्टांप में छूट देने का प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को पेश किया है। जिस पर एक साल, दो साल और तीन साल में दूसरी बार बिकने वाली प्रॉपर्टी पर स्टांप में छूट दी जा सकती है। ऐसा करने से रजिस्ट्री कराने वाले व्यक्ति को रजिस्ट्री कराना सस्ता पड़ेगा।

### एक अप्रैल से बढ़ जाएंगे दाम

एक अप्रैल से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में इस बार रिकार्ड बढ़ोतरी की जा रही है। जिससे इन जगहों पर रजिस्ट्री कराने के लिए अधिक राशि खर्च करना पड़ेगी। इसके साथ खरीद फरोख्त में भी प्रॉपर्टी के दाम बढ़ जाएंगे। पंजीयन अफसरों का तर्क है कि इन जगहों पर हायर रेट में रजिस्ट्रियां की जा रही हैं।

### टीलाखेड़ी में 40 लाख को दोगुना 80 लाख किया

राजधानी में दस साल में पहली बार खेती की जमीन के भी दाम बढ़ाए जा रहे हैं। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी टीलाखेड़ी में की गई है, यहां जमीन के दाम वर्तमान में 40 लाख रुपए हेक्टेयर हैं, जिसे बढ़ाकर 80 लाख रुपए हेक्टेयर कर दिया है। इसी तरह नांदनी गांव का रेट 24 लाख था, जिसे बढ़ाकर 50 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर किया है। ईंटखेड़ी छाप में भी 53 लाख को बढ़ाकर एक करोड़ रुपए हेक्टेयर किया है। अगरिया गांव में भी सौ रुपए प्रति वर्गफीट था, जिसे बढ़ाकर 240 किया है। महुआखेड़ा में 260 को 550, दानिश हिल्स कोलार में 1600 से 24 सौ रुपए प्रति वर्गफीट, राजहंस में 1500 को दो हजार, बैरागढ़ चीचली में 11 सौ को 12 सौ, सीएक सिटी तारा सेवनिया में 300 को 400 और तारासेवनिया गांव में प्लॉट का रेट 230 से बढ़ाकर चार सौ रुपए प्रति वर्गफीट प्रस्तावित किया है।

---

### लाइन शिफ्ट, आज से होगी सप्लाई

# ढाई लाख से ज्यादा आबादी को दूसरे दिन भी नहीं मिला पानी करना पड़ी जद्दोजहद


करोंद क्षेत्र में पहुंचा पानी का टैंकर।

**प्रभावित क्षेत्रों में नहीं पहुंचे पानी के टैंकर, शाम को भी नहीं आया पानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के जोन 16 और 17 की करीब ढाई लाख आबादी को पानी के लिए दूसरे दिन भी जद्दोजहद करनी पड़ी। दरअसल, नर्मदा की 600 एमएम व्यास की फीडर लाइन को शिफ्ट करने से बुधवार से पानी की सप्लाई नहीं हुई है। नागरिकों का आरोप है कि निगम ने प्रभावित क्षेत्रों में पानी के टैंकरों से पानी की सप्लाई का कहा था, लेकिन दिन में इक्का-दुक्का स्थानों को छोड़कर कहीं भी पानी के टैंकर नहीं आए। इसके चलते कई नागरिकों ने निजी टैंकरों को खरीद कर काम चलाया।

अधीक्षण यंत्री नगर निगम उदित गर्ग का कहना है कि 24 घंटे का शटडाउन लिया था। फीडर लाइन शिफ्ट हो चुकी है। गुरुवार सुबह तक शटडाउन था, लेकिन शाम को कुछ इलाकों में पानी सप्लाई हुआ है। शुक्रवार से दोनों जोन में पानी की सप्लाई सुचारू रूप से होगी।

### इन इलाकों में पानी के लिए परेशान हुए लोग

रतन कालोनी, कृषक नगर, वकील कालोनी, पंचवटी फेस-दो, राजवंश, पूजा कालोनी, गोया कालोनी, राधाकृष्ण कालोनी, शिवानी होम्स, शांति नगर, पंचवटी फेस-तीन, शिव नगर, जनता नगर, पारस नगर, मुरली नगर, कपिला नगर, विश्वकर्मा नगर, शिव नगर फेस-एक, दो और तीन, नीलकंड कालोनी, शहीद कालोनी, अन्ना नगर, जैन कालोनी, एकता नगर, हाउसिंग बोर्ड आवास, विकास कालोनी, अमन कालोनी, संजय नगर, विवेकानंद, हाउसिंग पार्क, ब्लूमून कालोनी, प्रेम नगर, सुंदर नगर, आशियाना, फिजा, छोला मंदिर, उड़िया बस्ती, गरीब नगर, कल्याण नगर, प्रीत नगर, भानपुर, अटल नेहरू नगर, चांदबाड़ी, शंकर नगर, नवाब कालोनी, नगर निगम कालोनी समेत आसपास के इलाकों के नागरिकों को पानी के लिए गुरुवार को भी परेशान होना पड़ा।

---

### एक सप्ताह में 85 वार्डों का लिया जायजा, हर दिन पांच जोन के इलाकों में पहुंची टीमें

# स्वच्छ सर्वेक्षण टीम ने पूरा किया सर्वे 31 के बाद आएगी जीएफसी की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में स्वच्छ सर्वेक्षण की टीमों ने एक सप्ताह तक विभिन्न इलाकों का निरीक्षण करने के बाद गुरुवार को अपना सर्वे पूरा कर लिया। टीमों ने नगर निगम के जोन 15 और 21 में सुलभ शौचालय, बाजार क्षेत्र, पार्क, तालाब और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इसके बाद वे वापस दिल्ली रवाना हो गईं।

अब जल्द ही गारबेज फ्री सिटी की टीम भोपाल आएगी, जो शहर की सफाई व्यवस्था का फीडबैक लेगी। दिल्ली से आई एसएस टीम ने नगर निगम के सभी 21 जोनों के तहत आने वाले 85 वार्डों का सर्वे किया। सर्वे के दौरान शहर को पांच हिस्सों में बांटकर अलग-अलग टीमों ने सफाई व्यवस्था की जांच की।

हर दिन टीम ने ऑनलाइन पोर्टल पर चिन्हित इलाकों का सर्वे किया और रिपोर्ट अपलोड की। सर्वे के दौरान भानपुर खंती, पार्क, फाउंटेन, सेंट्रल वर्ज, फुटपाथ, मार्केट एरिया, नाले, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, गारबेज ट्रांसफर स्टेशन और सुंदरीकरण कार्यों का जायजा लिया।

### 15 दिन बाद आएगी जीएफसी की टीम

अगला चरण गारबेज फ्री सिटी का सर्वे होगा, जिसमें टीम प्रत्येक वार्ड के 10-10 स्थानों पर जाकर लोगों से सीधे फीडबैक लेगी। यह सर्वे 31 मार्च तक पूरे देश में पूरा किया जाएगा और उसके 15 दिन बाद जीएफसी टीमें मैदान में उतरेंगी। इस सर्वे के आधार पर अर्बन लोकल बाडी की रैंकिंग तय होगी। नगर निगम और सहयोगी एनजीओ ने दावा किया है कि भोपाल इस साल भी स्वच्छता में नंबर वन रहेगा, लेकिन अंतिम नतीजे सर्वे के बाद ही सामने आएंगे।

---

### जब्त नमूनों की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई

# दो दर्जन मिलावटखोरों पर 3 लाख 65 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले में लोगों को मिलावटी मावा, पनीर सहित अन्य खाद्य पदार्थ बेचने वाले 25 मिलावटखोरों पर एडीएम सिद्धार्थ जैन के कोर्ट ने 3 लाख 65 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जब्त किए गए मावा, पनीर, मिठाई, घी सहित अन्य पदार्थों के नमूने की जांच के बाद मिली रिपोर्ट के आधार पर की गई है।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि कोर्ट में 25 प्रकरण पेश किए गए थे। जिनमें सुनवाई करते हुए अपर कलेक्टर ने मिलावट करने वाले व्यापारियों पर तीन लाख 65 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

### इन कारोबारियों पर लगाया जुर्माना

अपर कलेक्टर कोर्ट ने मंगलवारा स्थित महेंद्र मावा भंडार पर 50 हजार, आनंद मावा भंडार पर 25 हजार, अशोक कुमार कुंदनदास पर 30 हजार, मेसर्स दर्शनलाल एंड संस पर 25 हजार, मोतीराम कुंदनदास ग्रेन मर्चेंट पर 25 हजार, पापुलर रिच ब्रेड पर 25 हजार सहित अन्य कारोबारियों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई की है।

---

# सिर्फ 40 मिनट में भर जाएंगे सड़कों के गड्ढे, सिर्फ दस हजार आएगा खर्च


कोहेफिजा क्षेत्र में नई तकनीक इंस्टेंट साल्यूशन का डेमो करते ननि के अधिकारी-कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम ने गुरुवार को एक नई तकनीक इंस्टेंट साल्यूशन का ट्रायल किया, जिससे महज 40 मिनट में सड़क के गड्ढे भरे जा सकते हैं। कोहेफिजा क्षेत्र में इस तकनीक का डेमो किया गया, जिसमें नगर निगम के यांत्रिक विभाग के इंजीनियरों सहित 21 जोन के सहायक यंत्री और उपयंत्री शामिल हुए। इस साल्यूशन को इंदौर की एक कंपनी ने पेश किया था। नगर निगम के इंजीनियरों ने इस तकनीक को गड्ढों को भरने के लिए उपयोग किया। यह साल्यूशन 40 मिनट में पूरी तरह से हार्ड हो जाता है और इसे कंक्रीट और डामर दोनों में इस्तेमाल किया जा सकता है। छोटे, एक-दो फीट चौड़े गड्ढों के लिए यह कारगर साबित हो सकता है, लेकिन बड़े गड्ढों के लिए इसकी उपयोगिता सीमित है। हालांकि, इंस्टेंट साल्यूशन की लागत अधिक है। एक गड्ढे को भरने के लिए लगभग 10 हजार रुपए खर्च करने पड़ेंगे, जबकि मौजूदा पेंचवर्क पद्धति से 100 मीटर की सड़क का सुधार 50 हजार से 60 हजार रुपए में हो जाता है।

---

**पहले यहां पड़ा रहता था कचरा पर अब रहते हैं चकाचक**

# बैकलेन हुए कचरा मुक्त, अब वहां बच्चे खेलते हैं लूडो और सांप सीढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मकानों के पीछे बने बैकलेन जहां पहले कचरा पड़ा रहता था। दिनभर कचरे की बदबू से नागरिकों का जीना मुश्किल हो गया था। वहां अब बच्चे लूडो और सांप सीढ़ी खेलते हैं। जी हां नगर निगम ने शहर के करीब ऐसे 26 से अधिक स्थानों के बैकलेन की सूरत बदली है, जिसकी तस्वीर इस तरह बदल जाएगी। यह वहां के नागरिकों ने कभी सपने में भी सोचा नहीं था।

नगर निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत ऐसे स्थानों का चयन किया और उक्त स्थानों को कचरा मुक्त कर सुंदरीकरण कराया। पेविंग ब्लाक, रंग-रोगन, सुंदर पेंटिंग और बैठने के लिए कुर्सियां व बैंचे रखवाईं। अब वहां बच्चे और युवा लूडो और सांप सीढ़ी समेत अन्य खेलकूद की गतिविधियां कर खुश हो रहे हैं।



### इन स्थानों के बैकलेन की बदली सूरत

नगर निगम ने शहर के 26 से अधिक बैकलेन स्थानों को कचरा मुक्त किया। जिसमें शौर्य परिसर ईदगाह हिल्स, संत कंवर राव कॉलोनी बैरसिया रोड, मांगीलाल जैन स्वीट्स शाहजहांनाबाद, रेतघाट, श्वेता काम्पलेक्स शिवाय रोड, पलकमती नेहरू नगर, अन्नपूर्णा, अपेक्स बैंक कालोनी, बोर्ड कालोनी रविशंकर नगर समेत अन्य इलाकों की बैकलेन कचरा मुक्त किया गया।

---

### पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त कराने के दिशा में उठाया जा रहा यह कदम

**खटारा ऑटो से मुक्त होगी राजधानी, बाहर होंगे करीब डेढ़ लाख पेट्रोल-डीजल चलित ऑटो रिक्शा**

# अब 10 साल पुराने ऑटो को नहीं मिलेगा परमिट परिवहन विभाग जल्द जारी करेगा गाइडलाइन

### सीएनजी किट लगवाकर वाहन में परिवर्तन करवाने के बाद मिल सकेगा परमिट, इनमें व्हीकल ट्रैकिंग डिवाइस भी होगी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में अब विनियमन योजना पर परिवहन विभाग इस नियम को जल्द लागू करने जा रहा है। परिवहन कार्यालय में दस साल पुराने ऑटो के परमिट को लेकर रोक लगाने के संबंध में जल्द ही गाइड लाइन जारी की जाएगी। इसके तहत संचालित दस साल पुराने करीब डेढ़ लाख पेट्रोल-डीजल चलित ऑटो रिक्शा को आरटीओ से परमिट नहीं मिलेगा। यदि ऑटो संचालक चाहेगा कि परमिट मिले, तो उसे सीएनजी किट लगवाकर वाहन में परिवर्तन करवाना होगा। इतना ही नहीं, हर ऑटो रिक्शा संचालक को व्हीकल ट्रैकिंग डिवाइस (व्हीटीडी) लगवाना भी जरूरी होगा। विशेष रूप से महिला यात्रियों के ऑटो रिक्शा में सफर के दौरान नजर रखी जा सकेगी।



### पहले 1000 रु.जुर्माना, फिर निरस्त होगा परमिट

ऑटो रिक्शा नियम विरुद्ध चलता पाए जाने पर उसके खिलाफ जुमाने की कार्रवाई होगी। सबसे कम जुर्माना 1 हजार रुपए होगा। यदि अगली बार भी वह नियम विरुद्ध चलता पाया गया, तो उसका परमिट निरस्त कर दिया जाएगा। इस संबंध में परिवहन विभाग की ओर से ट्रैफिक पुलिस के साथ संयुक्त बैठक की जाएगी। इसके बाद दिशा- निर्देश जारी किए जाएंगे। इसके बाद अब आने वाले दिनों में दस साल पुराने ऑटो पर कार्रवाई की जाएगी।

### पहले चलाया जाएगा जागरुकता अभियान

परिवहन विभाग की ओर से इस दस साल पुराने ऑटो पर कार्रवाई को लेकर विगत दिनों विशेष जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। इससे ऑटो चालकों जागरूक किया जाएगा। विभाग के आला अधिकारियों के अनुसार पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त कराने के दिशा में यह कदम उठाया जा रहा है। हालांकि वर्तमान में 10 साल पुराने ऑटो की संख्या कम है। अधिकांश सीएनजी या ई रिक्शे ही संचालित हो रहे है।

## खबर संक्षेप



### 7 दिवसीय शिव महापुराण कथा का समापन

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर के महावीर कालोनी में एक सप्ताह से चल रही शिव महापुराण कथा गुरुवार को सम्पन्न हुई। कथा वाचक आचार्य नरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए ईश्वर से दैवीय आशीर्वाद की प्राप्ति पर जोर दिया और माता-पिता के प्रति संतान के कर्तव्यों पर विचार साझा किए। उन्होंने कहा कथा श्रवण के लिए पंडाल में जितना समय बिता रहे हो, यह भी तप है। कथा समापन के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को रूद्राक्ष का भी वितरण किया गया।



### 203 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ले रहीं ट्रेनिंग

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की पहल पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम का प्रशिक्षण शुरू हो गया है। राजीव गांधी शिक्षा महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण में प्रथम चरण में 203 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। परियोजना समन्वयक गिरीश चौहान के अनुसार, यह कार्यक्रम मिशन सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 का हिस्सा है। इसका उद्देश्य 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित करना है।

### वार्ड 4 में सीसी रोड का किया भूमिपूजन



**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे, पार्षद प्रमोद सेन, पार्षद सुनील सेरिया, पार्षद दीपेश परमार, पार्षद राजेंद्र साहू और पार्षद प्रतिनिधियों द्वारा गुरुवार को वार्ड 4 में सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान सोनू चौकसे, पूर्व मंडल अध्यक्ष मंजू खटीक, सुंदरलाल राय, कल मल्होत्रा, नितेश सोलंकी, दिनेश वैष्णव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजकुमार शर्मा, महेश मीणा, समयपाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### 70 का होगा निःशुल्क यूरोलॉजी ऑपरेशन



**संतनगर।** संत हिरदाराम नगर स्थित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में चल रहे 100वें निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर में अब तक 536 रोगियों ने इलाज के लिए पंजीयन कराया है। मरीजों के परीक्षण में डॉक्टरों को मूत्र व्याधियों से पीड़ित कुल 70 मरीज मिले हैं। चिन्हित रोगियों को ऑपरेशन के लिए भर्ती किया जाएगा। रोगियों के ऑपरेशन 28 से 30 मार्च तक किए जाएंगे।

### जिला बदर का उल्लंघन करता बदमाश गिरफ्तार

**भोपाल।** निशातपुरा पुलिस ने जिला बदर का उल्लंघन कर रहे आरोपी अभिषेक उर्फ लक्की कुशवाह को गिरफ्तार किया है। लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के कारण आरोपी के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई थी। उसे चार महीने के लिए जिले और आसपास की सीमाओं से दूर रहने की हिदायत दी गई थी। बावजूद इसके आरोपी भोपाल में रह रहा था।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2738 | | |
| दिन: | 890 | 79 | 289 |
| रात: | 778 | 20 | 578 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 149 | 43 | 157 |
| रात: | 469 | 97 | 188 |

## संतनगर में ग्यारह हजार से अधिक श्रोताओं ने 'एक शाम सिंधियत के नाम' कार्यक्रम का लिया आनंद, सिंधी व्यंजनों का उठाया लुत्फ

मुंबई से आईं बबीता और गायक जतिन उदासी ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

◆ मुनमुन दत्ता ने कहा- मुझे यहां की हरियाली, बड़ा तालाब बहुत ही अच्छा लगा

◆ कलाकारों ने नॉन स्टॉप 1 घंटे तक परफॉरमेंस देकर पूरा माहौल खुशनुमा बना दिया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

जगमगाती रंगबिरगी लाईट और एक लाख वॉट का म्यूजिक सेटअप के बीच स्वागत गार्डन में अपने पसंदीदा कलाकारों का इंतज़ार करते दस हजार से अधिक लोग, गार्डन के अंदर और बाहर फूड जोन में लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाते सिंधी समाज के लोग एक शाम सिंधियत के नाम कार्यक्रम में नजर आए। कार्यक्रम में युवाओं के चहेते सिंगर जतिन उदासी भी पहुंचे और बोले- आई लव यू भोपाल... भोपाल बहुत प्यारा शहर है। मुझे यहां बार-बार आना होता है, उसके बाद जतिन ने एक से बढ़कर एक धमाकेदार परफॉरमेंस से संगीतमय संध्या में समा बांध दिया।

### डमरू वादकों ने आरती कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

सिंधु सेना के अध्यक्ष राकेश कुकरेजा द्वारा गुरुवार को एक शाम सिंधियत के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डमरू वादकों द्वारा भगवान झूलेलाल की आरती से की गई। उसके बाद रेड कार्पेट पर धमाकेदार एंट्री के साथ बबीता जी (मुनमुन दत्ता) का आना हुआ। कार्यक्रम में बैठे सभी लोगों ने बबीता जी, बबीता जी, कहकर उनका स्वागत किया। बबीता ने भी मंच से सभी लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। मुंबई से आई मशहूर कलाकार मुनमुन दत्ता ने कहा मैं पहली बार भोपाल आई हूं। मुझे यहां की हरियाली, बड़ा तालाब बहुत अच्छा लगा। यहां आ कर सिंधी पकवान खाए, जिनका स्वाद शायद ही कभी भूल पाऊं। उसके बाद नॉन स्टॉप 1 घंटे तक अपनी परफॉरमेंस देकर पूरा पूरा माहौल खुशनुमा कर दिया।

### गुजरात के कलाकार मंकी मैन ने किया मनोरंजन

इस अवसर पर भोपाल के सांसद आलोक शर्मा ने भी उपस्थित होकर सिंधी समाज को भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चैती चांद की अग्रिम शुभकामनाएं दी। आलोक शर्मा ने राकेश कुकरेजा और उनकी पूरी टीम को सिंधियत के इस समागम के सफल आयोजन की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में गुजरात के कलाकार मंकी मैंन (जैकी वाधवानी) ने भी लोगों का भरपूर मनोरंजन करवाया। पारिवारिक वातावरण में लोगों ने स्वादिष्ठ व्यंजन एवं फायर शो का भी भरपूर आनंद लिया।

## एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित जोन वन के होटल का मामला

# शूटिंग के लिए मुंबई से भोपाल आए मेकअप आर्टिस्ट की होटल में मौत

**पुलिस का अनुमान, हार्ट अटैक से हुई मौत, पीएम रिपोर्ट का इंतजार**

◆ एमपी नगर जोन वन स्थित होटल में रुके हैं करीब डेढ़ दर्जन लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित जोन वन के होटल में मेकअप आर्टिस्ट की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वे फिल्म की शूटिंग के लिए मुंबई से भोपाल टीम के साथ आए थे। सीने में दर्द उठने के कारण अनुमान लगाया जा रहा है कि उन्हें हार्ट अटैक आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद मुंबई रवाना कर दिया है। पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार सलीम शेख (55) मुंबई के थे। वह मशहूर मेकअप आर्टिस्ट थे। इन दिनों भोपाल शहर में 64 नामक फिल्म की शूटिंग चल रही है। शूटिंग के लिए मुंबई से कलाकारों की टीम भोपाल आई है। इस टीम के करीब डेढ़ दर्जन लोग एमपी नगर जोन वन स्थित होटल में रुके हुए हैं। गुरुवार तड़के शूटिंग पर जाने के लिए पूरी टीम तैयार हो गई थी। टीम के साथ सलीम भी जाग गए। बिस्तर से उठने के बाद जब वे बाथरुम की ओर जाने लगे, तभी वे अचानक सीने में दर्द उठने से बेसुध होकर गिर गए। साथी कलाकार तत्काल ही उन्हें इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचे, यहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुरुआती तौर पर माना जा रहा है कि साइलेंट अटैक आने के कारण उनकी मौत हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाई।

### शराब नहीं पिलाने पर छुरी से किया हमला

ऐशबाग इलाके में शराब नहीं पिलाने पर एक युवक पर बदमाश ने छुरी से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाला शिव अग्रवाल मजदूरी करता है। गत दिवस दोपहर करीब साढ़े बारह बजे वह सुभाष नगर फाटक ब्रिज के नीचे छांव में सोया हुआ था। इसी दौरान अर्जुन नगर में रहने वाला बिलाल पहुंचा और शराब पिलाने की जिद करने लगा। शिव ने उसे शराब पिलाने से मना किया तो वह गाली-गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर बिलाल उसके साथ मारपीट पर उतारू हो गया। शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे, लेकिन उसके पहले बिलाल ने छुरी निकालकर उसके मुंह पर मार दी, जिससे खून निकलने लगा। लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह उसे अलग किया। घटना के बाद शिव अग्रवाल थाने पहुंचा, जहां पुलिस ने मेडिकल कराने के बाद आरोपी बिलाल के खिलाफ चाकूबाजी का मामला दर्ज कर लिया।

### कचरे के ढेर में मिले नवजात की मौत

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित पीले क्वार्टर, प्राइमरी स्कूल के पास गत 22 मार्च शनिवार सुबह कचरे के ढेर में पड़े मिले नवजात की इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार को उसकी तबीयत सामान्य थी, लेकिन कचरे में पड़े होने के कारण संक्रमण के कारण उसकी हालत नाजुक होने लगी। उसे ऑब्जर्वेशन में रखा गया था और बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब दो बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि बच्चे को फेंकने वाली मां की तलाश की जा रही है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और इलाके की एएनएम से गर्भवति महिलाओं की जानकारी जुटाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि ड्राइवर मुश्ताक खान 22 मार्च की सुबह कार से जा रहे थे। पीली क्वार्टर प्राथमिक शाला के पास उरुके, इसी बीच उन्हें कचरे के ढेर में बच्चा बोरी में लिपटा हुआ दिखा था।

## बेटे ने पत्नी और बहन के साथ मिलकर सौतेली मां को बंधक बनाकर पीटा

जमीनी बंटवारे को लेकर चल रहा था विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव सगौनी में जमीनी विवाद को लेकर बेटे ने अपनी पत्नी और बहन के साथ मिलकर सौतेली मां के साथ मारपीट कर दी। आरोपियों ने उनसे कमरे में बंद कर मारपीट की थी। पुलिस ने सौतेली मां की शिकायत पर बेटा बहू और बेटी पर मारपीट समेत बंधक बनाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि सीमा ठाकुर पति मदन सिंह ठाकुर (46) गांव सगौनी, बैरसिया में रहती हैं। मदन सिंह ठाकुर की सीमा दूसरी पत्नी है। मदन सिंह की पहली पत्नी के चार बच्चे हैं। तीन बेटियां और एक बेटा। सीमा ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि मदन सिंह की जमीन को लेकर बच्चों का विवाद चल रहा है। विवाद पर मदन सिंह जमीन का बंटवारा करने के लिए तैयार हो गए। उन्होंने जमीन के दो हिस्से किए और बच्चों में बांटने की बात कही। एक हिस्सा सीमा के बेटे नमन के हिस्से में आ रहा है, जबकि दूसरा हिस्सा सूरज ठाकुर, गीता ठाकुर और उसकी दो अन्य बहनों के हिस्से में आ रहा है। इसी बात को लेकर सूरज का सीमा से विवाद हो गया। सूरज का कहना था कि जमीन के अलग अलग हिस्से हो और सभी बहन भाइयों को बराबर का हिस्सा मिले। जमीन के हिस्से की बात को लेकर घर में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर सूरज ने अपनी पत्नी चंदा ठाकुर और बहन गीता के साथ मिलकर सीमा को कमरे में बंधक बना लिया और उससे मारपीट कर दी।

## सहज योग कार्यशाला में 3,000 से अधिक लोगों ने लिया भाग

राजधानी के सुदर्शन चक्र कोर में तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सुदर्शन चक्र कोर ने तीन दिवसीय भोपाल सैन्य स्टेशन पर एक विशेष सहज योग कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 3000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इनमें सेवारत अधिकारी, सैनिक, परिवार और आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्र शामिल थे। कार्यशाला का संचालन सहज योग ट्रस्ट, पुणे के समन्वयक ब्रिगेडियर पीएस शिओडे (सेवानिवृत्त) ने किया। यह तीन दिनों में तीन अलग-अलग स्थानों पर सुबह और शाम को आयोजित की गई, ताकि अधिक से अधिक लोग शामिल हो सकें।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य सहज योग तकनीकों के माध्यम से समग्र कल्याण को बढ़ावा देना था, जिससे प्रतिभागियों को आंतरिक शांति, भावनात्मक संतुलन और आध्यात्मिक जागृति का अनुभव हो सके। निर्देशित ध्यान और आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से उपस्थित लोगों ने अवचेतन शक्ति और समग्र कल्याण को बढ़ाने में सहज योग की परिवर्तनकारी शक्ति की खोज की।



## मंडीदीप वैश्य महासम्मेलन की जिला इकाई ने सीएम का किया अभिनंदन

**वैश्य समाज के सशक्तिकरण पर दिया जोर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में वैश्य महासम्मेलन की जिला इकाई द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री का अभिनन्दन किया गया। जिला अध्यक्ष विनोद जैन के नेतृत्व में प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव का अभिनंदन राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान किया गया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष विनोद जैन ने वैश्य समाज के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि समाज को संगठित होकर देश की उन्नति में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी दूरदृष्टि और समावेशी नीतियों से सभी वर्गों को समान अवसर मिल रहे हैं। इस दौरान समाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री मनीष जैन, राजीव जैन, संयम जैन, राजेश जैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


### चैती चांद पर 30 मार्च को निकलेगी शोभायात्रा




**औबेदुल्लागंज।** श्री झूलेलाल जयंती एवं चैती चांद की तैयारियां जोरों पर चल रही है। 30 मार्च रविवार को शाम 5 बजे श्री राम मंदिर से शोभा यात्रा निकलेगी, जो श्री झूलेलाल मंदिर पर समापन होगी। सुबह 11 बजे से वरुण देव की पूजन करने के बाद दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक भंडारा आयोजित किया जाएगा। पूज्य सिंधी समाज पंचायत औबेदुल्लागंज के अध्यक्ष रमेश वासवानी, उपाध्यक्ष भूरालाल, कोषाध्यक्ष साजन वासवानी, सचिव रतन मेधानी, व्यापार महासंघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, पंकज नागरानी, सोनू वासवानी, रवि वासवानी आदि ने बताया कि पूज्य सिंधी समाज के श्री झूलेलाल मंदिर महावीर कॉलोनी में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## साप्ताहिक बाजार में ठेले वालों से वसूल रहे 200 से 500 रुपए

**औबेदुल्लागंज।** नगर के साप्ताहिक बाजार में कुल्फी, चार्ट, चाऊमीन और हाथ ठेले लगाकर धंधा करने वालों को अतिक्रमण करना बताकर नगर परिषद के कर्मचारियों ने 200 से 500 रुपए का चालान काट कर रसीद थमा दिया है। गरीब तबके के लोग साप्ताहिक बाजार के दिन गुरुवार को बाजार में अपनी दुकानें लगाई थी। ज्ञात हो कि मध्य प्रदेश सरकार ने बाजार बैठकी लेना बंद करवा दिया है। इसके बावजूद औबेदुल्लागंज नगर परिषद लगातार बजार में दुकान लगाने वाले गरीब दुकानदारों से उगाई कर रही है। कुछ पार्षदों ने कहा कि इस अवैध वसूली की शिकायत विधायक सुरेंद्र पटवा से करके साप्ताहिक बाजार में हो रही अवैध वसूली बंद करने की मांग करेंगे।






### रमजाम के आखिरी जुमे पर मस्जिदों में विशेष तैयारी

**औबेदुल्लागंज।** आखिरी जुम्मे पर नमाज को लेकर हिरानियां, अर्जुन नगर एवं मैन चौराहे की मस्जिदों में विशेष तैयारी की गई है। गुरुवार को 26वां रोजा रखा गया। मस्जिदों में बड़े एतिकाफ में इबादत कर रहे हैं, जबकि महिलाएं घरों में इबादत में रहीं हैं। वहीं बाजारों में ईद की खरीदारी करने वालों की भीड़ बढ़ गई है। सदर गुड्डू मियां, उप सदर सलीम, पार्षद सना आमिर ममनून, राजा सिद्दीकी, सगीर, अफसर, अकिल मियां, नफीस, आमीन, सुहेल सिद्दीकी, मोहमूद बेग, सोहल, रईस खान, आसिफ आदि ने बताया कि इफ्तार दावतों का दौर भी जारी है। रमजान के आखिरी दिनों में लोग ज्यादा से ज्यादा वक्त इबादत में बिता रहे हैं।

## आंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसाइटी के सुनील को फिर अध्यक्ष नियुक्त किया



**औबेदुल्लागंज।** सामाजिक सस्था आंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसाइटी के 5 वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से सुनील सेरिया को फिर से अध्यक्ष चुना। संगठन के उद्देश्यों को देखते हुए यह चुनाव महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अध्यक्ष चुने जाने के बाद सुनील सेरिया ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संस्था के सभी सदस्यों को धन्यवाद देता हूं, मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संस्था के उद्देश्यों को आगे बढ़ने का प्रयास करूंगा और यह कार्य आप सभी सदस्यों के सहयोग से ही संभव हो सकता है। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक राजेंद्र साहू गुड्डू भैया, उपाध्यक्ष सुनील बाल्मीकि, उपाध्यक्ष सौरभ मालवीय, अमित श्रीवास्तव, भूपेंद्र मेहरा, उपेंद्र मलवीय, सचिन चौधरी, अनिल झागरे, मनोज चंदन, मनोज दरबार, रघुवीर चौधरी, रॉकी सरसवाल, भवानी पवार, कन्हैया धुर्वे, संजय झारिया आदि ने बधाई दी।

**नारकोटिक्स विंग का नेटवर्क तोड़ने पर फोकस**

## 2 साल में मादक पदार्थों की तस्करी के केस दस प्रतिशत तक ज्यादा बढ़े, वहीं बरामदगी 20 फीसदी तक पहुंची

◆ विगत दो साल के दौरान की गई कार्रवाई के आंकड़े जारी किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में मादक पदार्थों के तस्करी के दौरान दो सालों में केस दर्ज होने की संख्या 10 फीसदी तक बढ़ी है। वहीं विगत 1 साल में मादक पदार्थों की बरामदगी 20 फीसदी तक पहुंची है। याह खुलास मप्र पुलिस की नारकोटिक्स विंग द्वारा जारी विगत दो साल के दौरान की गई कार्रवाई के आंकड़ों के आधार पर हुआ है। अब पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी और उससे जुड़े लोगों का नेटवर्क तोड़ने के लिए कई प्रकार के काम कर रही है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अब एनडीपीएस एक्ट की धारा 65 के तहत इन समाज विरोधी तस्करों के फरार होने पर उनकी संपत्तियों को जब्त करने के साथ-साथ उनके बैंक खाते भी सील कर रही है। इन तस्करों पर फेमा एक्ट के तहत भी कार्रवाई कर उनकी जब्त प्रॉपर्टी नीलाम कर उसका पैसा सरकारी खजाने में जमा कराने की शुरुआत हो गई है।

आंकड़ों पर नजर डाले तो पिछले एक साल के दौरान जहां तस्करी के मामलों में दस फीसदी तक का इजाफा हुआ है, वहीं जब्त किए गए मादक पदार्थों की मात्रा बीस फीसदी बढ़ गई है। 2023 में प्रदेशभर में जहां जब्त किए गए मादक पदार्थों की कुल मात्रा 61698.470 किग्रा थी, जो 2024 में बढ़कर 82645.179 किग्रा हो गई है।

पिछले दो साल के आंकड़ों पर गौर करें तो 2023 में जहां मादक पदार्थों की तस्करी के साल में कुल 3740 केस दर्ज हुए थे, वहीं 2024 में इसकी संख्या बढ़कर 4246 हो गई। इन मामलों में आरोपी बनाए गए तस्करों की संख्या का ग्राफ बढ़ा है। 2023 में जहां आरोपियों की संख्या 4784 थी, वह 2024 में बढ़कर 5336 हो गई।

### नेटवर्क तोड़ने का काम कर रही पुलिस

*पुलिस मुख्यालय की नारकोटिक्स शाखा के एडीजी केपी वेंकटेश्वर राव का कहना है कि मादक पदार्थों के तस्करी में लिप्त लोगों का नेटवर्क तोड़ने पर पुलिस काम कर रही है। यही वजह है कि मादक पदार्थों की जब्ती के मामले लगातार बढ़ रहे है। पुलिस ने विगत दो साल में ज्यादा प्रभावी कार्रवाई की है।*

## गांधी सागर पाइपलाइन के गोदाम में लगी भीषण आग

15 किमी दूर तक दिखा धुएं का गुबार

**मंदसौर के शक्करखेड़ी गांव में 50 हजार से ज्यादा पीवीसी पाइप जलकर राख**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी सागर झील से मंदसौर जिले में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत बिछाई जा रही पाइपलाइन के प्लांट में बड़ा हादसा हो गया। गुरुवार शाम को प्लांट में अचानक भीषण आग लग गई। इस भीषण आग में शामगढ़ और सीतामऊ क्षेत्र के खेतों में बिछाई जा रही पाइपलाइन के गोदाम में रखे 50 हजार से ज्यादा पीवीसी पाइप जलकर राख हो गए। घटना नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम शक्करखेड़ी गांव की है।

इस योजना के ठेकेदार ने पीवीसी पाइप गोडाउननुमा खुली जमीन में जमा रखे थे] जहां शाम 5 बजे के आसपास अज्ञात कारण से लगी आग ने चंद मिनट में विकराल रूप ले लिया। इस आग का धुंआ करीब 15 किलोमीटर दूर तक नजर आया। घटना की जानकारी मिलने पर नाहरगढ़, शामगढ़, सीतामऊ और नारायणगढ़ का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। आसपास की नगर परिषदों के दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन गोदाम में भारी मात्रा में पीवीसी पाइप होने के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। दमकल कर्मियों को काबू पाने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। एसपी अभिषेक आनंद ने बताया कि घटनाक्रम के बाद बचाव के लिए मौके पर पुलिस बल पहुंचा है। किसी जनहानि की सूचना नहीं है। पुलिस आग लगने के कारण की जानकारी जुटा रही है।



# हजारों बहनों के सामूहिक विवाह में शामिल होना अद्भुत अनुभव

## मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा बेटी दे रहा हूं, गड़बड़ हुई तो जवाबदारी तुम्हारी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि झाबुआ में एक साथ लगभग दो हजार और अलीराजपुर में 1369 जोड़ों के सामूहिक विवाह में शामिल होने का आनंद अदभुत और अविस्मरणीय है। उन्होंने नव-विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए सभी के मंगलमय और सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। डॉ. यादव ने कहा कि बेटों मैं अपनी बेटी दे रहा हूं, कोई गड़बड़ मत करना। सारी जवाबदारी तुम्हारी होगी।

उन्होंने मुख्यमंत्री सम्मेलन में कुछ जोड़ों को प्रतीकात्मक रूप से 49-49 हजार की राशि के चेक भी प्रदान किए। डॉ. यादव ने कहा कि मनुष्य जीवन के 16 संस्कारों में से पाणिग्रहण संस्कार गृहस्थ जीवन में प्रवेश के लिए महत्वपूर्ण संस्कार है। इसमें 7 फेरों से 7 वचनों को पूरा कर सात जन्मों तक बंधन में बंधते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, निकाह सम्मेलन में शामिल जोड़ों को विवाह और निकाह की बधाई देते हुए सभी के जीवन में खुशियों की कामना की। डॉ. यादव झाबुआ और अलीराजपुर में सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे।

**मुख्यमंत्री ने झाबुआ में दो हजार जोड़ों को दिया आशीर्वाद**

**कुछ जोड़ों को प्रतीकात्मक रूप से दिए कन्यादान राशि के चेक**




### सीएम ने कहा, पेयजल एवं सिंचाई के लिए बनाएंगे बैराज

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झाबुआ जिले के निवासियों को सौगात देते हुए कहा कि राणापुर क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई की समस्या के निराकरण के लिए भांडाखेड़ा बैराज, नागन खेड़ी, गलती, छायण, झालरवा, बुदाशाला और कल्लीपुरा में बैराज बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से संबद्ध झाबुआ में मेडिकल कॉलेज भी बनाया जाएगा। झाबुआ के विकास के लिए सभी कार्य किए जाएंगे। डॉ. यादव ने कहा कि किसी भी वर्ग को विकास की दौड़ में पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप सबका साथ लेकर सबका विकास किया जाएगा, जिसमें सबके प्रयास और सबका विश्वास शामिल रहेगा।

### विशाल विवाह समारोह जिले के लिए सौभाग्यः मंत्री भूरिया

महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि जिले के लिए सौभाग्य है कि स्वयं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आकर बहनों को आशीर्वाद प्रदान किया। प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि झाबुआ में आयोजित लगभग 2000 जोड़ों के सामूहिक विवाह में सम्मिलित होकर मन आनंदित हो गया हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंत्री सुश्री भूरिया ने जनजातीय जैकेट 'झूलड़ी' पहनाकर, साफा बांधकर एवं तीर कमान भेंट कर स्वागत किया।

### नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे हीरा व्यवसाय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अलीराजपुर में पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए भी कई अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि 10 से अधिक गायों के पालन करने वाले पशुपालकों को विशेष अनुदान दिया जाएगा। दुग्ध उत्पादकों को प्रति लीटर दूध पर 5 रुपए का बोनस देने की घोषणा की गई। डॉ. यादव ने कहा कि अलीराजपुर के विकास के लिए विशेष योजना बनाई गई है। यहां हीरा उद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा। स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के लिए नए उद्योग स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के लिए गुजरात न जाना पड़े। इस वजह से हीरा उद्योग में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रदेश में हीरा व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।



### अलीराजपुर में 1369 जोड़ों को दिया आशीर्वाद

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव झाबुआ के बाद अलीराजपुर पहुंचे और वहां आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में 1369 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अलीराजपुर में हीरा उद्योग को बढ़ावा देंगे। यहां मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में 220 केवी का नया ग्रिड स्थापित करने की घोषणा की। इसके साथ ही नर्मदा नदी के किनारे घाट निर्माण और एक नए स्टेडियम के निर्माण की भी घोषणा की। किसानों के लिए बड़ी राहत देते हुए सरकार ने गेहूं की खरीद 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से करने का ऐलान किया।*

## सांसद शर्मा ने लोकसभा में उठाया मुद्दा

# पन्ना, कटनी, खजुराहो में स्वीकृत हुए 25,730 प्रधानमंत्री आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने गुरुवार को लोकसभा में केन्द्र सरकार द्वारा गरीबों को दिए जा रहे पक्के आवास का मुद्दा उठाया। शर्मा ने जानना चाहा कि मध्यप्रदेश और खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिलों में कितने प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए है। प्रश्न का जवाब देते हुए केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने बताया कि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 9,61,147 आवास स्वीकृत किए गए हैं। जबकि पन्ना एवं कटनी जिलों तथा खजुराहो नगर में 25,730 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं। शर्मा ने पूछा था कि पन्ना, कटनी जिलों और खजुराहो नगर में वंचित और शेष ईडब्लूएस, शहरी गरीबों को योजना का लाभ प्रदान के प्रयास किए जा रहे हैं?



### 10607 आवास बनकर तैयार हो चुकेः साहू

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने बताया कि यह योजना मांग आधारित है। इसका आशय यह है कि विभिन्न राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों से जितनी मांग आती है, उसके अनुसार आवास स्वीकृत किए जाते हैं। मप्र में इस योजना के अंतर्गत 9,61,147 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें में से 8,52,134 का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू ने बताया कि पन्ना जिले में कुल 14229 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 10607 आवास बनकर तैयार हो चुके हैं। इन आवासों के लिए 214.04 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें से 188.87 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। कटनी जिले के लिए 10,413 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 9519 बनकर तैयार हैं। कटनी जिले में योजना के अंतर्गत कुल 162.41 करोड़ की केंद्रीय सहायता स्वीकृत की गई थी, जिसमें से 150.53 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। खजुराहो नगर में इस योजना के अंतर्गत 1088 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 982 बनाए जा चुके हैं।*

### सीएम ने स्व. दुबे के परिजनों को दी चार लाख की सहायता



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को फोटो जर्नलिस्ट स्वर्गीय देवेंद्र दुबे के कोलार स्थित निवास पर पहुंचे। इस दौरान सीएम ने स्व. दुबे को श्रद्धांजलि दी। डॉ. यादव ने परिजनों को सांत्वना दी और 4 लाख रुपए आर्थिक सहायता का स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

## जिला न्यायालय भवन कार्य की मंत्री सिंह ने की समीक्षा

# रोजाना तीन शिफ्टों में निर्माण कर सीसीटीवी कैमरों से करें निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तय समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ निमार्णाधीन जिला न्यायालय भवन का निर्माण सुनिश्चित करने के लिए रोज तीन शिफ्टों में निर्माण कार्य किया जाएं। साथ निर्माण कार्यों की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएं। यह निर्देश लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने गुरुवार को राजधानी में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर इंदौर में निमार्णाधीन जिला न्यायालय भवन की प्रगति की समीक्षा की और समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान प्रमुख अभियंता भवन एसआर बघेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने कहा कि इंदौर जिला न्यायालय भवन हमारे लिए उच्च प्राथमिकता का विषय है। उन्होंने निर्देश दिए की इस परियोजना के लिए नियुक्त एसडीओ और सब इंजीनियर पूर्णकालिक रूप से केवल इसी पर कार्य करेंगे।



### आवश्यक तैयारियां करने के दिए निर्देश

*निर्माण कार्य में अवरोध की स्थिति ना बने, इसके लिए पहले से आवश्यक तैयारियां की जाएं। मंत्री सिंह ने निर्माण स्थल पर स्थापित प्रयोगशाला में सभी आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए, ताकि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का समुचित परीक्षण किया जा सके।*

## मोर्चा खोलेगी कांग्रेसः पटवारी

# हरीश बोले, किसानों, महिलाओं, युवाओं का भविष्य चौपट कर रही है मप्र सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





प्रदेश के रीवा में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस के मध्यप्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं, किसानों और युवाओं का भविष्य चौपट हो रहा है। महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान देने में प्रदेश सरकार नाकाम हैं।

किसानों के साथ अन्याय और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना इस सरकार की दिनचर्या बन गई है। कांग्रेस इन वर्गों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ेगी और उनको उनका हक अवश्य दिलाएगी।

कार्यक्रम में मौजूद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी, स्वर्गीय अर्जुन सिंह, डॉ. राजेन्द्र सिंह, अजय सिंह जैसे नेताओं के संघर्ष और जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़कर उनका हक दिलाने से विंध्य की पहचान है।

### किसानों के साथ अन्याय

*पटवारी ने कहा कि लोकतंत्र का तकाजा है कि किसानों के हित में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को जाना भी देना पड़े तो वे पीछे नहीं हटेंगे। मप्र सरकार लैंड पूलिंग एक्ट के तहत किसानों की जमीन हड़पना चाहती है। सरकार ने 50 हजार रुपए स्क्वेयर फीट वाली जमीन 100-200 रुपए के हिसाब से खरीदी, बिना मुआवजा दिए सरकार ने किसानों की जमीन ले ली। यह किसानों के साथ अन्याय और धोखा है। कांग्रेस पार्टी भाजपा के इस मंसूबे को पूरा नहीं होने देगी, किसानों की जमीन हड़पने के मामलों को लेकर सिंगरौली से सरकार के खिलाफ बिगुल बजाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि गूगल में सर्च करो तो प्रदेश में भाजपा के 10 रेपिस्ट नेताओं के नाम सबसे ऊपर आएंगे।*



# छोटे तालाब में 35वीं केनो स्प्रिंट जूनियर, सब जूनियर प्रतियोगिता शुरू

## सफल प्रतियोगी लेंगे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कयाकिंग कैनोइंग संघ द्वारा गुरुवार से बोट क्लब में 35वीं केनो स्प्रिंट जूनियर, सब जूनियर का आयोजन 27 28 मार्च तक भोपाल स्थित छोटे तालाब में आयोजित किया जा रहा है।

मप्र की अकादमी भोपाल, सागर, जबलपुर, उज्जैन, होशंगाबाद खरगोन व अन्य जिलों के प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। आज राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय चेयरमेन मनोज जौहरी, अध्यक्ष अशोक गोयल आईजीपी, विशिष्ट अतिथि संचालक वीर सिंह चौहान, अध्यक्ष एमपीकेसीए पीएस बुंदेला, सचिव एमपीकेसीए मयंक ठाकुर एवं ओम बाबू मिश्रा, हर्ष लटोरिया, विनोद मिश्रा, पीके बरोई, अनिल राठी, संदीप सिंह राजपूत, नफीस कुरेशी, सोहेल खान, विपिन कुर्मी, दिलीप सिंह, एवं गुलशन रैकवार उपस्थित रहे। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता 24 से 28 अप्रैल तक भोपाल के छोटे तालाब में आयोजित की जाएगी।





गौतम नगर में चल रहा विधायक क्रिकेट टूर्नामेंट

# आरसीसी ने एसजीसीए को 144 रन से दी करारी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में गौतम नगर में आयोजित तृतीय विधायक का (विश्वास सारंग) क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को आरसीसी क्रिकेट अकादमी और एसजीसीए क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया।

एसजीसीए क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। निर्धारित ओवरों में आरसीसी ने 172 रन का लक्ष्य दिया। आरसीसी के साहिल ने 37, समर मकवाना और विमलेश ने 30-30 रन बनाए।

इसमें एसजीसीए और मोहिल और वेदांत ने 3-3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसजीसीए क्रिकेट अकादमी ने 38 रन पर ऑल आउट हो गई। आरसीसी की ओर से समर मकवाना ने तीन और अरम और अली ने दो-दो विकेट लिए। समान मकवाना को दोहरे प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।



प्रथम ध्रुव नारायण सिंह दरबार ट्रॉफी

# अरेरा ने अकीरा अकादमी को 45 रन से हराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुनील श्रवण क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान मे प्रथम ध्रुव नारायण सिंह 'दरबार ट्रॉफी' अंडर-15 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार का मैच अरेरा क्रिकेट अकादमी और अकीरा क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया, जिसमें अरेरा क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। अरेरा ने 185 रन बनाए। होमी सोलंकी ने 95 गेंदों में 73 रन बनाए, जबकि वंश और लकी ने क्रमशः 27 और 17 रन बनाए। अकीरा के कप्तान दिशांत पाटीदार ने 10 ओवर में 51 रन देकर 4 विकेट लिए। जवाब में अकीरा की टीम 140 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इनमें धैर्य तिवारी ने 92 गेंदों में 71 रन बनाए, जबकि तनिष ने 43 गेंदों में 26 रन बनाए। अरेरा क्रिकेट अकादमी के अर्जुन शुक्ला ने 10 ओवर में 26 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि होमी सोलंकी और रुद्र ने 2-2 विकेट लिए।

होमी सोलंकी को दोहरे प्रदर्शन के लिए मेन ऑफ़ द मैच चुना गया। उन्हें मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यति और सचिन दास बब्बा ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर पवन परोचे, हेमंत योगी, अर्जुन ठाकुर और राजवीर वेद भी उपस्थित रहे।


## आम सूचना

(मूल दस्तावेज गुम होने के संबंध में)
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती शोभा बाके पत्नी श्री एस.जी. बाकें के स्वामित्व व अधिपत्य की संपत्ति एक किता प्लॉट क्रमांक 174, जो खसरा क्रमांक 503/3 का अंश भाग होकर, फेस-1, एक्सटेंशन, ग्राम नीलबड, प.ह.न. 33, रा.नि.म. 04, (मिसरोद) विकास खण्ड फन्दा, हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 25X40= 1000 वर्गफिट अर्थात 92.93 वर्गमीटर है। जिसकी चतुर्थ सीमाये निम्नानुसार है:- दिशा पूर्व में -प्लॉट क्रमांक 173, दिशा पश्चिम में-प्लॉट क्रमांक-175, दिशा उत्तर में-रोड, दिशा दक्षिण में-प्लॉट क्रमांक 182, से संबंधित पूर्व की मूल विक्रय पंजीयन विलेख (Original Sale deed registry) जो कि एन.टी.टी.सी.प्रा.लि.से श्रीमती शोभा बाके पत्नी श्री एस.जी. बाकें के नाम पर पंजीकृत होकर उपपंजीयक कार्यालय भोपाल में पुस्तक क्रमांक अ-1, ग्रंथ नं. 18751, सरल नं.-1553 दिनांक 24/09/2002 परअंकित है जिसकी मूल प्रति मेरे पक्षकार, से कहीं गुम हो गई है। जिसके गुम होने की सूचना संबधित पुलिस थाना कमला नगर में दिनांक 27/03/2025 में दे दी गई है। अतः उक्त मूल विक्रय पंजीयन विलेख (Original Sale deed registry) जिस भी व्यक्ति को प्राप्त हो तो कृप्या सूचना देंवे,उक्त सम्पत्ति कहीं दान, बन्धक, गिरवी, हस्तान्तरण/विक्रय हेतु अनुबन्धित इत्यादि नही है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा उक्त दस्तावेज का दुरूपयोग किया जाता है अथवा किसी प्रकार का कोई भी विधि विरूध कार्य करते हुये दान, बन्धक, गिरवी, हस्तान्तरण/विक्रय हेतु अनुबन्धित करता है तो दण्डिक कार्यवाही की जावेंगी, इसके अतिरिक्त जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय, बैंक, वित्तिय संस्था, या वारिसों को कोई आपत्ति हो तो सम्बन्धित व्यक्ति या संस्था इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अन्दर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें इसके उपरांत प्राप्त कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी।

भवदीय अनुज जैन अधिवक्ता
चेम्बर नं.-138, उत्तमचन्द्र ईशरानी लायर्स चैम्बर जिला न्यायालय के पीछे अरेरा हिल्स जिला भोपाल मोबा.-09691386301



## कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
### यांत्रिकी विभाग, जोन क्रमांक 20

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्र. 22/यां.वि./जोन क्र. 20/25 — भोपाल, दिनांक - 27.03.2025

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _404984_2 | PROVIDING, SUPPLYING AND ERECTINGGROUTING OPEN GYM EQUIPMENT & PLAYGROUND EQUIPMENT AT GLOBUS GREEN PARK, GREEN ACRES PARK, VALLABH NAGAR PARK, VIJAY NAGAR PARK, VITHAL NAGAR PARK, OM SHIV NAGAR PARK, OM NAGARPARK, WARD-06, ZONE-20 | 1198800.00 | 11.04.2025 | 05:30 सांय |
| 1 | 2025_UAD _392480_3 | LAYING OF PAVER BLOCK AT ANGANWADI KENDRA 70 CONSTRUCTION OF SLAB AT SANKRATIK HALL NEAR SONA KIRANA SHOP CTO COLONY VIKAN PARK BOUNDRY WALL HEIGHT EXTENSION WORK WARD-02, ZONE-20 | 315812.00 | 11.04.2025 | 05:30 सांय |

नि.क्र. : 1591/024/025

ASSISTANT ENGINEER (CIVIL)
BHOPAL MUNICIPAL CORPORATION, ZONE-20


## पेज एक का शेष

### सीजेआई खन्ना ...

यशवंत वर्मा के तबादले की कॉलेजियम की सिफारिश वापस लेने की वकीलों की मांग पर विचार करेंगे। उच्च न्यायालय इलाहाबाद, लखनऊ पीठ, गुजरात, केरल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश की जबलपुर पीठ के बार एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों ने गुरुवार दोपहर को मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना समेत न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ से मुलाकात की। बैठक के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश ने बार निकायों के ज्ञापन पर विचार-विमर्श किया और उनकी मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर विचार करेगा।

### जस्टिस वर्मा से ...

गए न्यायिक कार्यों के अतिरिक्त सभी प्रशासनिक कार्य भी वापस लिए जाएं। ज्ञापन में दावा किया गया कि दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की रिपोर्ट के अनुसार आग की घटना के एक दिन बाद किसी ने न्यायमूर्ति वर्मा के आवास से सामान हटा दिया था। इससे साफ है कि ऐसे अपराधों में अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं और एफआईआर दर्ज न होने से उनके अभियोजन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

### तेज गर्मी...

40.9 डिग्री, रतलाम में 40.2 डिग्री, तालुन (बड़वानी) में 40.2 डिग्री, नौगांव (छतरपुर), शिवपुरी, गुना-दमोह में अधिकतम तापमान 40 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, ग्वालियर, उज्जैन, खजुराहो, धार, टीकमगढ़, मंडला, सागर, सतना, शाजापुर, उमरिया, सिवनी, खरगोन और बैतूल में तापमान 39 डिग्री या इससे अधिक रहा। बड़े शहरों की बात करें तो ग्वालियर में 39.9 डिग्री, उज्जैन में 39 डिग्री, भोपाल में 38.8 डिग्री, इंदौर में 38.2 डिग्री और जबलपुर में पारा 38 डिग्री दर्ज किया गया।

### गोलीबारी में दो आतंकी...

सुरक्षाकर्मी को कठुआ जीएमसी में शिफ्ट किया गया है, वहीं दो जम्मू जीएमसी भेज दिए गए हैं। अन्य दो जवानों को हल्की चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह को सुरक्षाबलों को इनपुट मिले थे कि चार से पांच आतंकी जुठानी इलाके में छिपे हुए हैं। जानकारी तो यह भी मिली थी कि कुछ मिलिटेंट्स ने एक महिला और उसके पति को भी अपने कब्जे में लिया था। इसी वजह से जब तक वो कपल आतंकियों के चंगुल से नहीं छूट गया, सेना ने अपना ऑपरेशन शुरू नहीं किया। जैसे ही दोनों के सुरक्षित रेस्क्यू की खबर आई, सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर लिया और फिर ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। इस समय कठुआ रेलवे स्टेशन और दूसरी जरूरी जगहों पर सुरक्षा को टाइट कर दिया गया है।

**मौके पर तैनात चार एंबुलेंस:** मौके पर पहुंचे सीएमओ कठुआ ने बताया कि दो घायल जवानों को जीएमसी कठुआ में उपचार दिया गया है। एक पैरा कमांडो को भी हाथ में चोट लगी है। कुछ और लोगों के भी घायल होने की जानकारी है। लेकिन ऐसा पता चला है कि फिलहाल उन्हें मुठभेड़ वाले क्षेत्र से बाहर नहीं लाया जा सका है। चार एंबुलेंस को मौके पर तैनात रखा गया है।

### जितनी उम्र ...

'सिकंदर' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। सलमान खान ने इस पर आपनी राय रखते हुए कहा सुरक्षा की वजह से रोज के काम में दिक्कत आई। 'सुरक्षा को लेकर मैं कुछ नहीं कर सकता। शूट के वक्त मैं गैलेक्सी से शूट के लिए जाता और शूट से गैलेक्सी की तरफ आता। सलमान खान से पूछा गया कि क्या वह अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता में हैं। इस पर सलमान खान कहा -भगवान, अल्लाह सब ऊपर हैं। जितनी उम्र लिखी है, उतनी लिखी है। बस यही है। कभी-कभी इतने लोगों को साथ में लेकर चलना पड़ता है, बस वही समस्या हो जाती है। गौर हो कि अप्रैल 2024 में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के दो लोगों ने सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग की थी।

### ग्वालियर में दो ...

दर्ज की गई है। शिक्षा विभाग ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, जिसमें बताया कि स्कूलों द्वारा उनके यहां चलने वाली निजी प्रकाशकों की पुस्तकों की कोई सूची उपलब्ध नहीं कराई गई। न ही पुस्तकें उपलब्ध कराई गई। इस पर जब नोटिस जारी किया गया तो संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। दो दिन पहले ही कलेक्टर ने स्कूल संचालकों को फटकार लगाई थी व स्कूलों को नोटिस भी जारी किए गए। ग्वालियर में पुस्तक मेला जबलपुर की तर्ज पर लगाया गया है। जबलपुर में पिछले साल से पुस्तक मेले का आयोजन हो रहा है, इस बार यह 25 मार्च से लगाया गया है। इस बार जबलपुर पुस्तक मेले में अभिभावकों को किताबें व स्टेशनरी आदि पिछले साल की तुलना में आधे में मिल रही हैं। कलेक्टर रुचिका चौहान ने पुस्तक मेले का निरीक्षण किया और वेंडरों से कहा कि वे समय पर दुकान खोलें, यदि वे समय पर दुकानें नहीं खोलते हैं तो माना जाएगा कि वे अधिक कीमत में देना चाहते हैं। ऐसे विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई होगी।

### जीएसटी ने भेजा ...

उड़ गए। 21 मार्च को उसने कर सलाहकार और वकील से मिलकर उन्हें नोटिस के बारे में जानकारी दी। नोटिस के अनुसार वर्ष 2022 में दिल्ली के स्टेट जॉन 3 वार्ड 33 में प्रिंस इंटरप्राइजेज नाम से एक फर्म शुरू की गई। इस कंपनी ने 2022-23 से 2024 तक लगभग 50 करोड़ रु. का कारोबार किया। कंपनी ने चमड़ा, लकड़ी और आयरन का व्यापार किया, लेकिन जीएसटी का भुगतान नहीं किया। अब कंपनी पर करीब 6 करोड़ रुपए का जीएसटी बकाया है। पथरिया नगर के वार्ड क्रमांक 14 निवासी प्रिंस सुमन, जिसके नाम पर यह कंपनी बनाई गई, जबकि प्रिंस अंडे का ठेला लगाकर अपना गुजारा करता है। प्रिंस का कहना है कि वह कभी दिल्ली गया ही नहीं 2023 में वह इंदौर में मजदूरी करने गया था, लेकिन उसने किसी को अपना पैन कार्ड या आधार कार्ड नहीं दिया। सीबीईसी विभाग ने प्रिंस से बैंक स्टेटमेंट और अन्य दस्तावेज मांगे हैं। नोटिस मिलने के बाद पूरा परिवार भयभीत है। प्रिंस के पिता श्रीधर सुमन एक छोटी किराना दुकान चलाते हैं। उन्होंने इस मामले की जांच के लिए एसपी को आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि यदि न्याय नहीं मिला तो परिवार के पास आत्महत्या के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। अधिवक्ता अभिलाष खरे ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद हमने आयकर विभाग को भी पत्राचार किया है।

### उत्तराखंड में पदस्थ...

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी लेफ्टिनेंट कर्नल वरुण प्रताप सिंह (48) 2012-13 में भोपाल में पदस्थ था। इसी दौरान उसकी मुलाकात आरोपी से हुई थी। आरोपी बहाने से उसे अपने घर ले गया, जहां कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म कर दिया। पीड़िता ने बाद में इसको लेकर कार्रवाई की बात कही तो आरोपी ने पीड़िता को शादी का वादा कर दिया। बाद में पीड़िता को पता लगा कि आरोपी पहले शादीशुदा है तो आरोपी लेफ्टिनेंट कर्नल ने अपनी पत्नी से तलाक लेने की बात कही और फिर कुछ सालों बाद शादी से इंकार कर दिया। इतना ही नहीं आरोपी ने पीड़िता को अपनी पोस्ट की धौंस दिखाते हुए उस मारने की भी धमकी दी। जिसके बाद पीड़िता ने भोपाल के महिला थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी लेफ्टिनेंट कर्नल अपनी वर्दी और पोस्ट का फायदा उठा कर युवतियों को फंसाता था। उसने 3 से 4 महिलाओं का इसी तरह शोषण किया जिसकी वजह से वो महिलाएं गर्भवती तक हो गई है।

### साधु-संत बोले...

गलत बोला है। अगर हमारे महामंडलेश्वर आदेश करेंगे तो ऐसे राक्षस प्रवृति के विधायकों के सर काटने के काम युवा साधु करेंगे। विधायक माफी मांगें। इधर, साधु महावीर नाथ ने कांग्रेस विधायक राजेंद्र कुमार सिंह को सबसे घटिया विधायक बताया। उन्होंने कहा कि साधु संत को ये जानते नहीं हैं, कही मिल जाए तो दौड़कर दौड़कर पीटूंगा, जानवर जैसा बना दूंगा।

**विधायक ने बाद में दी सफाई**... विधायक डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह ने सफाई देते हुए कहा कि मेरी बातों की लोगों ने गलत व्याख्या की है। साधु-संतों महामंडलेश्वर का काम किसी पार्टी का काम करना नहीं है। साधु-संतों को किसी दल से सहानुभूति हो सकती है, लेकिन प्रचार करना ठीक नहीं। हम सभी धर्मों को मानने वाले लोग हैं।

### अब पीथमपुर...

जा रहा है। इसकी रिपोर्ट भी पूरी तरह से सफल रही है। सरकार ने कोर्ट को बताया कि अगर इसी स्पीड से कचरा जलाया जाता है तो आगामी 72 दिनों में पूरा कचरा जल दिया जाएगा। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को 72 दिनों में जहरीला कचरा जलाकर रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। तीन चरणों में दस-दस मीट्रिक टन कचरा जलाया गया। ट्रायल के तौर पर कचरे को 27 फरवरी ,4 मार्च और 10 मार्च को जलाया गया। पहले चरण में 135 किलो कचरा प्रति घंटे जलाया गया। दूसरे चरण में 180 किलो कचरा प्रति घंटा जलाया गया और तीसरे चरण में 270 किलो कचरा प्रति घंटा जलाया गया, जिसकी रिपोर्ट केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड को भेजी गई थी। इसी रिपोर्ट के आधार पर गुरुवार को फैसला दिया गया। याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ, खालिद फखरुद्दीन और शासकीय महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने पैरवी की।मामले की अगली सुनवाई अब जून में है।

### हाईकोर्ट ने ...

रहा है। तीनों चरण में दस-दस मीट्रिक टन कचरा जलाया गया। ट्रायल के तौर पर कचरे को 27 फरवरी ,4 मार्च और 10 मार्च को जलाया गया। पहले चरण में 135 किलो कचरा प्रति घंटे जलाया गया। दूसरे चरण में 180 किलो कचरा प्रति घंटा जलाया गया और तीसरे चरण में 270 किलो कचरा प्रति घंटा जलाया गया, जिसकी रिपोर्ट केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड को भेजी गई थी। इसी रिपोर्ट के आधार पर गुरुवार को फैसला दिया गया। याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ, खालिद फखरुद्दीन और शासकीय महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने पैरवी की।


आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## नाम परिवर्तन

मैं वीरेंद्र कुमार आत्मज गोरधन निवासी ग्राम मालीबाया तहसील रेहटी जिला सीहोर मध्य प्रदेश के पुत्र आलोक जाट आ. वीरेंद्र कुमार आयु 17 वर्ष दसवीं कक्षा में अध्यनरत है मेरे पुत्र की अंकसूची में माता का नाम सुमन जाट हैं, जो गलत है के स्थान पर आलोक जाट माता का नाम आशा बाई दर्ज कराना चाहता है आज दिनांक के पश्चात मेरे पुत्र का नाम आलोक जाट माता आशा बाई के नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-14/02/25 to 18/4/25- not-feb, 16,23,26 not= march-2,9,13,14,15,16,23,30,31, April- 6,13

हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शिक्षा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।


**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

## शब्द पहेली - 5818



**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

### शब्द पहेली- 5817 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | ■ | स | म | झ | दा | र |
| म | ■ | र | ह | म | ■ | म | द | न | ■ | म |
| र | त | ■ | ■ | ची | ■ | झौ | ■ | ■ | वा | णी |
| ख | स | ■ | ना | न | ख | ता | ई | ■ | ग | य |
| ना | ला | य | क | ■ | त्म | ■ | मा | त | ह | त |
| ■ | ■ | ■ | क | था | ■ | का | न | ■ | ■ | ■ |
| प | न | घ | ट | ■ | आ | ■ | दा | न | वी | र |
| व | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | र | वि |
| न | म | ■ | ■ | म | ■ | चा | ■ | ■ | ता | न |
| सु | ■ | आ | स | व | ■ | ल | ह | र | ■ | य |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | क | ब | ज | न |

## सूडोकु नवताल - 5828

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5827 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

### एक अप्रैल से प्रदेश की सभी मंडियों में किसानों को मिलेगा ई-मंडी एप का लाभ

# किसानों को अब मंडी गेट पर नहीं करना पड़ेगा इंतजार, स्वयं बना सकेंगे मोबाइल से प्रवेश पर्ची

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल



मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड (मंडी बोर्ड) अपनी महत्वपूर्ण योजना ई-मंडी योजना का विस्तार प्रदेश की समस्त 259 मंडियों में करने जा रहा है। पूर्व से ई-मंडी योजना 83 मंडियों में क्रियाशील थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंडियों को सर्वसुविधायुक्त एवं किसान के लिए प्रक्रिया सरल बनाने के निर्देश और मंडी बोर्ड के अध्यक्ष कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंसाना के मार्गदर्शन पर उक्त योजना का प्रसार प्रदेश की समस्त मंडियों में किया जा रहा है। ई-मंडी योजना एंड्राइड एवं वेब एप्लीकेशन आधारित है, जिसे किसान अपने एंड्राइड मोबाइल पर निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। इसमें किसानों को यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है कि वह मंडी आने से पहले मंडी में अपनी स्वयं की प्रवेश पर्ची अपने मोबाइल से बना सकते हैं। एक बार प्रवेश पर्ची बन जाने पर बार-बार उन्हें अपना संपूर्ण डाटा मंडी में देने की आवश्यकता नहीं रहेगी।

प्रवेश पर्ची बन जाने से किसान सीधे मंडी प्रांगण के नीलामी स्थलों पर जाकर अपनी कृषि उपज की नीलामी करा सकते हैं। ई-मंडी एप्लीकेशन पर किसानों की सुविधा के लिए एक नवीन फीचर जोड़ा गया है इसमें किसान मंडी में आने से पहले अपनी प्रवेश पर्ची स्वयं बना सकते हैं और साथ ही साथ प्रवेश पर्ची बनाते समय वह यह भी देख सकते हैं कि आज आमुख मंडी में कितने प्रवेश हो चुके है (कितने प्रवेश बन चुके हैं)। इस व्यवस्था का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने के लिए मंडी सचिवों को कहा गया है कि वे अपने मंडी क्षेत्र में अधिक से अधिक प्रचार करें जिससे किसान भाई मंडी में अपनी प्रवेश पर्ची स्वयं बना सके और यह देख सके कि आज आमुख मंडी में कितने किसानों की आमद हो चुकी है।

## व्यापारी को भी भुगतान पत्रक बनाने की आवश्यकता नहीं

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री निर्देश पर मंडियों को हाईटेक बनाने के यह लक्ष्य रखा गया है कि 1 अप्रैल 2025 से सभी 259 मंडियां ई-मंडी के रूप में कार्य करें। उक्त कार्य को सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किए ने पर प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम साहब, चीफ प्रोग्रामर संदीप चौबे, सहायक संचालक योगेश नागले, एएसआई नीलेश पंथी तथा एनआईसी भोपाल के वरिष्ठ तकनीकी निदेशक मुशर्रफ सुल्तान की प्रशंसा करते हुए सभी मंडियों को ई-मंडी योजना से जोड़ने का लक्ष्य दिया गया।

### पीओएस मशीन से अनुबंध होगा उपलब्ध

नीलामी की कार्यवाही में भी किसानों को पीओएस मशीन से अनुबंध उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिसकी जानकारी किसानों को अपने मोबाइल पर भी प्राप्त होगी। तुलावटी भाइयों को ई-मंडी योजना का प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे वह तौल कांटे के स्थान पर अपने एंड्रॉयड मोबाइल पर की गई तौल का फाइनल वजन दर्ज करेंगे और उन्हें कोई भी जानकारी लिखने की आवश्यकता नहीं रहेगी। साथ ही व्यापारी को भी भुगतान पत्रक बनाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। ई-मंडी योजना में व्यापारी की आईडी पर भुगतान पत्रक बना बनाया प्रदर्शित होगा। व्यापारी को उनके द्वारा किसानों को किये जा रहे भुगतान की सिर्फ एंट्री ही करनी होगी। ई-मंडी योजना मंडी प्रांगण में प्रवेश से लेकर नीलामी, तौल तथा भुगतान की कार्यवाही को कंप्यूटराइजेशन किया जाना है।

### भोपाल मास्टर प्लान प्रारूप 2047 में लोहा मंडी की मांग

# लोहा व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को सौंपी 125 करोड़ के निवेश प्रस्ताव की प्रति

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल



भोपाल मास्टर प्लान प्लान प्रारूप 2047 में राजधानी को मेट्रोपोलियन सिटी के रूप में विकसित किया जाना है। ऐसे में लोहा मंडी को यातायात नगर के समीप प्रस्तावित किया जाना उचित होगा, जिससे नो एंट्री से परेशान लोहा व्यवसायी जो दिन रात -दुकानें खोलकर अपना व्यापार कर रहे है जो कि मानवीय आधार पर भी सही नहीं है, उन्हें राहत मिलेगी।

इससे शहर में भारी वाहनों से हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा व भारी वाहन के प्रवेश न होने से यातायात में भी सुगमता रहेगी। यह बात गुरुवार को लोहा व्यावसायी एवं निर्माता संघ के अध्यक्ष बलदेव खेमानी के नेतृत्व में मिले संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने कही। इस दौरान संघ के प्रतिनिधिमंडल में मुख्यमंत्री को 125 करोड़ के निवेश के प्रस्ताव की प्रति सौंपी। इस मौके पर संघ नरेश चोटरानी, मुकेश पेशवानी, नारायण खेमानी, जवाहर टहलरामानी, राहुल जैन, आकाश टोंगिया और अनुपम अग्रवाल आदि मौजूद रहे। अध्यक्ष बलदेव खेमानी ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को लोहा मंडी को मास्टर प्लान प्रारूप 2047 में प्रस्तावित करने एवं ग्लोबल इन्वेस्टर सबमिट 2025 के अंतर्गत 125 करोड़ के निवेश के प्रस्ताव के विषय में ज्ञापन भी दिया। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश शासन की लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउस की नई नीतियों को देखते हुए शासन को लोहा मंडी के लिए 125 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया गया है। जिसके तहत भूमि भवन एवं अधोसंरचना का विकास किया जाएगा। लोहा मंडी को मध्यक्षेत्र से यातायात नगर में स्थानंतरित होना प्रस्तावित किया जाना है, वर्तमान में लोहा मंडी को यदि यातायात नगर के समीप प्रस्तावित किया जाता है तो, शासन को इससे राजस्व में व व्यापारियों को अपने व्यापार में अभूतपूर्व वृद्धि करने का अवसर प्राप्त होगा।

## खबर संक्षेप

### मोदी सरकार ने बंद की गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम

**नई दिल्ली** । वित्त मंत्रालय ने गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम के तहत मीडियम और लॉन्ग टर्म गवर्नमेंट डिपॉजिट घटकों को 26 मार्च से बंद करने की घोषणा की। वित्त मंत्रालय के अनुसार यह फैसला स्कीम के प्रदर्शन और बदलते बाजार हालात की व्यापक समीक्षा के बाद लिया गया है। गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम की शुरुआत 15 सितंबर 2015 को की गई थी, जिसका उद्देश्य देश की सोने के आयात पर निर्भरता को कम करना व संस्थानों के पास मौजूद बड़े पैमाने पर सोने को उत्पादक कार्यों में इस्तेमाल के लिए जुटाना था।

### बेसिलिक फ्लाई की 301.3 करोड़ की मजबूत बिक्री

**मुंबई**। बेसिलिक फ्लाई स्टूडियो लिमिटेड ने अपने विकास को जारी रखते हुए 301.3 करोड़ रुपए की मजबूत बिक्री पाइपलाइन के साथ आगे बढ़ रहा है, जो अक्टूबर 2024 से 40 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। कंपनी ने नेटफ्लिक्स, अमेजन, सोनी और अन्य वैश्विक मीडिया दिग्गजों सहित प्रमुख स्टूडियो से हाई-प्रोफाइल प्रोजेक्ट हासिल किए हैं। प्रबंध निदेशक और सीईओ, बालकृष्णन ने कहाकि वैश्विक विजुअल इफेक्ट्स उद्योग अभूतपूर्व वृद्धि का अनुभव कर रहा है, और हम इस बदलाव के अग्रणी हैं।

### एटीएम से 1 मई से पैसे निकालना होगा महंगा

**नई दिल्ली**। एटीएम से पैसे निकालना 1 मई 2025 से महंगा होगा। जिससे वॉलेट पर थोड़ा अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 1 मई 2025 से एटीएम से नकद निकासी पर शुल्क बढ़ाने की मंजूरी दी है। इस बदलाव से ग्राहकों को एटीएम से पैसे निकालने पर अधिक शुल्क देना होगा, जिससे उनकी बैंकिंग लागत बढ़ सकती है। 1 मई 2025 से, अगर आप किसी दूसरे बैंक के एटीएम से पैसे निकालते हैं या बैलेंस चेक करते हैं, तो आपको पहले से ज्यादा चार्ज देना होगा।

### एयरटेल ने लांच की आईपीटीवी सेवाएं

**भोपाल**। भारती एयरटेल ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपने आईपीटीवी सेवाओं की शुरुआत की है, जिससे ग्राहकों को बड़े स्क्रीन पर बेहतरीन मनोरंजन अनुभव मिलेगा। अब ग्राहक 29 प्रमुख स्ट्रीमिंग ऐप्स और 600 से अधिक लोकप्रिय टीवी चैनलों तक पहुंच प्राप्त कर सकते हैं। एयरटेल की यह सेवा केवल 599 प्रति माह की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होगी। एयरटेल के सभी ग्राहकों के लिए विशेष प्रमोशनल ऑफर के तहत 30 दिनों तक मुफ्त सेवा का लाभ मिलेगा।

### बढ़े हुए दामों से ग्राहकों का बजट हो रहा प्रभावित

# ग्राहक खरीदारी से कर रहे परहेज सराफा कारोबारियों की बढ़ी चिंता

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

पिछले कुछ महीनों से सोने-चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव जारी है। बीते 14 महीनों में सोने की कीमतों में 50 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे न सिर्फ ग्राहक बल्कि ज्वेलरी कारोबारी भी परेशान हैं। बढ़े हुए दामों के कारण ग्राहकों की खरीदारी प्रभावित हो रही है, जिससे बाजारों में भीड़ कम नजर आ रही है। दस नंबर मार्केट स्थित सराफा कारोबारी आनंद सोनी के अनुसार पिछले 60 दिनों में सोने-चांदी की कीमतों में जितनी तेजी आई है, वैसी उन्होंने अपने 30 वर्षों के कॅरियर में नहीं देखी।

जनवरी माह से अभी तक सोने के दाम प्रति दस ग्राम 11700 रुपए तक बढ़ गए है, जबकि चांदी जो 91500 रुपए प्रति किलो थी वह 7500 रुपए बढ़कर अब 1 लाख रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है। इस कारण ग्राहक बड़ी मात्रा में खरीदारी करने से बच रहे हैं। बढ़े हुए दामों के कारण ग्राहकों का बजट प्रभावित हो रहा है। जो लोग पहले 20 ग्राम सोना खरीदने की योजना बना रहे थे, वे अब केवल 10 से 15 ग्राम ही खरीद रहे हैं। कई ग्राहक कीमत सुनकर बिना खरीदी किए लौट रहे हैं, जिससे कारोबारियों की बिक्री पर असर पड़ा है।




**सोना चांदी के बढ़ते दामों से बाजार में सन्नाटा**

### शादी-विवाह के सीजन में असर

शादी-विवाह के सीजन में सोने-चांदी की बढ़ी कीमतों से लोगों की खरीदारी प्रभावित हो रही है। ग्राहक बजट में कटौती कर कम मात्रा में सोना खरीद रहे हैं। सुशील जो अपनी बहन की शादी के लिए सोना खरीदने बाजार पहुंचे ने बताया कि उन्होंने पहले 20 ग्राम सोना खरीदने की योजना बनाई थी, लेकिन बढ़े हुए दामों के कारण अब केवल 12 ग्राम ही खरीद रहे हैं।

### इंवेस्टमेंट डिमांड अभी भी 2012 के रिकॉर्ड हाई से 33 फीसदी नीचे

सोने के लिए 2025 अब तक बेहद शानदार रहा है। ग्लोबल इकॉनमी को लेकर बनी अनिश्चितता और जियो पॉलिटिकल टेंशन ने बतौर सुरक्षित विकल्प इस बेशकीमती धातु को लगातार परवान चढ़ाया है। सोने में तेजी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि ग्लोबल मार्केट में इसने इस साल अब तक 16 कारोबारी दिन रिकॉर्ड हाई बनाया है। मतलब इस साल हर चौथे दिन यह नई ऊंचाई पर पहुंचा है। ब्याज दरों पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले के बाद सोने ने पिछले गुरुवार को लगातार तीसरे दिन नया ऑल टाइम हाई बनाया।

# ऋण वाले उपभोक्ताओं में 2 फीसदी की गिरावट

**मुंबई**। भारत की खुदरा ऋण वृद्धि में कमी जारी रही, खास तौर पर न्यू-टू-क्रेडिट 1 उपभोक्ताओं के बीच। यह एनटीसी उपभोक्ताओं द्वारा शुरू किए गए उपभोग-आधारित ऋण उत्पादों के लिए सबसे अधिक स्पष्ट था, जिसमें ऋण उत्पत्ति में 21 फीसदी साल-दर-साल गिरावट देखी गई, जबकि मौजूदा ऋण वाले उपभोक्ताओं के लिए 2 फीसदी की गिरावट देखी गई। उपभोग-आधारित उत्पादों को क्रेडिट कार्ड, व्यक्तिगत ऋण और उपभोक्ता टिकाऊ ऋण के रूप में परिभाषित किया जाता है। उपभोग-आधारित ऋण उत्पादों की उत्पत्ति के लिए ऋणदाताओं के सतर्क दृष्टिकोण ने एनटीसी उधारकर्ताओं को असंगत रूप से प्रभावित किया क्योंकि 40 फीसदी एनटीसी उधारकर्ता औपचारिक ऋण में अपने पहले प्रयास के रूप में उपभोग-आधारित उत्पादों को चुनते हैं। ये रुझान इस क्षेत्र में ऋण आपूर्ति का विस्तार करने के लिए केंद्रित ऋणदाता रणनीतियों की आवश्यकता को उजागर करते हैं।

# क्रेडाई ने किया मुख्यमंत्री का सम्मान, 'कमाल का भोपाल' अभियान बना बदलाव की बुनियाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 की ऐतिहासिक सफलता के लिए क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक ने सम्मान किया। इस अवसर पर मीक ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ और अर्बन डेवलपमेंट पर आधारित बेस्टसेलर बुक 'मास्टर कमर्शियल रियल एस्टेट' भेंट कर सम्मान और आभार प्रकट किया।

पुस्तक भेंट करते हुए मनोज मीक ने कहा कि हमारी राजधानी को वैश्विक मंच पर पुनः स्थापित करने में मुख्यमंत्री का दूरदर्शी नेतृत्व और संकल्पबद्ध प्रयास अद्वितीय हैं। राजधानी भोपाल बीते 40 वर्षों से त्रासदी से उपजे संकटों और पहचान की चुनौती से जूझ रही थी। 'कमाल का भोपाल' अभियान इसी संघर्ष को सकारात्मक रूप में प्रस्तुत करने का माध्यम बना है, जिसे मुख्यमंत्री का सतत मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'कमाल का भोपाल' अभियान द्वारा स्थापित विशेषताओं का उल्लेख किया और कहा कि औद्योगिक त्रासदी से बनी नकारात्मक छवि को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ने सकारात्मक दिशा में परिवर्तित किया है। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा मान्य क्रेडाई की विकसित भोपाल पर 'कमाल का भोपाल रिपोर्ट' इन्हीं बिंदुओं पर आधारित है। समारोह में राजधानी के व्यवसायिक, औद्योगिक, शहरी विकास, सांस्कृतिक एवं नागरिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के योगदान को नमन करते हुए उन्हें राजधानी का वास्तविक शुभचिंतक की संज्ञा दी।

## बिजनेस न्यूज

### एसबीआई ने दी शहीद उपनिरीक्षक के परिजनों को 1 करोड़ की बीमा राशि



**भोपाल**। भारतीय स्टेट बैंक अपने स्टेट गवर्नमेंट सैलरी पैकेज और पुलिस सैलरी पैकेज खातों में कई तरह की पूरक सुविधाएं प्रदान करता है जिसमे मुख्यत:1 करोड़ का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, 1.60 करोड़ का हवाई दुर्घटना बीमा, 1 करोड़ का स्थायी पूर्ण विकलांगता बीमा, 80 लाख का स्थायी आंशिक विकलांगता बीमा एवं 10 लाख का जीवन बीमा सम्मिलित है। रामचरण गौतम भारतीय स्टेट बैंक के पुलिस सैलरी पैकेज खाते के माध्यम से अपना वेतन प्राप्त कर रहे थे। पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत पुलिस कर्मियों को दी जाने वाली व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा सुविधा के अनुसार, भारतीय स्टेट बैंक ने शहीद रामचरण गौतम की धर्मपत्नी पुष्पा गौतम को 1 करोड़ का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा अनुदान स्वीकृत किया। गुरूवार को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने शहीद की धर्मपत्नी को 1 करोड़ का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर एसबीआई भोपाल मंडल के मुख्य महाप्रबंधक चंद्रशेखर शर्मा ने राज्य शासन से आग्रह किया कि उनके सहयोग से एसजीएसपीएवं पीएसपी के अंतर्गत अधिक से अधिक राज्य कर्मचारियों को जोड़ा जाए। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित एसबीआई के महाप्रबंधक अजिताभ परासर, मनोज कुमार, कुंदन ज्योति, उपमहाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी अश्विनी कुमार एवं बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

### राधारमण आयुर्वेद में फार्मा को-विजिलेंस अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित



**भोपाल**। राधारमण आयुर्वेद महाविद्यालय में फार्माकोविजिलेंस (औषधि सतर्कता) जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शासकीय अष्टांग आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, इंदौर के फार्माकोविजिलेंस विभाग के जेआरएफ डॉ. तेजस पोरवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया। डॉ. पोरवाल ने अपने संबोधन में कहा कि सभी पैथियों की औषधियों से ज्ञात या अज्ञात साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। डॉक्टरों की यह नैतिक एवं पेशेवर जिम्मेदारी है कि वे सभी ज्ञात साइड इफेक्ट्स की रिपोर्ट शासन अथवा संबंधित संस्था को करें, जिससे रोगियों को सुरक्षित एवं प्रभावी चिकित्सा प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि फार्माकोविजिलेंस की अवधारणा पश्चिमी देशों, विशेष रूप से अमेरिका और ब्रिटेन में बहुत पहले विकसित हो चुकी थी। उन्होंने एक ऐतिहासिक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि एक फार्मा उत्पाद के गंभीर साइड इफेक्ट्स के कारण 107 लोगों की मृत्यु हो गई थी। इस घटना के बाद अमेरिका में 1938 में फूड एंड ड्रग कंट्रोल एक्ट लागू किया गया, जिससे औषधियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाने लगा। उन्होंने औषधि सतर्कता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे चिकित्सा क्षेत्र के लिए आवश्यक बताया।कार्यक्रम का संचालन डॉ. गोविंद मोयल द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. दर्पण गाँगिल ने दिया।

### रेल प्रबंधक के चार कर्मचारी संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित



**बिलासपुर**। ईसीओआर जोन के खोरधा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, एचएस बाजवा ने मंडल के चार रेल कर्मचारियों को उनकी ईमानदारी और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए सुरक्षा पुरस्कारों से सम्मानित किया। उन्होंने इन रेल कर्मचारियों के अटूट समर्पण की सराहना की और कहा कि कर्तव्यों का पालन करते समय सतर्क, सावधान और अपनी जिम्मेदारियों के प्रति समर्पित रहें। इन पुरस्कार विजेताओं में से सुनंद कुमार बेहरा, स्टेशन प्रबंधक, जोरन्दा और टेकी श्रीनिवास राव, तकनीशियन-I/पलासा हैं। इन दोनों कर्मचारियों की सतर्कता और सूझबूझ से ट्रेनों का सुरक्षित और कुशल संचालन सुनिश्चित किया गया। तीसरा सम्मान खोरधारोड के मुख्य नियंत्रक, डी.रमेश बारिकी को प्रदान किया गया। वह ट्रेन पासिंग स्टाफ को संरक्षा परामर्श प्रदान करके अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदार हैं और चौथे पुरस्कार विजेता खोरधारोड के संरक्षा अनुदेशक, सुकेंद्र बेहरा हैं। जिन्होंने आपदा प्रबंधन योजनाओं की समय पर तैयारी, रात में फूट प्लेट निरीक्षण एवं जोनल, इंटर जोनल संरक्षा लेखा परीक्षा निरीक्षणों में सहायता करने में तत्पर हैं। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में पीके बेहरा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन), शुभ्रज्योति मंडल, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा), नमोनारायण मीना और अन्य शाखा अधिकारी उपस्थित थे।

### व्यापारिक और सामाजिक संगठनों ने किया वित्त मंत्री देवड़ा का स्वागत



**भोपाल**। मध्यप्रदेश के बजट में जनकल्याणकारी घोषणा ओर महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने घोषणा पर व्यापारिक और सामाजिक संगठनों ने वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा का स्वागत किया। अखिल भारती अग्रवाल महासभा व्यापार प्रकोष्ठ राष्ट्रीय संयोजक नवनीत अग्रवाल ने बताया कि वित्त वर्ष 2025- 26 के मध्य प्रदेश सरकार के बजट में महिला उद्यमीयों को प्रोत्साहित करने छोटे समूह और व्यापारियों के रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने की योजना, किसी भी नए कर की घोषणा नहीं करने से व्यापारियों ने राहत भरा बजट है। लोहा व्यापारी संघ के अनिल अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, कैनवास व्यापारी संघ से भगवान दास ढालिया, किराना व्यापारी संघ के मनीष अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह बजट को प्रदेश के व्यापारिक औद्योगिक विकास में मिल का पत्थर होगा। इस विकासोन्मुखी बजट के लिए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मध्यप्रदेश और राष्ट्रीय संगठनों ने वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा का स्वागत किया।

### इनफिनिक्स ने अत्याधुनिक नोट 50 एक्स 5जी प्लस को पेश किया

**नई दिल्ली**। इनफिनिक्स ने अत्याधुनिक नोट 50 एक्स 5जीप्लस पेश किया। यह स्मार्टफोन आधुनिक डिजिटल लाईफस्टाईल में यूजर्स के लिए परफॉर्मेंस, डिजाईन और अनुभव के नए मानक स्थापित कर देगा। नोट 50 एक्स 5जीप्लस की सेल फ्लिपकार्ट पर 3 अप्रैल, 2025 से शुरू होगी, जिसमें पहले दिन यह 10,499 रुपए (ऑफर सहित) के विशेष मूल्य में मिलेगा। यह स्मार्टफोन तीन आकर्षक रंगों- सी ब्रीज ग्रीन (वेगन लैदर), टाईटेनियम ग्रे और इंचैंटेड पर्पल (मैटेलिक फिनिश) में उपलब्ध होगा। यह स्मार्टफोन टेकप्रेमियों से लेकर दैनिक यूजर्स तक सभी के उपयोग के लिए बनाई गई है।

### निसान भारत में जल्द लांच करेगी 7 सीटर एमपीवी और 5 सीटर एसयूवी



**नई दिल्ली**। निसान मोटर इंडिया ने अपनी मौजूदा लाइन-अप में नई 7-सीटर एमपीवी को शामिल करने की घोषणा की है। कंपनी ने हाल ही में योकाहामा जापान में हुए ग्लोबल प्रोडक्ट शोकेस में भारत के लिए तैयार अपने दो नए प्रोडक्ट प्रदर्शित किए थे। यह भारतीय कारोबार को लेकर कंपनी की योजनाओं के अनुरूप है। यह कदम B-एसयूवी सेगमेंट में कंपनी की मौजूदा पकड़ के अतिरिक्त उठाया जाएगा। अभी इस सेगमेंट में नई निसान मैग्नाइट के साथ कंपनी आगे बढ़ रही है। आइए जरा विस्तार से इसकी डिटेल्स जानते हैं। निसान भारत के तेजी से बढ़ते बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने घरेलू स्तर पर अपना प्रदर्शन सुधारने और निर्यात को बढ़ावा देने की दिशा में काम करती रहेगी। निसान के इस विस्तार की शुरुआत ऑल-न्यू 7-सीटर एमपीवी (मल्टी पर्पज व्हीकल) के फर्स्ट टाइम ग्लोबल रिवील के साथ हुई। इसे भारतीय प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में ब्रांड न्यू एडिशन के रूप में फाइनेंशियल इयर 25 में लांच किया जाएगा।

### एलएनसीटी विवि और स्मार्टब्रिज ने हाथ मिलाया

# फायदेमंदः बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग एडवांस्ड सेल्सफोर्स सर्टिफिकेशन के कार्यक्रम को करेंगें शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल




एलएनसीटी विश्वविद्यालय और स्मार्टब्रिज ने भारत के पहले बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग एडवांस्ड सेल्सफोर्स सर्टिफिकेशन के साथ कार्यक्रम को शुरू करने के लिए हाथ मिलाया। एलएनसीटी विश्वविद्यालय और स्मार्टब्रिज ने इंजीनियरिंग शिक्षा को पुनः आकार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

पाठ्यक्रम में सेल्सफोर्स और एआई को एकीकृत करके, यह कार्यक्रम छात्रों को प्रतिस्पर्धी आईटी क्षेत्र में अत्यधिक रोजगार योग्य बनाने का वादा करता है। इस कार्यक्रम ने एलएनसीटी विश्वविद्यालय की तकनीकी शिक्षा में नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। एलएनसीटी विश्वविद्यालय ने स्मार्टब्रिज के साथ मिलकर एलएनसीटी आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में एडवांस्ड सेल्सफोर्स सर्टिफिकेशन में एक अभूतपूर्व बीटेक कार्यक्रम की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को सेल्सफोर्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में मांग वाले कौशल करना है, ताकि वे तेजी से विकसित हो रहे आईटी उद्योग में अग्रिम बने रहें। कार्यक्रम में अमरेंद्र कटकम - संस्थापक और सीईओ, स्मार्टब्रिज , श्रीदेवी सिरा-उपाध्यक्ष साझेदारी, स्मार्टब्रिज, डॉ. अनुपम चौकसे-सचिव, एलएनसीटी समूह और प्रो-चांसलर, एलएनसीटी विश्वविद्यालय, डॉ. नरेंद्र थापक-कुलपति, डॉ. अनुज गर्ग- समूह निदेशक, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट, डॉ. अशोक राय-निदेशक, प्रशासन, अम्बकेश्वर पाठक - निदेशक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अमरेंद्र कटकम ने स्मार्टब्रिज की भूमिका पर जोर दिया और यह बताया कि उद्योग-अकादमी के अंतर को पाटने के लिए हाथों-हाथ प्रशिक्षण की आवश्यकता है। डॉ. अनुपम चौकसे ने एलएनसीटी विश्वविद्यालय की उद्योग-आधारित शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया, विशेष रूप से सेल्सफोर्स में एजेंटफोर्स के महत्व पर जोर दिया, जो एक अत्याधुनिक एआई -आधारित ऑटोमेशन उपकरण है।

### छात्रों की अभूतपूर्व प्रतिक्रिया

*कार्यक्रम एक शानदार सफलता रही, जिसमें छात्रों ने नए कार्यक्रम के प्रति भारी उत्साह दिखाया। उनका भविष्य-तैयार कौशल प्राप्त करने के लिए उत्साह स्पष्ट था, जिससे यह पुष्टि होती है कि इस तरह की उद्योग-संरेखित पहलों का उच्च शिक्षा में अत्यधिक महत्व है।*

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता (1) श्रीमती हेमा मेंघानी पत्नी श्री रोहित मेंघानी आयु वयस्क निवासी म. नं. 14/बी, सेक्टर सी, सोनागिरी, हुजुर, भोपाल (म.प्र.) (2) श्रीमती सपना गुप्ता पत्नी श्री अतुल कुमार गुप्ता, आयु वयस्क, निवासी एम.आई.जी. 26, अप्सरा काम्पलेक्स, इन्द्रपुरी, हुजुर भोपाल म.प्र. आधार 6996 1521 2154 के एक किता आवासीय म.नं. 242, जो कि खसरा नं. 13, 18, 16, 904/16/2, 8/2 का अंश भाग होकर विकास गोपाल नगर, ग्राम खजुरी कलां, वार्ड नं. 61, तह. हुजुर जिला भोपाल (म.प्र.) जिसका प्लाट क्षेत्रफल 35X60= 2100 वर्गफीट अर्थात 195.10 वर्गमीटर है, जिसके भूतल पर 55.74 वर्गमीटर पक्का निर्माण है को विक्रय किया जा रहा है। जिसकी चतुर्थ सीमाएं दिशा पूरब में- प्लाट नं. 222, दिशा पश्चिम में- कालोनी रोड ,दिशा उत्तर में -प्लाट नं. 241, दिशा दक्षिण में- भूखंड क्र. 243 को क्रय करने का अनुबंध कर बयाने की राशि का भुगतान कर दिया है। यदि उक्त संपत्ति पर या इसके किसी भाग पर किसी व्यक्ति, शासकीय, अशासकीय, वित्तीय संस्था, बैंक, सोसायटी एवं अन्य का कोई ऋण, भार, दान, बंधक अथवा उसमें हित हो या इस अन्तरण में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तारीख से 07 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेजी साक्ष्य के अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। इस अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा उक्त अचल सम्पत्ति का रजिस्टर्ड बेनामा अपने पक्ष में करा लिया जावेगा।

भवदीय **प्रशांत गावंडे (एडवोकेट)**
मेंघानी लॉ चेंबर सी-62, इन्द्रपुरी, स्टेट बैंक के पास निजामुद्दीन रोड, भोपाल 462022 मो.-9424467837

**पश्चिम मध्य रेल**
इंजीनियरिंग निर्माण शाखा
**खुली निविदा**
(दो पैकेट प्रणाली)

**उप मुख्य अभियंता (निर्माण), पश्चिम मध्य रेल, सीधी,** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा नोटिस क्रमांक डिप्टी-सी.ई.-सी-सीधी-03-R1-2025, दिनांक 24.03.2025 के द्वारा आमंत्रित करते है। निविदाएं बन्द होने की तारीख 15.04.2025 एवं समय 15.00 बजे तक है। निविदाकर्ता अपनी मूल/संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नही होंगी तथा हस्त निविदाओं को उपेक्षित कर दिया जाएगा। निविदाएं पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। **निविदा क्रमांकः** डिप्टी-सी.ई.-सी-सीधी-03-R1-2025, दिनांक 24.03.2025. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः सीधी-सिंगरौली नई बीजी रेल लाइन परियोजना के संबंध में देवसर में टीएसएस भवन और गोंडवाली में एसपी/एसएसपी भवन का निर्माण। निविदा का अनुमानित मूल्यः** ₹ 3,40,33,525.21. **निविदा फार्म की कीमतः** 0.00. **बयाना राशिः** ₹ 3,20,200/-. **कार्य समापन अवधिः** 10 माह मानसून सहित। **ई-निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समयः** दिनांक 15.04.2025 को 15.00 बजे बंद एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई.आर.ई.पी.एस. के माध्यम से **https://www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है, कि वे समय-समय पर बदलाव व शुद्धिपत्रों हेतु आई.आर.ई.पी.एस. की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फार्म के अनुसार इन निविदाओं के लिए लागू होगा।

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

चिंतन

# बाहर से आने वालों पर कठोर निगरानी जरूरी

अमेरिका समेत दुनिया भर में जब अवैध प्रवासी को लेकर चर्चा गर्म है और हर देश अपने यहां रह रहे अवैध नागरिकों को बाहर करने के लिए प्रयासरत है, तब भारत में प्रवासन नीति को लेकर विधेयक पर चर्चा ध्यान खींचती है। आजादी के बाद से भारत बाहर से आने वालों को लेकर अधिक सख्त नहीं रहा है। इसका कारण है कि भारत से अलग हुए पाकिस्तान, बांग्लादेश के अलावा पड़ोसी नेपाल, भूटान, म्यांमार, श्रीलंका, अफगानिस्तान से लोग भारत आकर रहते-बसते रहे हैं। भारत बाहरी नागरिकों के लिए एक सुरक्षित मुल्क रहा है, लेकिन आज स्थिति बदल रही है। गलत नीयत से आने वाले प्रवासी, अवैध नागरिक भारत के लिए समस्या बनते जा रहे हैं। भारत के डेमोग्राफी में बदलाव की नीयत से, आतंकवाद, उपद्रव, अशांति फैलाने के उद्देश्य से लोग आने लगे हैं, जो भारत के लिए चिंता की बात है। गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में 'आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025' पर चर्चा के दौरान जवाब में दो टूक संदेश दिया है कि 'भारत कोई धर्मशाला नहीं है कि कोई भी जब चाहे यहां आकर रहे, अशांति के लिए आने वालों से सरकार कठोरता से निपटेगी।' देखा गया है कि देश में अवैध घुसपैठ करने वाले आतंकवाद, हिंसा, ड्रग्स तस्करी आदि में लिप्त रहे हैं, जो देश की शांति में खलल के कारण बन रहे हैं। भारत सरकार की प्रवासन नीति कठोरता और करुणा का मिश्रण है। नए विधेयक में प्रावधान है कि भारत में व्यापार, शिक्षा और शोध के लिए आने वालों का स्वागत होगा, लेकिन गलत उद्देश्य से और अशांति फैलाने के मंसूबे के साथ दाखिल होने वालों से कठोरता से निपटा जाएगा। शांति व सुरक्षा के लिए यह नीति जरूरी है। भारत में कौन आता है और कितने समय के लिए आता है, देश की सुरक्षा के लिए सरकार को यह जानने का अधिकार है। दुनिया के सभी देशों में बाहर से आने वालों के लिए कठोर नियम है। भारत भी इस दिशा में बढ़ रहा है, जो सकारात्मक है। भारत ने अभी तक शरणार्थी संबंधी अंतरराष्ट्रीय संधि पर हस्ताक्षर नहीं किया है। इसके पीछे सरकार का तर्क है कि पांच हजार साल से प्रवासियों के बारे में भारत का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग रहा है और देश को किसी शरणार्थी नीति की जरूरत नहीं है। भारत का शरणार्थियों के प्रति एक इतिहास रहा है। पारसी भारत में आए। इजराइल से यहूदी भारत में आ रहे हैं। कालक्रम में अनेक लोग बसने के लिहाज से आए। लेकिन अब स्थिति बदली हुई है, अशांति फैलाने वालों को रोकना जरूरी है। चूंकि, पूरी दुनिया के अर्थतंत्र की सूची में भारत एक 'ब्राइट स्पॉट' बनकर उभरा है, एक विनिर्माण केंद्र बनकर उभरा है और ऐसे में देश में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी। भारत के विकास में योगदान करने के लिए आने वाले देश के लिए असेट होंगे, लेकिन अस्थिरता व अशांति फैलाने कोई आएंगे तो उनसे कठोरता से निपटना जरूरी है। बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए किस प्रकार सरकार के लिए संकट बने हैं यह किसी से छिपा नहीं है। भारत छह पड़ोसी देशों के प्रताड़ित लोगों को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के माध्यम से नागरिकता दे रहा है। भारत को एक सुरक्षित और नागरिक विनियमन राष्ट्र के तौर पर स्थापित करना जरूरी है। नागरिकता को लेकर भारत की सॉफ्ट पावर की छवि को बदल कर कठोर निगरानी के साथ नियम आधारित बनाना ही चाहिए। नागरिकता पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।



विश्लेषण
विवेक शुक्ला


# नशे के खिलाफ जंग लड़ता भारत

पिछले कई दशकों से ड्रग्स माफिया और उनके नेटवर्क के लोगों ने मणिपुर और म्यांमार के बीच नशे के कारोबार का एक गोल्डन ट्राएंगल बना रखा था, लेकिन जब से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस गोल्डन ट्राएंगल को डेथ ट्राएंगल में बदलने का ऐलान किया। ड्रग्स माफियाओं का खेल बिगड़ने लगा और कई एजेंटों को जान से हाथ धोना पड़ा। चूंकि पहले नॉर्थ ईस्ट के राज्यों से इन ड्रग्स कारोबारियों को राजनीतिक संरक्षण मिलता रहा था, इसलिए ये ड्रग्स माफिया चुपचाप काम करते रहे, लेकिन नरेन्द्र मोदी के 2014 में देश का प्रधानमंत्री बनने और नशे के सौदागरों के खिलाफ अमित शाह की जीरो टॉलरेंस नीति के कारण अब यही ड्रग्स माफिया विद्रोह को हवा देने में जुट गए।

आमतौर पर सिर्फ पंजाब के लिए कहा जाता है कि नशे की लत के कारण पूरा राज्य बर्बादी की तरफ बढ़ रहा है। इस सूची में गोवा, मिजोरम, मेघालय और मणिपुर भी पीछे नहीं हैं। कहने वाले कहते हैं कि मणिपुर समस्या की सबसे गहरी जड़ नशे के कारोबार से जुड़ी है। पिछले कई दशकों से ड्रग्स माफिया और उनके नेटवर्क के लोगों ने मणिपुर और म्यांमार के बीच नशे के कारोबार का एक गोल्डन ट्राएंगल बना रखा था, लेकिन जब से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस गोल्डन ट्राएंगल को डेथ ट्राएंगल में बदलने का ऐलान किया।

ड्रग्स माफियाओं का खेल बिगड़ने लगा, और कई एजेंटों को जान से हाथ धोना पड़ा। चूंकि पहले नॉर्थ ईस्ट के राज्यों से इन ड्रग्स कारोबारियों को राजनीतिक संरक्षण मिलता रहा था, इसलिए ये ड्रग्स माफिया चुपचाप काम करते रहे, लेकिन नरेन्द्र मोदी के 2014 में देश का प्रधानमंत्री बनने और नशे के सौदागरों के खिलाफ अमित शाह की जीरो टॉलरेंस नीति के कारण अब यही ड्रग्स माफिया विद्रोह को हवा देने में जुट गए। दरअसल अपराध की जो संगठित गिरोहबाजी है, उसमें सबसे बड़ी श्रृंखला नशे की कारोबारियों की है। किसी के पास यह निश्चित आंकड़ा नहीं है कि ड्रग्स सिंडिकेट का कारोबार कितना बड़ा है, लेकिन हर देश को यह अंदाजा जरूर है कि यह गैरकानूनी धंधा पूरे संसार में सबसे बड़ा है और हर देश इससे पीड़ित है और इसे खत्म करने के लिए जूझ भी रहा है। भारत दो प्रमुख ड्रग उत्पादक क्षेत्रों- गोल्डन क्रिसेंट (ईरान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान) और गोल्डन ट्रायंगल (थाईलैंड-लाओस-म्यांमार) के बीच स्थित है, जो इसे अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के लिए संवेदनशील बनाता है। भारत दुनिया के सबसे बड़े अफ़ीम बाज़ारों में से एक है। नशे की लत इतनी ज्यादा खतरनाक है कि कई बार लोग इसके अति सेवन से और न मिलने पर आत्महत्या तक कर डालते हैं। नशे के कारण होने वाली मौतों की गंभीरता को समझते हुए केंद्र सरकार ने 1995 में ऐसी मौतों के आंकड़े को अलग करना शुरू किया था। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को 'मादक पदार्थ मुक्त' बनाना है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मानें तो केवल 2024 में भारत में 16,914 करोड़ के ड्रग्स पकड़े गए। कुछ देश ऐसे भी हैं जो इसको बढ़ावा भी दे रहे हैं, लेकिन संभवतः उनके यहां सिस्टम नाम की चीज नहीं है और इन पर एक तरह से अपराधियों का ही कब्जा है। दुनिया में पांच ऐसे बड़े देश हैं जहां नशे का कारोबार सबसे अधिक फैलता है। सबसे पहले नंबर पर ईरान है। उसके बाद अफगानिस्तान, फिर रूस, अमेरिका और ब्रिटेन भी। भारत कुछ चंद देशों में शामिल है, जो ड्रग्स सिंडिकेट के निशाने पर हमेशा रहा है। एक तो दुनिया की सबसे बड़ी आबादी और दूसरे भारत की सीमाएं चीन,भूटान, नेपाल,पाकिस्तान, बांग्लादेश और म्यांमार के साथ लगी होने से ड्रग्स डीलरों के लिए सबसे बड़ी और अपेक्षाकृत आसान मंडी भारत बन गया था। उस पर भी पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ परोक्ष युद्ध में नशे की खेप को भी एक हथियार बना रखा है। गृह मंत्रालय की एक रिपोर्ट तो चौंकाने वाली है। दिसंबर 2024 में गृह मंत्रालय के हवाले से यह खबर छपी कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई न सिर्फ भारत में नशे की खेप भेज



रहा है, बल्कि भारत की जेलों में बंद अपने हैंडलरों को खास संदेश देने के लिए नशेड़ियों को भारत में घुसपैठ भी करा रहा है। आज भारत के कई ऐसे राज्य हैं, जहां नशे के सामान सबसे अधिक बेचे और इस्तेमाल किए जाते हैं। ड्रग माफियाओं से भारत ही नहीं, दुनिया के कई देश परेशान हैं। अमेरिका में सबसे अधिक ड्रग एडिक्ट लोग रहते हैं, पर संतोष की बात यह है कि अन्य बड़ी समस्याओं की तरह भारत ने भी नशे की बीमारी को गंभीरता से लिया है और मोदी सरकार ने नक्सल मुक्त भारत की तरह नशा मुक्त भारत का भी अभियान छेड़ रखा है। क्योंकि नशे का कारोबार केवल हमें आर्थिक क्षति नहीं दे रहा, बल्कि पीढ़ियों को बर्बाद कर रहा है। नशे में आदी लोग सामाजिक ताना-बाना को भी चोट पहुंचा रहे हैं। नशेड़ी मारपीट, चोरी, डकैती और कुछ हत्या तक के अपराधी हैं। केंद्र सरकार नशे की चपेट में आए लोगों के प्रति बेहद संजीदगी से पेश आ रही है।

मोदी सरकार की गंभीरता इसी से पता चलती है कि केंद्र सरकार अपने संसाधन से देश में 340 से अधिक नशा मुक्ति केंद्र चला रही है। न केवल नशे की खेप को आने से रोकने के लिए रणनीतिक साझेदारी के साथ राज्य सरकारों को विश्वास में लेकर चल रही है, बल्कि पीड़ितों के साथ भी मानवीय आधार पर नशामुक्ति का अभियान चला रही है। गृह मंत्रालय के साथ-साथ इस काम में मानव संसाधन मंत्रालय, वित्त मंत्रालय और समाज कल्याण मंत्रालय के साथ साथ राज्य भी भागीदारी कर रहे हैं। नशीले पदार्थ की एक पुड़िया भी बरामद होने के बाद नीचे से ऊपर तक की श्रृंखला को खोद निकाला जा रहा है। नशे का कारोबार चूंकि एक संगठित अपराध है, इसलिए इसका मुकाबला भी संयुक्त प्रयास से ही किया जा सकता है। केंद्र और राज्यों का समन्वय और इससे लगने की इच्छा शक्ति बहुत जरूरी है। यह अच्छी बात है कि केंदीय गृह मंत्री अमित शाह इस मामले में बहुत गंभीर हैं। अभी हाल ही में अमित शाह ने संसद के जरिए देश को बताया है कि उनके मंत्रालय ने राज्यों के साथ मिलकर एक चार स्तरीय नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर मैकेनिज्म की स्थापना की है, ताकि संगठित अपराधियों के खिलाफ काम करने वाली केंद्र एवं राज्यों की एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल हो सके। सभी एजेंसियां एक ही दिशा में काम करें और रियल टाइम में सूचनाओं का आदान-प्रदान हो सके, इसके लिए एक वेब पोर्टल एनसीओआरडी लॉन्च किया गया है। इसी तरह से एक डेडिकेटेड एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स का भी गठन किया है। बीएसएफ और असम रायफल्स जैसे अर्धसैनिक बलों को एनडीपीएस कानून के तहत ड्रग्स सिंडिकेट के खिलाफ सर्च और सीजर का अधिकार दे दिया गया है। खुद नार्कोटिक्स कंट्रोल बोर्ड नेवी, कोस्ट गार्ड और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर एंटी नारकोटिक्स ऑपरेशन कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में हमें बड़ी सफलताएं भी मिली हैं। 2014 से लेकर 2024 तक एक करोड़ किलो ड्रग्स को जब्त किया गया है, जिनकी अनुमानित कीमत डेढ़ लाख करोड़ रुपये है। अमित शाह के कार्यकाल में अभी तक 6 लाख 56 हजार ड्रग्स के केस दर्ज हो चुके हैं। यह रिकॉर्ड 2014 से पहले के मुकाबले कई गुना अधिक हैं। पर सच्चाई यह भी है कि ड्रग्स का कारोबार रुक नहीं सका है। चोरी छुपे यह लोगों तक पहुंच ही जा रहे हैं। इस मामले में गृह मंत्री अमित शाह की संसद में कही इस बात को भी ध्यान में रखना जरूरी है कि नशे के खिलाफ लड़ाई अकेले केंद्र सरकार नहीं जीत सकती, समाज और राज्यों को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। यह ठीक भी है कि नशे के खिलाफ अभियान घरों की चौखट से शुरू होनी चाहिए। नशे की समस्या से निपटने में बुनियादी ढांचे से लेकर प्रशिक्षित कर्मियों, विशेष उपकरणों, साइकोएक्टिव ड्रग्स व डार्क नेट-क्रिप्टो तक अनेक चुनौतियां भी हैं।

(लेखक पूर्व सूचना अधिकारी, यूएई एंबेसी हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

दो टूक
डॉ. मोनिका शर्मा



# कोर्ट सोच समझकर यौन शोषण केस में टिप्पणी करें

बीते दिनों आए इलाहाबाद हाईकोर्ट के विवादित आदेश से आमजन हैरान-परेशान तो हुए ही, इस टिप्पणी का मुखर विरोध भी हुआ। ज्ञात हो कि अपनी टिप्पणी में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा कहा गया था कि 'किसी लड़की के निजी अंग पकड़ लेना, उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ देना और जबरन उसे पुलिया के नीचे खींचने की कोशिश से रेप या 'अटेम्प्ट टु रेप' का मामला नहीं बनता।'


देश के हर हिस्से में बसे लोगों ने इस फैसले का ना केवल विरोध किया बल्कि इसे असंवेदनशील भी माना। हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के दुष्कर्म संबंधी इस दृष्टिकोण पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इस टिप्पणी पर रोक लगा दी है। ध्यातव्य है कि सुप्रीम अदालत ने उच्च न्यायालय द्वारा दिए आदेश में की गयी कुछ टिप्पणियों को पूरी तरह से 'असंवेदनशील' तथा 'अमानवीय दृष्टिकोण वाली' माना है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे 'बेहद गंभीर मामला' करार देते हुए कहा कि सामान्य परिस्थितियों में हम इस स्तर पर स्थगन देने में सुस्त हैं, लेकिन ये टिप्पणियां कानून के सिद्धांतों से पूरी तरह अलग हैं। इसलिए हम उक्त टिप्पणियों पर स्थगन देने के लिए इच्छुक हैं, जिनमें कहा गया था कि 'महज ... पकड़ना और पायजामे का नाड़ा ... बलात्कार के अपराध के दायरे में नहीं आता'। गौरतलब है कि पहले इसी मामले में फैसले के विवादित हिस्से को हटाने की मांग को लेकर दायर एक याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया था। ऐसे में पूरे देश में आक्रोश, चर्चा और चिंता का विषय बने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को लेकर उच्चतम न्यायालय का यह हस्तक्षेप जरूरी और विचारणीय है। देश में बाल शोषण और दुष्कर्म के आंकड़े सचमुच चिंतनीय हैं। यह मामला भी 11 वर्षीय नाबालिग लड़की से जुड़ा है। असल में बच्चों के शोषण से जुड़े मामलों को स्पष्टता से समझना मुश्किल होता है। अधिकतर मामलों में तो अपने ही बाल शोषण और दुष्कर्म की घटनाओं को अंजाम देते हैं। नाबालिग बच्चों के मामले में तो दुर्व्यवहार की सीमा और स्थिति का आकलन और मुश्किल हो जाता है।

यही वजह है कि बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी घटनाओं में पहले भी न केवल ऐसे निर्णय आए हैं बल्कि उच्चत्तम न्यायालय द्वारा हस्तक्षेप भी किया गया है। 2021 में बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा भी यौन उत्पीड़न के एक आरोपी को यह कहते हुए बरी कर दिया था कि किसी नाबालिग पीड़ित के निजी अंगों को स्किन टु स्किन संपर्क के बिना टटोलना पॉक्सो (प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल अफेंसेस एक्ट) में अपराध नहीं मान सकते। ध्यातव्य है कि इस फैसले को सुप्रीम अदालत ने पलटते हुए कहा था कि किसी बच्चे के यौन अंगों को छूना या यौन इरादे से शारीरिक संपर्क से जुड़ा कोई भी कृत्य पॉक्सो एक्ट की धारा 7 के तहत यौन हमला माना जाएगा। इसमें महत्वपूर्ण इरादा है, न कि त्वचा से त्वचा का संपर्क। बीते साल मद्रास हाईकोर्ट ने भी एक मामले को यह कहते हुए निरस्त कर दिया था कि बच्चों की अश्लील वीडियो देखना पोस्को और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत अपराध नहीं है। चाइल्ड पोर्नोग्राफी वीडियो पर मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले को भी सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया था। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि बच्चों की अश्लील वीडियो को डाउनलोड करना, देखना और उसे अपने पास रखना अपराध है। असल में बच्चों के कामुक शोषण के मामलों में मंशा ही सबसे अहम है। वैचारिक मोर्चे पर नकारात्मकता की दस्तक ही व्यवहार की बर्बरता के रूप में सामने आती है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि सामाजिक परिवेश से लेकर स्कूल और पारिवारिक माहौल तक, बच्चों के प्रति दुर्व्यवहार की सोच रखने वाले करीबी अपने ही होते हैं। परिचितों- अपरिचितों की सोच की दिशाहीनता ही ऐसे वाकयों का कारण बनती हैं। इतना ही नहीं, अश्लील सामग्री देखना और अपने पास रखना भी कुत्सित सोच से ही जुड़ा है।

न केवल ऐसी सामग्री को देखकर बच्चों के साथ बर्बरता करने के मामले सामने आ चुके हैं बल्कि ऐसा कंटेन्ट बनाने के लिए भी बच्चों का शोषण किया जाता है। ऐसे में बच्चों के यौन शोषण से जुड़े मामलों से जुड़ीं न्यायिक टिप्पणी महत्वपूर्ण होती हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट जैसे आदेश ना केवल नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों का दुस्साहस बढ़ाते हैं बल्कि इनके संदर्भ भावी घटनाओं से जुड़े निर्णय को भी प्रभावित करते हैं। नई पीढ़ी के लिए बढ़ती असुरक्षा और अविश्वास के परिवेश में न्यायिक निर्णयों में स्पष्टता और संवेदनशीलता आवश्यक है।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार और स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## ईश्वर की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत तत्व की आराधना है।

## ब्राह्मण का सपना



संकलित
प्रेरणा

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूँगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गौओं के बाद भैंसे लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊँगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरुपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूँगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारुंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

## कूनो में चहलकदमी



शिवपुरी। मध्यप्रदेश के शिवपुरी के कूनो नेशनल पार्क में मादक चीता 'वीरा' के दो माह के दो शावक जंगल में चहलकदमी करते हुए।

## आज की पाती

### फास्ट फूड के सेवन से पनपती स्वास्थ्य समस्याएं

भारत की खाद्य संस्कृति वैश्वीकरण, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के परिणामस्वरूप बदल रही है, जो प्रमुख सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का कारण बन रही है। भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं, जैसे मोटापा, टाइप-2 मधुमेह और हृदय संबंधी विकार। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण संबंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा। इस प्रवृत्ति में समय के साथ स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों पर दबाव डालने और पीढ़ियों के जीवन की सामान्य गुणवत्ता को प्रभावित करने की क्षमता है। *- दिनेश यादव, कांकेर*

## ट्रेंड

### श्रद्धांजलि अर्पित



श्री श्री हरिचंद ठाकुर की जयंती पर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ जिन्होंने हाशिए पर पड़े समुदायों के कल्याण और सामाजिक असमानताओं के उन्मूलन के लिए काम किया। करुणा और एकता पर उनकी शिक्षाएँ आज भी हमारा मार्गदर्शन करती हैं।

-जे.पी. नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री


### सम्मान देने की प्रतिबद्धता



दिल्ली के वरिष्ठ नागरिकों को आर्थिक सुरक्षा और सम्मान देने की प्रतिबद्धता को साकार किया। 60-69 वर्ष की आयु के नागरिकों को 2,500 व 70+ आयु के नागरिकों को 3,000 रुपये प्रतिमाह पेंशन देने का निर्णय लिया गया है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### नशे के खिलाफ़ युद्ध



पंजाब में हमारी सरकार ने नशे के खिलाफ़ ज़बरदस्त युद्ध छेड़ा हुआ है। अब अगले चरण में नशे के बड़े सप्लायर्स पर वार किया जाएगा। नशे का एक भी विक्रेता या सप्लायर बख्शा नहीं जाएगा।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### डेटा एनालिटिक्स



प्लांट साइंटिस्ट डॉ. स्मिता हेज ने डेटा एनालिटिक्स का उपयोग कर कम बजट में मैंगलोर में पेड़ों का सफलतापूर्वक मानचित्रण किया। बेंगलुरु को इस तरह की परियोजना शुरू करनी चाहिए।

- किरण मजूमदार, उद्यमी

## करंट अफेयर

### शिशु मृत्यु दर रोकने में भारत की अहम भूमिका

विश्व निकाय ने 'आयुष्मान भारत' जैसी स्वास्थ्य पहलों का उदाहरण देते हुए शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में भारत के प्रयासों और प्रगति की सराहना की तथा इसे 'अनुकरणीय' बताया। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि देश ने अपनी स्वास्थ्य प्रणाली में रणनीतिक निवेश के माध्यम से लाखों लोगों का जीवन बचाया है।



मंगलवार को जारी संयुक्त राष्ट्र के एक समूह की शिशु मृत्यु दर आकलन रिपोर्ट में भारत, नेपाल, सेनेगल, घाना और बुरुंडी का उदाहरण दिया गया तथा शिशु मृत्यु दर रोकने में हुई प्रगति में अहम भूमिका निभाने वाली विभिन्न रणनीतियों पर प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि इन देशों ने दिखाया है कि 'राजनीतिक इच्छाशक्ति, साक्ष्य-आधारित रणनीतियों और निरंतर निवेश से मृत्यु दर में पर्याप्त कमी लाई जा सकती है। भारत के बारे में रिपोर्ट में कहा गया कि देश ने स्वास्थ्य प्रणाली में निवेश के माध्यम से स्थिति को बेहतर किया है। इसमें कहा गया कि 'अपनी स्वास्थ्य प्रणाली में रणनीतिक निवेश के माध्यम से भारत पहले ही लाखों लोगों का जीवन बचा चुका है और लाखों अन्य लोगों के लिए स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त किया है।'


## ऑफ बीट

### गरीबी मस्तिष्क के विकास में बाधक

प्रारंभिक बचपन मस्तिष्क के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवधि है, जो अनुभूति और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। इस उम्र में मस्तिष्क का अच्छा स्वास्थ्य सीधे तौर पर बेहतर मानसिक स्वास्थ्य, अनुभूति और किशोरावस्था और वयस्कता में शैक्षिक उपलब्धि से जुड़ा होता है। यह तनाव के समय में उसे झेलने की क्षमता भी प्रदान कर सकता है। लेकिन, दुख की बात है कि गरीबी के कारण मस्तिष्क का विकास बाधित हो सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि प्रारंभिक बचपन गरीबी के माहौल में बिताना कम शैक्षिक उपलब्धि के लिए एक जोखिम कारक है। यह मस्तिष्क संरचना में अंतर, खराब अनुभूति, व्यवहार संबंधी समस्याओं और मानसिक स्वास्थ्य लक्षणों से भी जुड़ा है। इससे पता चलता है कि सभी बच्चों को जीवन में समान अवसर देना कितना महत्वपूर्ण है। लेकिन जब तक असमानता को कम करने और परिणामों में सुधार करने के लिए पर्याप्त उपाय नहीं किए जाते, साइकोलॉजिकल मेडिसिन में प्रकाशित हमारा नया अध्ययन, एक कम लागत वाली गतिविधि दिखाता है जो कम से कम मस्तिष्क पर गरीबी के कुछ नकारात्मक प्रभावों का प्रतिकार कर सकती है।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।



# घुंघरू, सैयां और फेमस सिंगर लकी अली के गीतों पर खूब झूमे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी द्वारा स्किल्स फ्यूजन फेस्ट 2025 वार्षिकोत्सव को गुरुवार को सेलिब्रेट किया गया। इस जश्न को और भी खास और यादगार बनाने के लिए विश्वविद्यालय ने अपने परिसर में प्रसिद्ध बैंड ट्विन स्ट्रिंग्स का लाइव म्यूजिक कंसर्ट आयोजित किया। उम्दा साउंड अरेंजमेंट्स और बेहतरीन लाइटिंग के साथ-साथ सिंगर्स ने सुरों का कुछ ऐसा समा बांधा की विश्वविद्यालय परिसर दर्शकों के अभिवादन और प्रशस्ति में बजाई गई तालियों से गूंज उठा।

स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में ट्विन स्ट्रिंग्स बैंड की म्यूजिकल परफॉर्मेंस



### ओरिजनल गाने ढलती रहे से की शुरुआत

म्यूजिक बैंड ने शाम की शुरुआत अपने ओरिजनल गाने ढलती रहे से की। इसके बाद बेख्याली को परफॉर्म किया। उसके बाद से उन्होंने घुंघरु, सैयां और फेमस सिंगर लकी अली की मेडली प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस बैंड को उनके ओरिजिनल गानों की प्रस्तुति के लिए जाना जाता है। बैंड को सुनने बड़ी तादाद में लोग आए और संगीत से अपनी शामें सजाईं।

---

सीआईसीएएसए का सीए स्टूडेंट्स यूथ फेस्ट का आयोजन

# पुष्पा 2 के सामी को देख तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा हाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

अंगारों का अंबर सा लगता है मेरा सामी... गीत पर काली के रूप में 6 गज की साड़ी पहने, जैसे ही पुष्पा 2 के सामी ने मंच पर प्रवेश किया। पूरा हॉल करतल ध्वनि से गूंज उठा। मौका था सीआईसीएएसए के सीए स्टूडेंट्स यूथ फेस्ट के आयोजन का। जिसमें सीए स्टूडेंट्स ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, मनोरंजक गतिविधियों और अनगिनत मनोरंजन से भरपूर प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब तालियां बंटोरी।

### खास आकर्षक रहे फिर हेरा-फेरी स्त्री-2 और लगान के किरदार

शाम का सबसे बड़ा आकर्षण रैंप वॉक रही, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए फिर हेरा=फेरी, स्त्री 2 और लगान जैसी प्रसिद्ध फिल्मों के किरदारों को जीवंत किया। उनके शानदार परिधानों, हावभावों और प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को और भी रोचक बना दिया। इस फेस्ट में विभिन्न प्रतियोगिताएं और प्रस्तुतियां शामिल थीं, जिनमें ग्रुप डांस परफॉर्मेंस, सोलो सिंगिंग प्रतियोगिता और सोलो डांस प्रतियोगिता प्रमुख रहीं।

स्व. सुदर्शन की स्मृति में 16वां सृजन महोत्सव शुरू

# मनोहारी नृत्यों की प्रस्तुति ने मोहा मन



**भोपाल।** यंग्स थिएटर आर्टिस्ट आर्ट एण्ड कल्चरल फाउंडेशन द्वारा तीन दिवसीय 16वें सृजन महोत्सव नाट्य एवं सम्मान समारोह का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन मुख्य अतिथि व सुप्रसिद्ध कहानीकार कांता राय द्वारा अपनी प्रसिद्ध लघुकथाओं का वाचन किया। कान्ता राय ने अपनी लघुकथाएं 'सावन की झड़ी', 'कतरे हुए पंख' और 'श्रम की कीमत' का वाचन किया। दूसरे सत्र में नृत्य विधा में प्रसिद्ध ग्रुप वरदान म्यूजिक एण्ड डांस एकेडमी कोलार रोड द्वारा मनोहारी नृत्यों की प्रस्तुति हुई।

---

शहर के अनेक सभागार व भवनों में कई नाटकों का मंचन

विश्व रंगमंच दिवस के उपलक्ष्य में दी प्रस्तुतियां

# विश्व रंगमंच दिवस के उपलक्ष्य में नाट्य प्रस्तुतियों ने बांधा समां



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

विश्व रंगमंच दिवस के उपलक्ष्य में राजधानी के सभागारों व भवनों में नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। जहां शहीद भवन में रंग त्यौहार का आयोजन हुआ तो वहीं रविंद्र भवन में राजीव वर्मा के निर्देशन में नाटक ड्रमस्टिक की प्रस्तुति खास रही। वहीं मायाराम सुरजन भवन में तीन नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों की खूब तालियां बंटोरीं।

## कृष्ण-सुदामा की मित्रता दर्शाता नाटक 'सुदामा के चावल'

विश्व रंगमंच दिवस पर शहीद भवन में सागर गुंचा नटरंग कल्चरल एवं वेलफेयर सोसायटी द्वारा रंग त्यौहार का आयोजन किया गया। जिसमें मंच पर से अभिनेता मुकेश तिवारी एवं मंच परे से मॉरिस लाजरस अलख रंग गौरव सम्मान दिया गया। रंग त्यौहार के पहले चरण में रंग परिचर्चा का आयोजन हुआ जिसमें गुरु अलखनंदन के भारतीय रंगमंच विशेषतः मध्यप्रदेश में गुरु अलखनंदन का रंग योगदान एवं प्रभाव विषय पर बातचीत हुई।


शहीद भवन में रंग त्यौहार कार्यक्रम में रंग परिचर्चा, रंग संगीत और नाट्य प्रस्तुति

### अलखनंदन और हबीब के नाटकों में प्रयुक्त गीतों पर प्रस्तुति

अगली कड़ी में रंग संगीत की प्रस्तुति खास रही। जिसमें गुरु अलखनंदन के नाटकों के साथ हबीब के नाटकों के गीत प्रस्तुत किए गए। वहीं रंग त्यौहार के अंतिम कड़ी में एकल नाट्य सुदामा के चावल का मंचन हुआ। जिसमें दिखाया गया कि कैसे श्री कृष्ण अपने बचपन के परम मित्र सुदामा को देख भाव विभोर हो गए और उन्होंने सुदामा के चावलों को बड़े ही मुस्कुराते हुए खाया।

### लघु नाट्य प्रस्तुति 'संस्कार' का मंचन

फ्लाइंग फैरीज नाट्य संस्था द्वारा विश्व रंगमंच दिवस के उपलक्ष्य में मनीष मित्रा द्वारा लिखित और डॉ. आजम खान द्वारा निर्देशित नाटक 'संस्कार' का मंचन किया गया। नाटक में ग्रामीण पृष्ठभूमि में जमींदारी प्रथा, लालच और पारिवारिक विवाद की मनोरंजक कहानी को दिखाया गया। यह नाटक बंछा राम नाम के एक वृद्ध व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमता है, जो अपनी बगीची को जमींदार और अन्य लोगों से बचाने के लिए जी-जान से जुटा रहता है। जमींदार के पिता छकोरी, जो लालच में मरने के बाद भी अपना बगीचा नहीं छोड़ पाते और भूत बनकर पेड़ों के बीच भटकते रहते हैं। इस तरह कहानी में हास्य का अनूठा रंग जोड़ते हैं।



### रविंद्र भवन में नाटक 'ड्रमस्टिक' का मंचन

कभी किसी को मुकम्मल जहां नहीं मिलता, कहीं जमीं तो कहीं आसमां नहीं मिलता, फिर भी ये दुनिया चलती है, दौड़ती है, हंसती है, खुश रहती है... चलती रहती है, निदा फाजली के इसी एक शेर पर आधारित नाटक ड्रमस्टिक का मंचन गुरुवार को रविंद्र भवन सभागार में किया गया। गजेंद्र अहिर के मूल मराठी के इस नाटक का हिंदी अनुवाद प्रवीण महुवाले ने किया। जिसे भोपाल थिएटर के कलाकारों ने प्रस्तुत किया। नाटक में परिकल्पना एवं निर्देशन राजीव वर्मा का रहा।

### दिनकर की प्रसिद्ध काव्य रचना रश्मिरथी पर नाट्य प्रस्तुति



विश्व रंगमंच दिवस पर द राइजिंग सोसायटी ऑफ आर्ट एंड कल्चर ने कालीबाड़ी, न्यू मार्केट में रामधारी सिंह दिनकर की प्रसिद्ध काव्य रचना रश्मि रथी पर प्रस्तुति दी। जिसका निर्देशन अभिनेता, निर्देशक तानाजी ने किया। कहानी में दिखाया कि पांडवों के अज्ञातवास से लौटने के बाद कृष्ण पाण्डवों का दूत बन कर हस्तिनापुर जाते हैं, लेकिन कृष्ण को वहां अपमानित किया जाता है। कृष्ण क्रोधित होकर दुर्योधन को चेतावनी देते हैं और युद्ध की विकरालता को बताते हैं कि युद्ध कितना भयानक होगा और उनकी यह चेतावनी सुन सारी सभा बेहोश हो जाती है और इस प्रकार महाभारत युद्ध की पृष्ठभूमि तैयार होती है।



### समाज में मौजूद रूढ़ियों और दिखावे पर तीखा प्रहार करती नाट्य प्रस्तुति

#### मायाराम सुरजन भवन में तीन व्यंग्यों पर आधारित प्रस्तुति



भूमिका नाट्य संस्था द्वारा मायाराम सुरजन भवन में शरद जोशी का व्यंग दो जूतों की कहानी, हरिशंकर परसाई का शव यात्रा का तौलिया और भगवती चरण वर्मा का व्यंग्य प्रेजेंटस को प्रस्तुत किया, जिसका निर्देशन गोपाल दुबे ने किया। पहली कहानी दो जूते में दो जूतों का अंत दिखाया तो वहीं दूसरी कहानी शव यात्रा में भारतीय समाज में मौजूद रूढ़ियों और दिखावे पर तीखा प्रहार किया। अंतिम प्रस्तुति में प्रेजेंट्स में दिखाया कि एक प्रेमी प्रेमिका के घर में हर एक चीज पर अलग अलग पुरुषों के नाम होने से द्वंद में आ जाता है फिर वो अपनी प्रेमिका को ये बताता है तो वह हंस कर जवाब देती है कि ये सब प्रेजेंट उसे अपने प्रेमियों से मिले हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### आज से सबके लिए जल, जल के लिए सभी अंतरराष्ट्रीय महोत्सव

**भोपाल।** सबके लिए जल, जल के लिए सभी अंतरराष्ट्रीय महोत्सव, 28-29 मार्च को रवीन्द्र भवन में आयोजित किया जाएगा। इसका आयोजन वेल्थंगरहिल्फ और विवा कॉन आगुआ, अपने साझेदारों परमार्थ समाज सेवी संस्थान और समर्थन- सेंटर फॉर डेवलपमेंट के साथ मिलकर कर रहा है। संस्था के डायरेक्टर राकेश कटल ने बताया कि 28 मार्च को सुबह 10 बजे यूनिवर्सल लैंग्वेजेज फॉर बिहेवियर चेंज कार्यक्रम प्रदर्शित किए जाएंगे। कार्यक्रम में कठपुतली शो के साथ लोक नृत्यों की प्रस्तुति खास होगी। कार्यक्रम में टिमरनी का संगत बैंड भी अपनी मिट्टी की खुशबू से सजी संगीतमय प्रस्तुति देगा। साथ ही स्टोरी टेलिंग का सेशन भी चलेगा।

### पराग मांदले की पुस्तक गांधी के बहाने पर चर्चा कल शाम

**भोपाल।** पत्रकारिता और साहित्य के प्रकाश स्तम्भ रहे स्व.मायाराम सुरजन की 102 वीं जयंती पर 29 मार्च को शाम 5 बजे मायाराम सुरजन फाउंडेशन द्वारा युवा कथाकार एवं चिंतक पराग मांदले की पुस्तक गांधी के बहाने पर चर्चा का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अनुराधा शंकर अध्यक्षता करेंगी, जबकि गांधी विचार एवं शांति अध्ययन संस्थान, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व निदेशक प्रो. संतोष भदौरिया मुख्य अतिथि होंगे।

# लोक गीतों के माध्यम से दर्शकों पर जादू करने में सफल हुआ 'जादू मंतर'

## कबीला सोसाइटी फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स की ओर से शुरू हुआ अनन्य नाट्य समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

आज के समय में जहां मानवता के मायने कम होते जा रहे हैं और मनुष्य अपने में ही सिमटता जा रहा है। ऐसी लोककथा पर नाटक जादू मंतर का मंचन गुरुवार को दुष्यंत संग्रहालय में किया गया।

मौका था कबीला सोसायटी फॉर परफॉर्मिंग आर्टस द्वारा तीन दिवसीय अनन्य नाट्य समारोह के शुभारंभ का, जिसके पहले दिन वरिष्ठ समाजसेवी और शिक्षाविद् अनुपम चौकसे को समर सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि अदिति कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे।





### दस लड़कियों और एक लड़के ने पहली बार मंच पर किया अभिनय

एक घंटे के इस नाटक का निर्देशन एवं लेखन अभिषेक गर्ग द्वारा किया गया। जिसमें 11 कलाकारों ने पहली बार मंच पर अभिनय कर लोगों का दिल जीत लिया। इसमें गुरु का किरदार भी एक लड़की द्वारा अदा किया गया। पूरे नाटक में मंच पर एक युवक और दस युवतियों ने अपने अभिनय का परिचय दिया।

नूतन कॉलेज में युवा संसद का आयोजन

# युवा संसद से मिलेंगे भविष्य के बेहतर राजनेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

शिवाजी नगर स्थित नूतन कॉलेज में गुरुवार को युवा संसद का आयोजन किया गया। पंडित कुंजीलाल संसदीय विद्यापीठ द्वारा आयोजित युवा संसद में कॉलेज की 28 छात्राओं ने ध्यानाकर्षण, प्रश्न काल, शपथ ग्रहण, राष्ट्रपति का अभिभाषण, शून्य काल जैसी गतिविधियों को प्रस्तुत किया।

जहां प्रश्न काल में बढ़ती रेल दुर्घटना पर रोक हेतु सरकार का प्रयास पर सवाल किया तो वहीं रक्षा आधुनिकीकरण से संबंधित कैग रिपोर्ट 2024 पर भी सासंद बनी छात्राओं ने चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल छात्रों में राजनीतिक जागरुकता पैदा करता है बल्कि संसदीय गतिविधियों की यह जानकारी भविष्य के बेहतर राजनेता बनने के लिए कारगर होगी।



# कवियों ने सुनाईं सामाजिक परिवर्तन के साथ प्रेम और हास्य की रचनाएं

संत नगर में साहित्य अकादमी का साहित्य मंच कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

साहित्य अकादमी, भारत सरकार द्वारा सिंधी साहित्य मंच का आयोजन संत नगर के सुशीला भवन में किया गया। भोपाल में अकादमी का यह इस वर्ष का प्रथम आयोजन है। इसके पूर्व अकादमी द्वारा गत वर्ष दो आयोजन भोपाल में किए जा चुके हैं।

गुरुवार को साहित्य मंच ने चार कवियों नारी लछवानी, कन्हैया मोटवानी मांदो, द्रोपदी चंदनानी और बल्लू चौइथानी द्वारा काव्य पाठ किया गया। कार्यक्रम में साहित्य प्रेमियों ने रुचि पूर्वक हिस्सा लिया। रचनाकारों ने वर्तमान समाज में आए परिवर्तन के साथ प्रेम और हास्य आधारित रचनाएं सुनाईं। राकेश शेवानी ने कहानी पाठ किया। अकादमी की योजनाओं और साहित्य संवर्धन प्रयासों की जानकारी अकादेमी के सिंधी भाषा परामर्श मंडल सदस्य अशोक मनवानी ने दी। अकादमी की ओर से साहित्यकारों का स्वागत किया। संयोजक राकेश शेवानी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

महिला पालीटेक्निक कॉलेज के वार्षिक उत्सव वाणी- 2025 में सोलो व ग्रुप डांस कॉम्पिटीशन

# नृत्य में महाकाली के साथ महाभारत पर आधारित द्रौपदी आख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के वार्षिक उत्सव वाणी - 2025 के चौथे दिन सोलो और ग्रुप डांस कॉम्पिटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें घूमर, फोक डांस के साथ साथ बॉलीवुड सांग्स का तड़का लगा और दर्शकों ने इन प्रस्तुतियों को इंजॉय किया। सोलो नृत्य प्रतियोगिता में जहां मराठी लावणी ने समा बांधा तो वहीं राजस्थानी फोक डांस और कोरियन डांस ने दर्शकों की खूब तालियां बंटोरीं। वहीं आली महाकाली पर नृत्य प्रस्तुति को दर्शकों ने खासा पसंद किया।




### आर्मी को समर्पित नृत्य प्रस्तुति रही खास

इसके बाद ग्रुप डांस कॉम्पिटीशन में देसी गर्ल, महाभारत पर आधारित द्रोपदी आख्यान को भी नृत्य में पिरोकर दिखाया। वहीं आर्मी को समर्पित नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों की आंखें नम की। इसके साथ पंजाबी भांगड़ा के साथ बरसो रे मेघा बरसो पर फ्री स्टाइल डांस ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।



## खबर संक्षेप

### एक इंस्पेक्टर, तीन आरक्षकों का तबादला

भोपाल। पुलिस मुख्यालय ने दतिया में पदस्थ कार्यवाहक इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह कुशवाह का तबादला भोपाल नगरीय पुलिस में किया है। इसके अलावा आरक्षक अनामिका सिंह का सीहोर से भोपाल नगरीय पुलिस, राखी तोमर का नगरीय भोपाल से ग्वालियर और रामवरन गुर्जर का सागर से ग्वालियर ट्रांसफर किया है। पीएचक्यू ने गुरुवार को इनके स्थानांतरण आदेश जारी किए।

### एम्स डॉक्टरों की लिखित पुस्तक का विमोचन

भोपाल। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक डॉ अजय सिंह ने 'हाइपोक्सिया और ट्यूमर माइक्रोएनवायरनमेंट' कैंसर थेरेपी पर प्रभाव पुस्तक का विमोचन किया गया है। इस पुस्तक के सह लेखक डॉ. सुखेश मुखर्जी और डॉ. जगत आर. कंवर हैं। यह पुस्तक कैंसर जैविकी और कम ऑक्सीजन स्तर (हाइपोक्सिया) के बीच की जटिल कड़ी को विस्तार से समझाती है और कैंसर उपचार के क्षेत्र में नई संभावनाओं को प्रस्तुत करती है। यह पुस्तक बताती है कि ऑक्सीजन की कमी (हाइपोक्सिया) कैंसर कोशिकाओं पर कैसे असर डालती है।

### 2030 तक बनेंगे 50 हजार से अधिक डॉक्टर

भोपाल। नेशनल कमीशन फार इंडियन सिस्टम आफ मेडिसिन (एनसीआईएसएम) के गठन के बाद भारतीय चिकित्सा शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में आयुर्वेद चिकित्सा शिक्षा अपने शिखर पर होगी। डॉ. पाण्डेय के अनुसार 2030 तक आयुर्वेद चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। 2030 तक 50 हजार से अधिक डॉक्टर बनेंगे।

### कैदी की परिजनों से नहीं होगी खुली मुलाकात

भोपाल। भोपाल सेंट्रल जेल में बंद कैदियों को इस बार ईद के पर्व पर परिजनों से खुली मुलाकात करने का मौका नहीं मिलेगा। जेल प्रशासन की ओर से परिसर में नोटिस भी चस्पा कर दिया गया है। जिसके चलते परिजनों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। जेल अधिकारियों का तर्क है कि अंदर हो रहे निर्माण कार्य के कारण इस तरह का निर्णय लिया गया है। हर साल ईद के मौके पर जेल इधर कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने जेल डीजी को पत्र लिखा है कि पिछले पिछले 40-45 वर्षों से त्योहारों पर खुली मुलाकात की परंपरा रही है और इस दौरान कभी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। जेल प्रबंधन के इस फैसले से बंदियों और उनके परिवारों में रोष है। उन्होंने कहा कि विचार कर ईद पर खुली मुलाकात की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### रिटायर्ड होमगार्ड पहुंचे हाई कोर्ट की शरण में

भोपाल। वर्ष 2011-2012 के बाद रिटायर हुए होमगार्ड बिना पेंशन के गरीबी में अपना जीवन यापन कर रहे हैं। पेंशन के लाभ से वंचित होमगार्डों को पेंशन का लाभ दिलाने के लिए शासकीय कर्मचारी परिसंघ के माध्यम से होमगार्डों ने उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका दायर की है। परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय और होमगार्ड सांस्कृतिक कला प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष भगवत सिंह रघुवंशी ने यह जानकारी दी है।

### दो दिनी नामदेव समाज का सम्मेलन कल से

भोपाल। नामदेव समाज विकास परिषद जवाहर चौक स्थित 12 दफ्तर के सामने संत नामदेव सामुदायिक भवन में दो दिवसीय 29-30 मार्च को सर्व दर्जी (नामदेव) समाज सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देशभर के लगभग 15 राज्यों से दर्जी समाज के प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यक्रम में गुरू महाराज ज्ञानेश्वर तुलसीदास नामदास आएंगे और श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देंगे। सम्मेलन में 29 मार्च को प्रातः 9 बजे से कलश यात्रा का शुभारंभ महापौर मालती राय करेंगीं।

# दिल्ली पासिंग की कार से गांजे की तस्करी, दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्राइम ब्रांच ने गोविंदपुरा सब्जी मंडी टीन शेड के पास से दिल्ली पासिंग की रेनो कार में बैठे दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से छह किलो गांजा जब्त किया है। आरोपी दिल्ली पासिंग की कार से उड़ीसा से भोपाल गांजा लेकर आते थे और उसे राजधानी और आसपास के जिलों में खपाते थे। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर गांजे के बारे में पूछताछ की जा रही है। क्राइम ब्रांच के



अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि सब्जी मंडी टीनशेड गोविंदपुरा भोपाल में दो युवक दिल्ली पासिंग की रेनो कंपनी की कार में बैठे हैं। उनके पास कार में गांजा रखा है और वह गांजा किसी को बेचने की फिराक में है। सूचना के बाद हरकत में आई क्राइम ब्रांच ने इलाके की घेराबंदी करते हुए कार सवार दोनों युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम आदिल खान पिता स्व सुल्तान खान (27) राजीव नगर, मंडलाई, सबोली जिला नॉर्थ ईस्ट दिल्ली और अय्युब मलिक पिता शफी मलिक (40) हुसैनपुर कला तहसील बुड़हाना जिला मुजफ्फर नगर उत्तरप्रदेश बताया।

कार के बारे में पूछने पर अय्युब ने बताया कि कार उसकी है। कार की तलाशी ली गई तो डिग्गी में दो कार्टून मिले। कार्टून के अंदर दो पैकेट थे वह खाकी रंग के टेप से लिपटे थे। कार्टून को खोलकर देखा तो उसके अंदर 4 पैकेट मिले। पैकेट में कुल छह किलो गांजा था।

### युवक के जेब से आईफोन चोरी

राजधानी के मुख्य रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर पर टिकज ले रहे युवक की जेब से अज्ञात बदमाश ने आईफोन चुरा लिया। चोरी गए आईफोन की कीमत 60 हजार रुपए बताई जा रही है। जीआरपी ने युवक की शिकायत पर अज्ञात बदमाश पर चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस टिकट काउंटर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। जीआरपी के अनुसार शिवाजी नगर निवासी पिंकेश कौरव ने शिकायत करते हुए बताया कि भोपाल इंदोर इंटरसिटी से इंदौर जाने के लिए भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंचा था। इस दौरान प्लेटफार्म नंबर 6 के टिकट काउंटर से टिकट खरीद रहा था। इसी बीच किसी ने पेंट की जेब में रखा मोबाइल चुरा लिया। पिंकेश ने आसपास खड़े अन्य लोगों से मोबाइल के बारे में पूछा, लेकिन किसी ने भी मोबाइल की जानकारी नहीं दी। इसके बाद पिंकेश ने जीआरपी भोपाल थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

### रिश्वत लेते सरपंच गिरफ्तार

जबलपुर बनखेड़ी ग्राम पंचायत के सरपंच को 5 हजार रुपए की घूस लेते लोकायुक्त पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। सरपंच ने पंचर की दुकान चलाने वाले फरियादी नागराज से आवास योजना की किस्त जारी करने के एवज में घूस मांगी थी। लोकायुक्त पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सरपंच कमल प्रसाद पटेल ने नागराज की किस्त अटका रखी थी और लगातार घूस के लिए दबाव बना रहा था। शिकायत मिलने के बाद गुरुवार दोपहर जैसे ही पंचर की दुकान पर सरपंच ने रिश्वत के पैसे लिए, पास खड़ी लोकायुक्त की टीम ने सरपंच को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सरपंच के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

---

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन में भागीदारी

# शीघ्र ही 'स्पेस पॉलिसी' बनाएगी मप्र सरकार

*प्रदेश में इसरो केंद्र की शुरुआत के लिए भी मंथन प्रारंभ*

*राज्य मंत्री टेटवाल वर्चुअल रूप से शामिल हुए*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा शीघ्र ही स्पेस पॉलिसी बनाई जाएगी। प्रदेश में इसरो के केंद्र की शुरुआत के लिए भी मंथन प्रारंभ किया गया है। हाल ही में जीआईएस के दौरान विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उपयोग पर केंद्रित 4 नीतियों को लागू करने की पहल इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को उज्जैन में हो रहे राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन, विज्ञान उत्सव और चालीसवें मध्यप्रदेश युवा वैज्ञानिक सम्मेलन को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वर्चुअल रूप से शुभारंभ करते हुए यह बात कही। यह सम्मेलन कालिदास अकादमी परिसर उज्जैन में हो रहा है। कार्यक्रम में कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल भी वर्चुअल रूप से शामिल हुए।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उपयोग पर केंद्रित 4 नीतियों को लागू करने की पहल



### वैज्ञानिक सोच रखते हैं मुख्यमंत्री डॉ. यादव

राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र हैदराबाद के निदेशक डॉ. प्रकाश चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव वैज्ञानिक सोच रखते हैं, जिस तरह देश डिफेंस प्रोडक्शन, स्पेस और बॉयो टेक्नालॉजी के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, मध्यप्रदेश भी इन क्षेत्रों में प्रयासरत है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पेस पॉलिसी-2023 लाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ऐसे चंद मुख्यमंत्रियों में शामिल हैं, जो इस क्षेत्र में नवाचार के लिए उत्साहित हैं। युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के लिए शीघ्र ही मेपकास्ट के सहयोग से अनुबंध किया जाएगा। कृषि बीमा योजना जैसे कार्य स्पेस टेक्नोलॉजी के माध्यम से हो रहे हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने कहा कि प्रदेश में इस तरह के वैज्ञानिक सम्मेलन अन्य स्थानों पर भी किए जाएंगे।

### प्रौद्योगिकी और नवाचार आज की आवश्यकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा वैज्ञानिक सम्मेलन और राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन की थीम 'विकास की बात विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार एक साथ' प्रासंगिक है। प्राचीन भारतीय विज्ञान परम्परा पर आधारित विभिन्न सत्रों का आयोजन सराहनीय है, जिसमें लगभग 300 शोधार्थी और युवा वैज्ञानिक 17 विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत कर रहे हैं। वैज्ञानिक सम्मेलन में स्पेस पॉलिसी बनाने का सुझाव आया है। इस नाते मध्यप्रदेश की स्पेस पॉलिसी तैयार की जाएगी।

### मध्य प्रदेश को बनाएंगे टेक्नालॉजी और इनोवेशन हब

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में क्षेत्रों में विज्ञान का उपयोग बढ़ाया जाएगा। प्रदेश को टेक्नालॉजी और इनोवेशन हब बनाया जाएगा। इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट अर्थात स्पैडेक्स सैटेलाइट की सफल लॉन्चिंग करते हुए इतिहास रच दिया है। वैज्ञानिक समाज और विज्ञान प्रौद्योगिकी से जुड़े संस्थानों के सहयोग से मप्र में इसरो की तरह केंद्र के विकास पर विचार किया जाएगा।

### चिकित्सा और अन्य क्षेत्रों में बढ़ा विज्ञान का प्रयोग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में चिकित्सा और अन्य क्षेत्रों में भी विज्ञान का प्रयोग बढ़ रहा है। विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में ड्रोन का उपयोग हो रहा है। मध्यप्रदेश में ड्रोन के माध्यम से राजस्व के क्षेत्र में भी नक्शे बनाने की शुरूआत की गई है। रायसेन से शहरी बस्तियों के भूमि सर्वेक्षण का पायलेट प्रोजेक्ट शुरू हुआ। प्रदेश के शहरों में भी जमीन,भूखण्ड और बस्तियों का डिजिटल नक्शा बनाने की पहल हुई है।

---

जिले के 3847 किसानों को हो चुका है 11.41 करोड़ का भुगतान

# भोपाल जिले में अब तक 3.37 लाख क्विंटल गेहूं की खरीदी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भोपाल संभाग सहित समूचे मध्यप्रदेश में समर्थन मूल्य प्लस बोनस के साथ 2600 रुपए क्विंटल के भाव पर गेहूं की सरकारी खरीदी जोरों पर शुरू है।

आने वाले महीनों में भी गति बने रहने के हिसाब से पूरे सीजन के लिए यह बेहतर संकेत है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार भोपाल संभाग के करीब 60 केंद्रों पर अब तक 3 लाख 37 हजार क्विंटल गेहूं की खरीदी हो चुकी है। जबकि मध्यप्रदेश में 1,45,512 टन गेहूं उपार्जन केंद्रों पर खरीदा जा चुका है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार भोपाल जिले के करीब 60 केंद्रों में 81.71 करोड़ रुपए से ज्यादा का करीब 3.37 लाख क्विंटल गेहूं का सरकारी उपार्जन हो चुका है और 30278 पंजीकृत किसानों में से 3847 किसानों को 11 करोड़ 41 लाख रुपए से अधिक राशि का भुगतान ऑनलाइन के जरिए उनके खाते में किया जा चुका है।

### मप्र में 1,45,512 टन गेहूं की हुई खरीदी

मध्य प्रदेश में 1,45,512 टन गेहूं खरीदा गया है, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 14,233 टन ज्यादा है। इसका सबसे बड़ा कारण मध्य प्रदेश ने केंद्र सरकार द्वारा 2025-26 के लिए तय एमएसपी 2,425 रुपए प्रति क्विंटल पर 125 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देने की घोषणा करना माना जा रहा है। मध्य प्रदेश सरकार ने 2025-26 सीजन में करीब 80 लाख टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य रखा है। उल्लेखनीय है कि भोपाल, इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभागों में 18 अप्रैल तक गेहूं खरीदी होगी।

जेपी अस्पताल में दो माह से नहीं मिला वेतन

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं, महीनों से हो रही देरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को समय पर वेतन नहीं मिलने की गंभीर समस्या बनी हुई है। मप्र संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने शासन को पत्र लिखकर यह मुद्दा उठाया है कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को महीनों से वेतन नहीं मिला है। कर्मचारी आर्थिक संकट फंसे हैं।

### वेतन नहीं मिलने से बढ़ा आर्थिक संकट

जानकारी के अनुसार जेपी अस्पताल में संविदा कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिला। मप्र संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कोमलसिंह ने बताया कि कई जिलों में दो साल से भी ज्यादा समय से आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा कर्मचारियों का वेतन रोका गया है।

### संघ की मांगें

- *कर्मचारियों का बकाया वेतन तुरंत जारी किया जाए।*
- *सभी संविदा कर्मियों को नियमित किया जाए।*
- *आउटसोर्सिंग कंपनियों की जवाबदेही तय की जाए और भुगतान में पारदर्शिता लाई जाए।*
- *ईपीएफ और अन्य लंबित देयों का जल्द भुगतान हो।*

### सार्थक एप का विरोध, आज अस्पतालों में सामूहिक अवकाश पर कर्मचारी

भोपाल। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पतालों में लागू किया गया सार्थक एप कर्मचारियों को रास नहीं आ रहा है। मध्य प्रदेश बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी कल्याण संघ ने इसका खुलकर विरोध जताया है। बताया गया कि यह व्यवस्था लागू होने से कर्मचारियों की नाराजगी बढ़ रही है। क्योंकि यह व्यवस्था कहीं भी कारगर नहीं है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कल्याण सिंह ने बताया कि भोपाल में एप से कर्मचारियों को परेशान किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर इंटरनेट की समस्या होती है जहां सार्थक एप चलना संभव नहीं है। इसलिए शुक्रवार को राजधानी के सभी अस्पतालों में कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। कल्याण सिंह ने बताया कि सार्थक के माध्यम से परेशान किया जा रहा है।

---

बोर्ड के निदेशक मंडल की 169वीं बैठक

# पराली न जलाएं किसान, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड चलाएगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में पराली जलाने से उत्पन्न वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कदम उठाने का निर्णय लिया है।

बोर्ड के निदेशक मंडल की 169वीं बैठक गुरुवार को आयोजित हुई। निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता विभाग के प्रमुख सचिव एवं अध्यक्ष, डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने की। प्रमुख सचिव डॉ. कोठारी ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में किसान पराली न जलाएं इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। प्रमुख सचिव ने बताया कि इसके लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के लिए 8 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है। डॉ. कोठारी ने पराली के वैकल्पिक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए निर्देश दिए।

### 4 मोबाइल मॉनिटरिंग वैन चलाई जाएगी

*बैठक में निदेशक मंडल ने निर्णय लिया है कि वायु गुणवत्ता और अन्य प्रदूषकों की निगरानी के लिए 4 मोबाइल मॉनिटरिंग वैन स्थापित की जाएगीं। एक्यूआई 100 और उससे अधिक तक की स्थिति में जिन शहरों में पहुंच गई है, वहां 39 नए वायु एवं ध्वनि गुणवत्ता के सतत मापन केंद्र बनाए जाएंगे।*

आरकेडीएफ विश्वविद्यालय में हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी

# जलवायु परिवर्तन से कृषि उत्पादकता घट रही: अरविंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पद्मश्री डॉ. अरविंद कुमार ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन ने कृषि उत्पादकता एवं पोषण पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है, इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि हम पोषण सुरक्षा को बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन परंपरा ज्वार, बाजरा और रागी खाद्यान्न पर आधारित थी,



जिसमें अत्यधिक पौष्टिकता विद्यमान थी, लेकिन ग्लूटेन युक्त आहार ने मनुष्य को बहुत सारी बीमारियां उपहार में दे दी हैं। इसलिए हमें अपनी भारतीय खाद्य परंपरा को पुष्ट करने की जरूरत है। उक्त उद्गार उन्होंने आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के कृषि संकाय एवं अनुसंधान रिसर्च फाउंडेशन नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।

### विशेषज्ञों ने अनुकूल विधियों पर दिए अपने सुझाव

*विश्वविद्यालय की कुलधिपति डॉ. साधना कपूर ने कहा कि वर्ष 1950 में मात्र 50.80 मीट्रिक टन अनाज का उत्पादन होता था, तब भारत खाद्यान्न का आयात करता था, अब निर्याता बन गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विजय अग्रवाल ने बताया कि रसायनों के असंतुलित एवं ज्यादा उपयोग से भूमि की उर्वर क्षमता नष्ट हो रही है। कीटनाशकों के प्रयोग से भी पेट संबंधी रोग बढ़े हैं। इसका एक मात्र विकल्प प्राकृतिक और जैविक खेती को अपनाना है। पूर्व कुलगुरु एवं कृषि वैज्ञानिक प्रो. एनसी गौतम ने उद्यानिकी फसलों की जैविक खेती के विषय में जानकारी प्रदान की।*

छह साल बाद भी दंपती की नहीं थी संतान

# पत्नी ने ससुराल लौटने से किया इंकार, पति ने खाया जहर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर में लोडिंग ऑटो चालक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। दरअसल, दो महीने से उसकी पत्नी मायके में थी। वह पत्नी को ससुराल लौटने के लिए बार बार कह रहा था, लेकिन उसने ससुराल लौटने से मना कर दिया। इससे दुखी होकर ऑटो चालक ने जहर खा लिया।

पुलिस के अनुसार शिव नगर फेस थ्री छोला निवासी प्रेम साहू पिता गुलाब साहू (30) लोडिंग ऑटो चलाता था। करीब 6 साल पहले उसकी शादी रंजना से हुई थी। उनकी कोई संतान नहीं है। संतान नहीं होने से साहू दंपति दुखी रहने लगे थे। विगत 14 जनवरी मकर संक्रांति के मौके पर प्रेम की पत्नी अपने मायके गई थी। वह मायके से



ससुराल नहीं आ रही थी। बुधवार को प्रेम अपनी मां के साथ पत्नी को लेने उसके मायके गया। उसने पत्नी से साथ चलने का कहा, लेकिन उसने साथ जाने से मना कर दिया। पत्नी के बिना घर लौटा प्रेम साहू इस बात से दुखी था। बुधवार देर रात प्रेम अपना ऑटो लेकर घर लौटा, उसकी तबीयत ठीक नहीं थी। उससे परिजन ने पूछताछ की तो उसने बताया कि जहर खा लिया है।

---

कुलगुरु ने चाइल्ड डेवलपमेंट विभाग से किया संपर्क

# एमसीयू के विद्यार्थी ने दो मूक-बधिर बच्चों का रेस्क्यू कर पुलिस को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के छात्र तनय शर्मा ने दो मूक-बधिर बच्चों को संदिग्ध परिस्थितियों में पैसे मांगते हुए पाया। यह घटना विश्वविद्यालय परिसर में हुई, जहां दोनों बच्चे घबराए हुए दिखाई दे रहे थे। छात्र ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत स्थिति को संभाला और इस घटना की सूचना विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी को दी।

बच्चों के पास से एक प्रमाण पत्र मिला है, जिस पर आम्बेडकर नगर का पता लिखा हुआ है। साथ ही उनके पास कुछ नकदी और एक स्कैनर भी पाया गया है। कुलगुरु ने तत्काल चाइल्ड डेवलपमेंट विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया। इसके बाद रातीबड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों बच्चों को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। विवि प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से बच्चों की पहचान, उनके परिजनों का पता लगाने और उनकी सुरक्षा करने के लिए कार्रवाई का अनुरोध किया है।

### बच्चे न बोल पा रहे थे न समझ पा रहे थे

छात्र तनय ने बताया कि इस घटना ने उन्हें चौंका दिया, क्योंकि बच्चे न बोल पा रहे थे न ही कुछ समझा पा रहे थे। चूंकि विश्वविद्यालय परिसर शहर से थोड़ा दूर स्थित है, इसलिए यह सवाल भी मन में गहराया कि वह बच्चे आखिर परिसर में कैसे आए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

# 'स्कूल चलें हम' अभियान एक अप्रैल से होगा शुरू, चार दिनों तक विद्यालयों में होंगे आयोजन

प्रदेश में करीब 92 हजार सरकारी स्कूल, लगभग 85 लाख बच्चे अध्ययनरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरुआत एक अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान के रूप में की जाएगी। अभियान के दौरान प्रदेश में एक से 4 अप्रैल तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगी। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने जिला कलेक्टर्स और जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अभियान के दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

प्रदेश में करीब 92 हजार सरकारी स्कूल हैं। इनमें प्रायमरी, मिडिल, हाई और हायर सेकण्डरी स्कूल हैं। इन स्कूलों में लगभग 85 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं। स्कूल चलें हम अभियान का राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा। कार्यक्रम के आयोजन की रूपरेखा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तैयार की जा रही है।

विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम

स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन शालाओं में भविष्य से भेंट कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसी दिन स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, पुलिस अधिकारी, राज्य शासन के अधिकारी को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा।

अभियान के अंतर्गत 3 अप्रैल को शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियां आयोजित की जाएगी। 4 अप्रैल को ऐसे छात्रों को चिन्हित किया जाएगा, जो किन्हीं वजहों से कक्षोन्नति प्राप्त करने में असफल हो गए हैं। पालकों को इन बच्चों की आगे की पढ़ाई के लिए समझाइश दी जाएगी।

### स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह की अध्यक्षता में हुई पाठ्यपुस्तक निगम की बैठक

प्रदेश में इस वर्ष शालाओं में शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल 2025 से प्रारंभ किया जा रहा है। शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही स्कूल चलें हम अभियान की शुरूआत होगी। पाठ्यपुस्तक निगम ने इस वर्ष सत्र शुरू होते ही शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्यपुस्तकों की वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यह जानकारी स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मंत्रालय में बुधवार को हुई पाठ्यपुस्तक निगम की बैठक में दी गई। बैठक में सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल, आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता एवं विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### जिला-शाला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम

प्रदेश में जिले के प्रभारी मंत्री जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम चयनित शाला में होगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे। उपस्थित छात्र-छात्राओं को निरूशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जायेंगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने ऐसी व्यवस्था की है कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जाएं।

आदेश पर बढ़ रहा सियासी 'आवेश'

# सड़क पर नमाज अदा की तो कड़ी कार्रवाई होगी, पासपोर्ट-लाइसेंस रद्द होंगे

एनडीए की सहयोगी और केंद्र सरकार में मंत्री जयंत चौधरी ने मेरठ पुलिस के इस फैसले का विरोध किया है और उसकी तुलना ऑरवेलियन 1984 की पुलिसिंग से की है। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर भी यह पोस्ट डाली है। मुस्लिम समुदाय ने कहा- इस तरह सभी पर रोक लगाई जानी चाहिए। केवल हमें टारगेट किया जा रहा है।

एजेंसी ▶▶ मेरठ

यहां पुलिस प्रशासन ने ईद की नमाज को लेकर सख्त आदेश जारी करते हुए सड़कों पर नमाज पढ़ने पर रोक लगा दी है। इस आदेश पर अब प्रदेश में सियासत हो रही है। एनडीए की सहयोगी और केंद्र सरकार में मंत्री जयंत चौधरी ने मेरठ पुलिस के इस फैसले का विरोध किया है और उसकी तुलना ऑरवेलियन 1984 की पुलिसिंग से की है। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर ये पोस्ट भी किया है।

**पुलिस प्रशासन ने ईद की नमाज पर आदेश दिया**



### मेरठ पुलिस के फैसले से भड़के जयंत, ऑरवेलियन 1984 से तुलना की

## आदेश की अवहेलना पर दर्ज होगा मुकदमा

मेरठ एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने कहा है कि सड़क पर नमाज अदा करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सड़क पर नमाज अदा करने पर पुलिस प्रशासन का रवैया सख्त रहेगा। एसपी ने कहा कि ऐसा करने वालों पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### एसपी सिटी ने जारी किया आदेश

मुकदमा दर्ज होने के बाद पासपोर्ट और लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि सड़क पर नमाज अदा करने पर पिछली बार भी 200 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इस बार भी अगर कोई सड़क पर नमाज पढ़ेगा तो मुकदमा दर्ज होगा। वहीं मुस्लिम समुदाय के लोगों का कहना है कि रोक लगे तो सभी पर लगाई जानी चाहिए, सिर्फ मुसलमान को टारगेट किया जा रहा है।

### संभल में भी प्रशासन सतर्क

संभल में ईद और अन्य धार्मिक आयोजनों को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। एएसपी श्रीश्चंद ने स्पष्ट किया कि कोतवाली संभल क्षेत्र में मस्जिद और ईदगाह के अंदर ही नमाज अदा की जाएगी। सड़कों पर किसी भी हालत में इसकी अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि परंपरागत रूप से नमाज मस्जिद या ईदगाह के अंदर ही अदा की जाती रही है और नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने और नियमों का पालन करने की अपील की है। संभल में संवेदनशील माहौल को ध्यान में रखते हुए, प्रशासन ने ईद, नवरात्र के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक बुलाई। बैठक में दोनों समुदायों के प्रमुख लोग शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### ओडिशा विधानसभा में बवाल, कुर्सियां फेंकी

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर में कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया। महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार पर जांच कमेटी बनाने की मांग और कांग्रेस विधायकों के सदन से निलंबित किए जाने को लेकर हो रहा यह विरोध प्रदर्शन अचानक झड़प में बदल गया। रोड पर पड़ी कुर्सियों को पुलिसवालों पर फेंका।



### दिल्ली में 1 लाख छात्रों को मिलेगी फ्री कोचिंग

**नई दिल्ली।** अब दिल्ली के छात्र नीट और सीयूईटी की फ्री में कोचिंग कर सकेंगे। इसकी तैयारी के लिए 180 घंटे की ऑनलाइन कोचिंग मिलेगी। बजट में घोषणा के लिए दिल्ली सरकार ने कदम उठाया है। सीएम रेखा गुप्ता, शिक्षा मंत्री आशीष सूद की मौजूदगी में कोचिंग के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। 63 हजार छात्रों को लाभ मिलेगा।



### 20-30 सीटें और मिलती तो हम सरकार बनाते

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के जिला अध्यक्षों से रणनीति के साथ एकजुट होकर चुनाव जीतने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा मजबूत है, लेकिन सत्ता के बिना लागू नहीं किया जा सकता। कांग्रेस को 20-30 सीटें और मिल जातीं, तो एक वैकल्पिक सरकार बन सकती थी।



### पीएचडी छात्रा की मौत प्रोफेसर पर केस दर्ज

**नई दिल्ली।** पुलिस ने आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर के खिलाफ लापरवाही के आरोप में मामला दर्ज किया है। यह मामला पिछले साल नवंबर में गुजरात के लोथल नामक पुरातात्विक स्थल के पास खुदाई के दौरान महिला पीएचडी छात्रा की मौत के संबंध में दर्ज किया गया है।




### बुधवार को राहुल को दी थी चेतावनी, गुरुवार को यादव ने की हरकत

# यादव ने मंत्री के कंधे पर रखा हाथ तो स्पीकर ने लगाई क्लास, दिशा निर्देशों का पालन करें



निर्दलीय सांसद केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री नायडू के बगल में कर रहे थे बात

**अध्यक्ष बिरला ने बताया असंवैधानिक** | **सदन की मर्यादा दिलाई याद**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विपक्ष के नेता राहुल गांधी को सदन की मर्यादा की याद दिलाने के एक दिन बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की क्लास लगाई। उन्होंने कार्यवाही के दौरान केंद्रीय मंत्री के कंधे पर हाथ रखने को लेकर पप्पू यादव को चेतावनी दी। यादव सदन में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू के बगल में बैठे थे। उन्हें मंत्री के साथ हंसी मजाक के साथ बातचीत करते हुए देखा गया और इस दौरान उन्होंने नायडू के कंधों पर हाथ रखा। बिरला ने बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद को मंत्री के कंधे पर हाथ न रखने को कहा। यादव अपने संसदीय क्षेत्र में हवाई अड्डे के बारे में चर्चा कर रहे थे। इससे पहले बुधवार को बिरला ने राहुल से कहा था कि वे सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए सदस्यों से अपेक्षित प्रक्रिया के नियमों के अनुरूप आचरण करें। इसके बाद विपक्ष के नेता ने दावा किया कि उनके खिलाफ की गई टिप्पणी निराधार है।

### इसके पहले आचरण बनाने को कहा था

इससे पहले सदन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल से कहा था कि आपसे सदन की मर्यादा और शालीनता के उच्च मानदंडों को बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है। मेरी जानकारी में ऐसे कई मामले हैं, जब सांसदों का आचरण सदन की मर्यादा और परंपराओं के उच्च मानदंडों को बनाए रखने के अनुरूप नहीं था। पिता, पुत्री, माता, पत्नी और पति इस सदन के सदस्य रहे हैं। इसलिए इस संदर्भ में मैं विपक्ष के नेता से नियमों के अनुसार आचरण करने की अपेक्षा करता हूं। विपक्ष के नेता से विशेष रूप से यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपना आचरण बनाए रखें।

विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने बिरला से की मुलाकात

### सत्ताधारी दल की शिकायत की नियमों का हो रहा उल्लंघन



विपक्षी पार्टियों के प्रतिनिधिमंडल ने बिरला से मुलाकात की। इस मुलाकात में विपक्षी नेताओं ने लोकसभा में नेता विपक्ष को बोलने न देने का आरोप लगाते हुए नाराजगी व्यक्त की। लोकसभा में कांग्रेस के उप-नेता गौरव गोगोई ने कहा कि इंडी गठबंधन, जिसमें कांग्रेस, सपा, टीएमसपी, डीएमके, केरल कांग्रेस, राजद, आईयूएमएल, आरएलपी और एमडीएमके के सांसद मौजूद रहे। शून्य काल के दौरान लोकसभा बिरला से मिले। गोगोई ने कहा कि हमने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र सौंपा, जिसमें कई पार्टियों के नेताओं के हस्ताक्षर हैं। इनमें आरएसपी और शिवसेना यूबीटी भी शामिल हैं।

### डिप्टी स्पीकर की नियुक्ति न होने पर जताई नाराजगी

गोगोई ने कहा कि जब नेता विपक्ष जवाब देने के लिए उठे तो सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। नेता विपक्ष एक संवैधानिक पद होता है, उनके बारे में टिप्पणी की गई, लेकिन बोलने नहीं दिया गया। किस बात को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने ये टिप्पणी की, ये भी साफ नहीं है, लेकिन भाजपा की आईटी सेल अब इसका राजनीतिकरण कर रही है। विपक्षी पार्टियों ने लोकसभा अध्यक्ष के साथ मुलाकात में डिप्टी स्पीकर की नियुक्ति न होने का भी मुद्दा उठाया।

### सत्ताधारी दल मनमानी कर रहा

बिरला ने राहुल को सदन में मर्यादित आचरण करने और सदन के नियमों का पालन करने की नसीहत दी थी। राहुल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सत्ताधारी दल मनमानी कर रहा है।

**सपा सांसद के आवास पर हमले का मुद्दा उठा**



### राज्यसभा में हंगामा विपक्ष का वॉकआउट


समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के आवास पर हुए हमले के मुद्दे पर संसद में भी आज खूब हंगामा हुआ। इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष एकजुट हो गया। विपक्ष सपा सांसद के आवास पर हमले को लेकर चर्चा की मांग कर रहा था, लेकिन जब राज्यसभा सभापति ने इस मुद्दे पर चर्चा की मंजूरी नहीं दी तो विपक्षी नेताओं ने इस पर नाराजगी जताई और सदन से वॉकआउट किया।

### विपक्षी सांसद हुए नाराज

सुमन और जावेद अली ने इस मुद्दे को लेकर राज्यसभा में स्थगन प्रस्ताव दिया और इस पर चर्चा की मांग की। सभापति ने कहा कि शून्य काल के दौरान सदस्य इस मुद्दे को उठा सकते हैं। इससे सपा के सदस्य नाराज हो गए और विरोधस्वरूप में वेल में आ गए। सदन में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बोलने की कोशिश की, लेकिन उन्हें भी बोलने का अवसर नहीं दिया गया। भाजपा सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी इससे विपक्ष नाराज हो गया।

इमीग्रेशन बिल पास, बोले- शाह

# जो देश के लिए बने खतरा उन पर सरकार की नजर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण जारी है। इसी बीच गुरुवार को लोकसभा से इमीग्रेशन बिल पास हो गया। घुसपैठ और अवैध अप्रवास रोकने के मकसद से लाए गए इस बिल का नाम इमिग्रेशन एंड फॉरेन बिल 2025 (अप्रवासन और विदेशी विधेयक) है। इस विधेयक के महत्व का जिक्र करते हुए लोकसभा में गृह मंत्री ने कहा कि जो प्रवासी भारत के विकास के लिए आ रहे हैं, हम उनका स्वागत करते हैं। जो लोग देश में शिक्षा के लिए, व्यापार के लिए, रिसर्च के लिए आते हैं हम उनका स्वागत करते हैं। पीएम मोदी का लक्ष्य है कि साल 2047 तक हमारा देश एक विकसित राष्ट्र बने। इसी वजह से हम कई पुराने कानूनों को खत्म किया।

### सीमा में कौन दाखिल हो रहा जानना जरूरी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा kf आव्रजन कोई अलग मुद्दा नहीं है। देश के कई मुद्दे इससे जुड़े हुए हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह जानना बहुत जरूरी है कि देश की सीमा में कौन घुसता है। हम उन लोगों पर भी कड़ी नजर रखेंगे जो देश की सुरक्षा को खतरे में डालेंगे।यह विधेयक भारत में एंट्री और बाहर जाने के लिए पासपोर्ट, वीजा, पंजीकरण और विदेशियों के नियमन से जुड़ा हुआ है। इस बिल के कानून बनने के बाद इमिग्रेशन और विदेशी नागरिकों से जुड़े 4 पुराने कानूनों को भी खत्म किया जाएगा। जिससे अवैध घुसपैठियों से देश का पीछा छूटेगा।

### घाटी में अलगाववाद अंतिम सांस ले रहा

#### हुर्रियत के दो संगठनों ने अलगाववाद को त्यागा

शाह ने गुरुवार को कहा कि हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से जुड़े दो संगठनों ने अलगाववाद को त्याग दिया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्मित नए भारत में अपना विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत अलगाववाद अपनी अंतिम सांस ले रहा है और पूरे कश्मीर में एकता की जीत की गूंज सुनाई दे रही है।शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि कश्मीर घाटी से एक और बड़ी खुशखबरी। हुर्रियत से जुड़े दो और समूहों, जेएंडके तहरीक-ए-इस्तिकलाल और जेएंडके तहरीक-ए-इस्तिकामत ने अलगाववाद को त्याग दिया है। पूरे कश्मीर में एकता की जीत की गूंज सुनाई दे रही है।

धरोहरों को वापस लाने में जुटी सरकार

## विरासत: 2014 से अब तक 642 कलाकृतियों को भारत लाया गया



■ केंद्रीय मंत्री ने राज्यसभा में दी जानकारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत अपने ऐतिहासिक दस्तावेजों, कलाकृतियों को विभिन्न देशों से वापिस लाने के लिए इसीलिए कृतसंकल्प है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि अपने देश के इतिहास और गौरवशाली परंपराओं का ज्ञान नौनिहालों को होना चाहिए। विरासत पर गर्व होना चाहिए। उनमें जागरुकता बढे।

भारत की प्राचीन धरोहरों के बारे में ज्यादा से ज्यादा जाने इसकी कोशिश होनी चाहिए। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राज्यसभा को एक सवाल के जवाब में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2014 के बाद से अब तक 642 ऐसी कलाकृतियाँ भारत वापस लाई जा चुकी हैं।

बैंकों की कार्यप्रणाली पर सवाल

## संसद में सीतारमण ने की चड्ढा की तारीफ, हंसने लगे सांसद



■ आप सांसद से कहा आपने ध्यान से देखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने संसद में बैंकों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि सरकारी बैंक आम लोगों का भरोसा खो रहे हैं। चड्ढा की बातों पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया। वित्त मंत्री ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि चड्ढा का पश्चिमी दुनिया से जुड़ा अनुभव देशवासियों के लिए फायदेमंद हो सकता है। अगर वे बुरा न मानें तो, उन्होंने बैंकों में पंखों की संख्या, स्थिति और यहां तक कि कौन से दीवारों पर पेंट हुआ है, इसे भी ध्यान से देखा। मुझे संतोष हुआ कि सांसद जो अंतरराष्ट्रीय मामलों में व्यस्त रहते हैं। उन्होंने समय निकाला।

विवाद के बीच करणी सेना ने किया बड़ा ऐलान

सांगा के अपमान पर उदयपुर में विरोध, ज्ञापन

## सपा सांसद की जुबान काटने वाले को देंगे 5.51 लाख रु. का इनाम

एजेंसी ▶▶ उदयपुर

उत्तर प्रदेश के सपा सांसद रामजी लाल के महाराणा सांगा पर दिए गए बयान के बाद से राजस्थान समेत देश भर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। गुरुवार को करणी सेना के अर्जुन सिंह चुंडावत के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उदयपुर में कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा गया। विरोध प्रदर्शन कर रहे करणी सेना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सांसद रामजी लाल के बयान को गलत बताया और उन पर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान अर्जुन सिंह चुंडावत ने एक बड़ा एलान भी किया। उन्होंने कहा कि जो भी सांसद रामजी लाल की जुबान काटकर लाएगा, उसे 5.51 लाख रुपये इनाम दिया जाएगा।



### सम्मान से समझौता स्वीकार्य नहीं

उन्होंने कहा कि अगर सुमन ने शब्द वापस नहीं लिए और सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। चुंडावत ने कहा कि महाराणा सांगा न केवल मेवाड़ बल्कि पूरे भारत के गौरव हैं, उनके सम्मान से कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। इतिहास से अनजान लोगों को इस तरह की टिप्पणियां करने से पहले सोचना चाहिए।

कॉमेडियन कामरा पर भड़के महाराष्ट्र सरकार के मंत्री

## अब कुणाल को प्रसाद देने का वक्त आ गया और पानी सिर के ऊपर चला गया

मंत्री शंभूराज देसाई बोले- आपत्तिजनक शब्दों पर मिले सजा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा के कॉमेडी वीडियो को लेकर महाराष्ट्र में बवाल मचा हुआ है। इसे लेकर मुख्यमंत्री व मंत्री के बयान सामने आ रहे हैं। पिछले दिनों मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने कामरा पर कार्रवाई की बात कही तो अब शिंदे गुट के मंत्री शंभूराज देसाई ने कैमरे पर ही कुणाल कामरा को पीटने की बात कह दी है। बीते दिनों कामरा ने निर्मला सीतारमण पर भी एक कॉमेडी वीडियो बनाई थी, जिस वीडियो को देखकर देसाई भड़क उठे हैं और कहा कि कामरा ने मर्यादा लांघ दी है। पानी सिर से ऊपर चला गया है। अब उसे प्रसाद(पीटने) देने का समय आ गया है।



### वह जान-बूझकर हर दिन नया वीडियो जारी कर रहा

कामरा जानबूझकर बार-बार लगातार ऐसी हरकतें कर रहा है। कामरा ने शिंदे, प्रधानमंत्री, सुप्रीम कोर्ट और अब निर्मला सीतारमण के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। अब कामरा को शिवसेना स्टाइल में शिवसैनिकों का प्रसाद देने का समय आ गया है। शिंदे पर कामरा द्वारा की गई टिप्पणी पर शिवसेना के कार्यकर्ता काफी गुस्सा में हैं। हर रोज कोई न कोई विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। कुणाल मान नहीं रहा है। अब वह जान-बूझकर हर दिन नया वीडियो जारी कर रहा है।

सपा सांसद रामजी लाल ने अपना बयान दोहराया

## राणा सांगा ने ही बाबर को बुलाया था, माफी नहीं मांगूंगा

राज्यसभा के उपसभापति को पत्र लिखकर सुरक्षा की मांग की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अपने घर पर हमले के बाद समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन ने गुरुवार को एक बार फिर दोहराया कि मैंने राणा सांगा को लेकर कोई गलत बयान नहीं दिया था। सुमन ने कहा कि राणा सांगा ने ही बाबर को इब्राहिम लोदी को हराने के लिए हिंदुस्तान बुलाया था। सुमन ने यह भी कहा कि बयान देने का मतलब किसी की भावना को ठेस पहुंचाना नहीं था। कहा कि मैं सामाजिक सदभावना का व्यक्ति हूं। इसी आधार पर राजनीति की है और आगे भी करूंगा। सुमन ने यह भी कहा कि मेरा बयान ऐतिहासिक संदर्भों को लेकर है। बयान पर माफी मांगने का तो सवाल ही नहीं है। सुमन ने हमले को लेकर राज्यसभा के उपसभापति को पत्र लिखा है और सुरक्षा बढ़ाने की मांग भी की है।

### सांगा ने इब्राहिम लोदी को हराने के लिए बाबर को बुलाया था



सुमन ने कहा कि मेरा सिर्फ इतना कहना है कि राणा सांगा ने बाबर को हिंदुस्तान में आमंत्रित किया था। इसके अलावा मेरा कोई मकसद नहीं था। राणा सांगा ने इब्राहिम लोदी को हराने के लिए बाबर को बुलाया था। बाद में दोनों में नाइंतकाफी हो गई और खानवा के मैदान में राणा सांगा और बाबर की जंग भी हुई। इस जंग में राणा सांगा हार गए थे।

**हमले को मानसिकता बताया**

दलित होने के कारण उनके घर पर हमले की बात पर सुमन ने कहा कि यह हमला एक मानसिकता है। हम लोग पीडीए के कार्यक्रम से जुड़े हुए हैं। हमारे पीडीए पर यह हमला है। देश की जो स्थिति हैं वह कमजोर वर्गों, पिछड़ों, दलितों के खिलाफ एक तरह की मानसिकता है।

### तोड़फोड़ पर प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया

सुमन केबयान को लेकर करणी सेना ने आक्रोश जताते हुए आगरा में बुधवार को उनके घर पर हमला बोल दिया था। उनके घर पर जमकर तोड़फोड़ की गई थी। इस हमले के लिए भी सांसद ने प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। संसद के बाहर मीडिया से बातचीत में सुमन ने कहा जो कुछ हुआ वह पूर्व सुनियोजित था। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि प्रशासन को सब कुछ जानकारी थी। वह लोग बुलडोजर लेकर छह थाना क्षेत्रों को पार कर गए।

## खबर संक्षेप

### चिली के राष्ट्रपति बोरिक फॉन्ट आएंगे भारत



**नई दिल्ली।** चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट पीएम मोदी के निमंत्रण पर 1-5 अप्रैल तक भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यह ऐलान किया। बोरिक के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा, जिसमें मंत्री, संसद सदस्य, वरिष्ठ अधिकारी, व्यापार संघ, मीडिया और भारत-चिली सांस्कृतिक संबंधों से जुड़े प्रमुख चिलीवासी शामिल होंगे। राष्ट्रपति के रूप में यह बोरिक की पहली भारत यात्रा होगी। वह 5 अप्रैल को चिली लौटने से पहले आगरा, मुंबई और बेंगलुरु भी जाएंगे।

### सम्मान में दिखाई जाएगी 'द डिप्लोमैट' फिल्म



**तेल अवीव।** इजराइल में भारत के नए राजदूत जेपी सिंह के स्वागत में वहां के विदेश मंत्रालय की तरफ से फिल्म 'द डिप्लोमैट' दिखाई जाएगी। ये फिल्म एक वास्तविक घटना पर आधारित है। फिल्म जेपी सिंह पर ही बनी है। यह पहल इजराइल में भारत के नए राजदूत का गर्मजोशी से स्वागत करने और दोनों देशों के बीच 'मजबूत रिश्ते' बनाने के लिए है। इजराइली विदेश मंत्रालय के सांस्कृतिक प्रभाग के प्रमुख नूरित तिनारी ने बताया कि यह फिल्म भारतीय कूटनीति की ताकत का जश्न मनाती है। फिल्म की स्क्रीनिंग एक ऐतिहासिक घटना होगी।

### पीएम मोदी ने यूनुस को राष्ट्रीय दिवस की बधाई



**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के संबंधों में बने हुए तनाव के बीच पीएम मोदी ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस को एक पत्र लिखकर उनके राष्ट्रीय दिवस की बधाई दी है। इसमें पीएम ने दोनों देशों की आपसी चिंताओं और हितों के प्रति संवेदनशीलता के हिसाब से साथ मिलकर काम करने पर जोर दिया है। साथ ही यह भी कहा कि हमारा साझा इतिहास और बलिदान वह प्रमाण प्रस्तुत करता है। जिसने हमारी द्विपक्षीय बांग्लादेश संग तनाव के बीच साझेदारी की नींव रखी है। बता दें बांग्लादेश हर साल 26 मार्च को राष्ट्रीय दिवस मनाता है।

---

**पीएम मोदी के 'स्वस्थ भारत मिशन' का विश्व में बजा डंका**

# यूएन ने आयुष्मान योजना और शिशु मृत्यु दर में कमी को बताया अनुकरणीय, राजनीतिक इच्छाशक्ति व निवेश से मिली सफलता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के 'स्वस्थ भारत मिशन' के तहत देश भर में चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं से देश में व्यापक पैमाने पर बदलाव आया है। पूरी दुनिया इस योजना का लोहा मान रही है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने भारत में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के तहत शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की तारीफ की है। इतना ही नहीं यूएन ने पीएम मोदी की आयुष्मान भारत योजना को भी शानदार बताया है। एक कार्यक्रम के दौरान यूएन ने 'आयुष्मान भारत' जैसी स्वास्थ्य पहलों का उदाहरण देते हुए शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में भारत के प्रयासों और प्रगति की सराहना की तथा इसे 'अनुकरणीय' बताया। यूएन ने कहा कि देश ने अपनी स्वास्थ्य प्रणाली में रणनीतिक निवेश के माध्यम से लाखों लोगों का जीवन बचाया है। मंगलवार को जारी संयुक्त राष्ट्र के एक समूह की शिशु मृत्यु दर आकलन रिपोर्ट में भारत, नेपाल, सेनेगल, घाना और बुरुंडी का उदाहरण दिया गया तथा शिशु मृत्यु दर रोकने में हुई प्रगति में अहम भूमिका निभाने वाली विभिन्न रणनीतियों पर प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि इन देशों ने दिखाया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, साक्ष्य-आधारित रणनीतियों और निरंतर निवेश से मृत्यु दर में पर्याप्त कमी लाई जा सकती है।

*भारत के बारे में रिपोर्ट में कहा गया कि देश ने स्वास्थ्य प्रणाली में निवेश के माध्यम से स्थिति को बेहतर किया है। अपनी स्वास्थ्य प्रणाली में रणनीतिक निवेश के माध्यम से भारत में लाखों लोगों का जीवन बचा चुका है और लाखों लोगों के लिए स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त किया है*

- भारत की आयुष्मान को बताया दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना
- भारत ने स्वास्थ्य प्रणाली में रणनीतिक निवेश से लोगों का जीवन बचाया




**शिशुओं की मृत्यू में 61 फीसदी की आई कमी**

*भारत के बारे में रिपोर्ट में कहा गया कि देश ने स्वास्थ्य प्रणाली में निवेश के माध्यम से स्थिति को बेहतर किया है। इसमें कहा गया कि अपनी स्वास्थ्य प्रणाली में रणनीतिक निवेश के माध्यम से भारत पहले ही लाखों लोगों का जीवन बचा चुका है और लाखों अन्य लोगों के लिए स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त किया है। प्रकाश डाला गया कि वर्ष 2000 से भारत ने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में 70 प्रतिशत की कमी तथा नवजात शिशुओं की मृत्यु दर में 61 प्रतिशत की कमी हासिल की है।*

### अफगानिस्तान में घोर अन्याय, लड़कियां शिक्षा से वंचित



*यूनाइटेड नेशन वूमेन ने कहा कि अफगान लड़कियों को शिक्षा से वंचित करना बड़ा अन्याय है। इसका असर आने वाली पीढ़ियों पर पड़ेगा। यूएन वूमेन ने ने अफगानिस्तान में लड़कियों के बुनियादी अधिकारों की रक्षा करने की अपील की। यूएन वूमेन की कार्यकारी निदेशक सिमा बहौस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि अफगानिस्तान में नए स्कूल वर्ष की शुरुआत के साथ ही हजारों लड़कियों के लिए स्कूल के दरवाजे बंद हैं – यह तीसरा साल है। उनके शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन पीढ़ियों तक असर करेगा। लड़कियों को स्कूल वापस जाना चाहिए और उनके बुनियादी अधिकारों को बिना किसी देरी के बहाल किया जाना चाहिए। इस हफ्ते की शुरुआत में बहौस ने चेतावनी दी थी कि अगर लड़कियों को शिक्षा से वंचित रखा गया, तो अफगानिस्तान में इसके नकारात्मक प्रभाव कई पीढ़ियों तक महसूस होंगे।*

### भारत से सीखें दूसरे देश

संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट में भारत में स्वास्थ्य के दिशा में उठाए जा रहे कदमों से दूसरे देशों को सीखने की जरूरत पर बल दिया है। इसमें कहा गया कि स्वास्थ्य कवरेज बढ़ाने, मौजूदा स्थिति को सुधारने और स्वास्थ्य अवसंरचना तथा मानव संसाधन विकसित करने के लिए किए गए उपायों के कारण ऐसा संभव हुआ है। इसमें आयुष्मान भारत का उदाहरण दिया गया है। आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है, जो प्रति वर्ष प्रति परिवार को लगभग 5,500 अमेरिकी डॉलर की वार्षिक कवरेज प्रदान करती है।

---

**यूक्रेन युद्ध के बाद यह पहली बार**

## रूसी मंत्री बोले- पुतिन जल्द भारत जाएंगे, तैयारियां शुरु



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द ही भारत आएंगे। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी का भारत आने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुतिन के भारत दौरे की तैयारियां चल रही हैं। हालांकि, पुतिन की यात्रा की तारीख का खुलासा नहीं किया गया।

रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यह पहली बार होगा, जब रूसी राष्ट्रपति भारत आएंगे। रूसी अंतरराष्ट्रीय मामलों की परिषद (आरआईएसी) द्वारा 'रूस और भारत एक नए द्विपक्षीय एजेंडे की ओर' विषय पर आयोजित एक सम्मेलन में रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। अपने वीडियो संबोधन के दौरान लावरोव ने कहा कि पुतिन के भारत दौरे के लिए फिलहाल तैयारियां की जा रही हैं।

### आयोग की बैठक में भाग लेंगे

*राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच स्थापित भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग (आईआरआईजीसी) की क्रमवार होने वाली वार्षिक शिखर बैठक में रूस का नेतृत्व करना है। इसकी पिछली बैठक में भाग लेने के लिए पिछले साल पीएम नरेंद्र मोदी ने रूस की यात्रा की थी। इसके अलावा वह ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भी रूस के कजान शहर गए थे। भारत और रूस की दोस्ती बहुत पुरानी है। रूस भारत का रक्षा उपकरण और हथियार सामग्री का एक बड़ा सप्लायर भी है। यूक्रेन के साथ युद्ध के बीच उसने भारत को किफायती दाम पर कच्चे तेल की आपूर्ति की है। जिसकी अमेरिका समेत यूरोपीय देशों ने कड़ी आलोचना की थी। भारत के साथ हमारी विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी भी विकसित हो रही है।*

### मोदी-पुतिन वार्ता में उठेंगे यह मुद्दे

बैठक में दोनों शीर्ष नेताओं के बीच भारत-रूस के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए महत्वपूर्ण मामलों के अलावा क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चुनौती के मुद्दे पर भी विचार-विमर्श किया जा सकता है। यूक्रेन युद्ध की समाप्ति का मसला भी पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन की वार्ता में शामिल किए जाने की संभावना है। पीएम मोदी कई बार यह कह चुके हैं कि यह युद्ध का युग नहीं है।

---

**रूस के मिसाइल लॉन्च से यूरोप सहमा, दुनिया में तीसरे विश्व युद्ध की आशंका**

# रूसी हमले के बाद 45 करोड़ आबादी तनाव में 27 देशों में लोगों को 'तैयार' रहने की चेतावनी

एजेंसी ▶▶ ब्रसेल्स

क्रेमलिन ने जापान सागर में अपने उफा अटैक सब से क्रूज मिसाइलें भी दागीं। रूसी सरकारी मीडिया ने दावा किया कि मिसाइलों ने खाबरोवस्क क्षेत्र में 620 मील दूर एक भूमि लक्ष्य के साथ-साथ एक नौसैनिक लक्ष्य को भी निशाना बनाया। इस घटना के बाद यूरोपीय संघ ने कथित तौर पर अपने सदस्य देशों की 45 करोड़ लोगों को विश्व युद्ध जैसी स्थिति के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय संघ ने पूरे महाद्वीप के नागरिकों को कम से कम 72 घंटों के लिए भोजन, पानी और अन्य आवश्यक वस्तुओं को स्टोर करने का आग्रह किया है।

नाटो के महासचिव मार्क रूट ने चेतावनी दी कि रूस 2030 तक यूरोप में एक और हमला करने में सक्षम हो सकता है। उनकी चेतावनी के बाद यूरोपीय देशों में हड़कंप मचा हुआ है। इस चेतावनी के बाद अधिकतर नाटो देश युद्ध के लिए अग्रिम तैयारियां कर रहे हैं, जिनमें फ्रांस, जर्मनी और पोलैंड जैसे देश भी शामिल हैं। दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने मास्को पर 'हेरफेर और धमकी' का आरोप लगाया और कहा कि हम उन पर विश्वास नहीं करते। दुनिया वास्तव में रूस पर विश्वास नहीं करती। दुर्भाग्य से, अब भी, बुधवार को वार्ता के दिन ही, हम देखते हैं कि रूसियों ने पहले से ही हेरफेर करना शुरू कर दिया है।


> *यूरोप में तीसरे विश्व युद्ध की आशंका से हाहाकार मचा हुआ है। यूरोपीय यूनियन और नाटो ने सदस्य देशों को अलर्ट रहने को कहा है। इतना ही नहीं, कई देशों ने तो अपने नागरिकों से जरूरी सामानों को स्टोर करने और युद्ध के लिए तैयार रहने का अल्टीमेटम दिया है।*



### हमारी प्रतिक्रिया विनाशकारी होगी: नाटो महासचिव

*नाटो के महासचिव मार्क रूट ने वारसॉ में कहा कि अगर कोई गलत अनुमान लगाता है और सोचता है कि वे पोलैंड या किसी अन्य सहयोगी पर हमला करके बच सकते हैं, तो उन्हें इस भयंकर गठबंधन की पूरी ताकत से सामना करना पड़ेगा। हमारी प्रतिक्रिया विनाशकारी होगी। उनका यह बयान यूक्रेन के शहर सुमी पर रूसी मिसाइल हमले के कुछ घंटों बाद आया जिसमें दर्जनों लोग मारे गए। उन्होंने कहा कि यह व्लादिमीर व्लादिमीरोविच पुतिन और किसी भी अन्य व्यक्ति को बहुत स्पष्ट होना चाहिए जो हम पर हमला करना चाहते हैं।*

### जेलेंस्की बोले- जल्द पुतिन की मौत होगी



**पेरिस।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बिगड़ते स्वास्थ्य की खबरों के बीच यूक्रेन राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि जल्द ही पुतिन की मौत हो जाएगी और फिर सब कुछ (यूक्रेन जंग) खत्म हो जाएगा। यह एक फैक्ट है। जेलेंस्की ने 26 मार्च को पेरिस में यूरोपीय पत्रकारों के साथ एक इंटरव्यू के दौरान यह बयान दिया।

### रूस को बताया नाटो के लिए सबसे बड़ा खतरा

तैयारी और संकट प्रबंधन आयुक्त हादजा लाहबीब ने कहा कि यूरोप के सामने आने वाले खतरे पहले से कहीं अधिक जटिल हैं। यूरोपीय संघ के प्रमुख रूट ने चेतावनी दी कि रूस यूरोपीय धरती पर एक और बड़ा हमला करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि रूस हमारे गठबंधन के लिए सबसे बड़ा और सबसे बड़ा खतरा है और रहेगा। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि रूस युद्धकालीन अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, और इसका उनके सशस्त्र बलों के निर्माण की क्षमता और योग्यता पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा।

**रूस को ग्लोबल मार्केट में पहुंचने से रोके अमेरिका**

*जेलेंस्की के इस बयान से एक दिन पहले ही अमेरिका की मध्यस्थता से रूस और यूक्रेन के बीच ब्लैक सी में सीजफायर समझौता हुआ था। अमेरिका ने कहा है कि वो ग्लोबल एग्रीकल्चर और फर्टिलाइजर मार्केट में रूस की पहुंच फिर से बहाल करने में मदद करेगा। जेलेंस्की ने कहा कि यह बहुत जरूरी है कि अमेरिका पुतिन को इस ग्लोबल मार्केट में एंट्री करने में मदद न करे। मेरा मानना है कि यह खतरनाक है। अमेरिका पुतिन को बिना शर्त सीजफायर के कहेगा।*

---

**जापान के प्रतिनिधिमंडल से मिले पीएम**

## दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने पर हुई विस्तृत चर्चा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने जापान कॉर्पोरेट कार्यकारी संघ के अध्यक्ष ताकेशी निनामी के नेतृत्व वाले एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। पीएम मोदी ने भारत और जापान के बीच आर्थिक सहयोग को गहरा करने के लिए उनके विचारों और सुझावों को सुना। इस चर्चा में द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करना, निवेश के अवसरों को बढ़ाना तथा कृषि, समुद्री उत्पाद, अंतरिक्ष, रक्षा, बीमा, प्रौद्योगिकी, अवसंरचना, नागरिक उड्डयन, स्वच्छ ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा और एमएसएमई भागीदारी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना शामिल था। पीएम ने भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक भागीदारी पर प्रकाश डाला और व्यापार के अनुकूल वातावरण प्रदान करने के भारत के दृढ़ संकल्प दोहराया।

### भारत का शासन नीति संचालित

पीएम मोदी ने भारत में जापानी निवेश को सुविधाजनक बनाने और तेजी लाने के लिए भारत में विकसित जापान प्लस प्रणाली पर भी चर्चा की। इस बात पर भी जोर दिया कि निवेशकों के लिए कोई अस्पष्टता या हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। भारत का शासन नीति संचालित है और सरकार पारदर्शी और पूर्वानुमानित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम ने देश में विमानन क्षेत्र के विकास पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत नए हवाई अड्डों के निर्माण और रसद क्षमताओं के विस्तार सहित महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के निर्माण की दिशा में भी काम कर रहा है।

---

**वैष्णव की क्रिएटिविटी 'वेव्स'**

## मीडिया और इंटरटेनमेंट उद्योग में नई 'लहर' लाने की कोशिश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



आज के मीडिया और मनोरंजन के क्षेत्र में भारतीय कंटेंट क्रिएटर्स युवाओं को कैसे वैश्विक मंच मिले, कैसे विभिन्न देशों के कंटेंट क्रिएटर्स के साथ मिल बैठकर तकनीकी और विषय पर गहन मंथन हो और कैसे कंटेंट को बेहतर प्रतियोगी बाजार मिले जिससे नाम और दाम दोनों मिले इसको ध्यान में रखते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक नायाब आइडिया ईजाद किया है। मंत्रालय के क्रिएटिव अधिकारियों को इन दिनों उन्होंने वेव्स नाम की योजना पर लगा दिया है। ये पहली बार होगा जब मीडिया और मनोरंजन के लिए ऑनलाइन न्यूमीडिया के लिए काम करने वाले विश्व के नामचीन हस्ताक्षर तो होंगे ही उनसे रूबरू होकर उनके अनुभव से सीखने का अवसर देश के युवाओं को भी मिल सकेगा। आगामी एक से चार मई तक मुंबई में 'वेव्स' (वर्ल्ड आउडियो विजुअल एंड इंटरटेनमेंट) नाम से एक वैश्विक शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य भारत के मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र को वैश्विक मंच पर स्थापित करना हैद्ध

---

**युवाओं को संबोधित करते हुए बोले विदेश मंत्री एस. जयशंकर**


## भारत, आशावादी समाज और तकनीक अपनाने में अग्रणी, ऐसा दुनिया में नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू भवन में सेंट्रल एशिया यूथ डेलिगेशन को संबोधित किया। उन्होंने भारत के आशावादी दृष्टिकोण और देश के युवाओं द्वारा तकनीक को तेजी से अपनाने को प्रमुख विशेषता बताया। उन्होंने कहा कि आज, हम एक बहुत ही आशावादी समाज हैं। अगर आप भारत के युवाओं से पूछेंगे, तो उन्हें लगता है कि उनका जीवन बेहतर होगा।

### एआई फ्रेंडली तकनीक

*उन्होंने कहा कि देश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) फ्रेंडली बनाने के लिए तकनीक को अपनाने की मानसिकता विकसित करनी होगी। एशिया सोसायटी के क्यूंग-व्हा कांग के साथ बातचीत में भारत और अमेरिका के व्यापारिक संबंधों पर चर्चा की। कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार को लेकर खुली बातचीत होती है। साल के अंत तक एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को पूरा करने पर सहमत हुए हैं।*




### युवा नई तकनीक अपना रहे

*जयशंकर ने भारत के इस सकारात्मक दृष्टिकोण की तुलना वैश्विक स्थिति से करते हुए कहा कि दुनिया के हर हिस्से में ऐसा आत्मविश्वास नहीं है। उन्होंने भारतीय युवाओं में तकनीक अपनाने की प्रवृत्ति को भी उजागर किया।*

---

**लाल सागर में पर्यटन पनडुब्बी डूबने से हुआ बड़ा हादसा**

# 40 में से 6 की मौके पर ही मौत, 14 घायल, 4 की हालत गंभीर

एजेंसी ▶▶ काहिरा

मिस्र के हर्गड़ा शहर के पास लाल सागर में एक पर्यटन पनडुब्बी डूबने से बड़ा हादसा हो गया। घटना में छह लोगों की मौत हो गई, जिनमें 4 रूस के नागरिक और 2 मिस्र के थे। जबकि 14 लोग घायल हो गए हैं। इनमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के वक्त पनडुब्बी में करीब 40 यात्री सवार थे। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गुरुवार सुबह यह दुर्घटना हुई, जिसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। बचाव दल ने अब तक 29 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। घायलों को तुरंत पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। हालांकि, अभी तक इस हादसे की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। वहीं, विशेषज्ञों का मानना है कि तकनीकी खराबी, सुरक्षा मानकों की अनदेखी या समुद्र की प्रतिकूल परिस्थितियां इस दुर्घटना की वजह हो सकती हैं।

**29 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला**

**हादसे की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं**



### पिछले साल भी हुआ था हादसा

हर्गड़ा मिस्र का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो अपनी खूबसूरत समुद्री तटरेखाओं और कोरल रीफ्स के लिए जाना जाता है। टूरिस्टों को समुद्र के अंदर का अनुभव देने के लिए यहां कई तरह की नौकाएं और पनडुब्बियां चलाई जाती हैं। हाल के सालों में इस क्षेत्र में पर्यटक नौकाओं से जुड़े कई हादसे सामने आए हैं। इससे पहले, पिछले साल नवंबर में 'सी स्टोरी' नाम की एक टूरिस्ट बोट डूब गई थी, जिसमें 11 लोग मारे गए थे या लापता हो गए थे, जबकि 35 लोगों को बचा लिया गया था।

### प्रशासन ने दिए जांच के आदेश

हर्गड़ा और रेड सी तट पर टूरिस्टों की संख्या ज्यादा होने के कारण इन हादसों को लेकर चिंता बढ़ गई है। सरकार पर अब दबाव बढ़ रहा है कि वह टूरिस्ट पनडुब्बियों की सुरक्षा जांच को और कड़ा करे। इस दुर्घटना के बाद रेड सी में चल रही अन्य टूरिस्ट पनडुब्बियों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं। प्रशासन ने हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आखिर यह घटना कैसे हुई।

---

**सशस्त्र बलों को मिलेगी मजबूती**

## दो कंपनियों से रक्षा मंत्रालय ने किया 2,500 करोड़ का करार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को टैंक रोधी हथियार प्लेटफार्म से जुड़े ट्रैक्ड संस्करण नाग मिसाइल सिस्टम (एनएएमआईएस) और 5 हजार हल्के वाहनों की खरीद के लिए आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड और फोर्स मोटर लिमिटेड, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के साथ 2 हजार 500 करोड़ रुपए के दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे सशस्त्र बलों की युद्धक क्षमता में काफी इजाफा देखने को मिलेगा। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इन समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह भी उपस्थिति रहे। मंत्रालय ने समझौतों को रक्षा खरीद प्रक्रिया से जुड़ी हुई खरीददारी श्रेणी के तहत अमलीजामा पहनाया है।

### मिसाइल की मारक क्षमता में होगी बढ़ोतरी

एनएएमआईएस दुश्मन के बख्तरबंद वाहनों के खिलाफ बेहद उन्नत टैंक रोधी हथियार प्रणालियों में से एक है। जिसमें दागो और भूल जाओ के सिद्धांत के तहत मिसाइल की मारक क्षमता और घातकता में बढ़ोतरी देखने को मिलती है। इसे मशीनीकृत सैन्य कार्रवाई के प्रबंधन में बदलाव लाने और दुश्मन के खिलाफ बढ़त हासिल करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशाला द्वारा विकसित किया गया है। दोनों में से इसकी खरीद पर 1 हजार 801.34 करोड़ रुपए की लागत आएगी। यह खरीद मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री की टैंक रोधी क्षमता में मील का पत्थर साबित होगी।






# पूरन ने ठोका सत्र का सबसे तेज अर्धशतक, जीता लखनऊ

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

लखनऊ सुपर जायंट्स ने गुरुवार को यहां टी20 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराकर अपना खाता खोला। एलएसजी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। एसआरएच नौ विकेट पर 190 रन ही बना सकी। लखनऊ ने 16.1 ओवर में पांच विकेट पर 193 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

पूरन ने एडम जम्पा की गेंद पर छक्का लगाकर 18 गेंद में इस सत्र का सबसे तेज अर्धशतक जड़ा। वह आईपीएल में 20 से कम गेंद में चार बार अर्धशतक बनाकर सबसे ऊपर हैं। उनके बाद ट्रेविस हेड और जेक फ्रेजर मैकगुर्क तीन बार ऐसा कर चुके हैं।

## हैदराबाद को पांच विकेट से दी मात



### 116 रन की साझेदारी

निकोलस पूरन (70 रन) के इस इंडियन प्रीमियर लीग सत्र के सबसे तेज अर्धशतक और उनकी मिचेल मार्श (52 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए खेली गई 116 रन की साझेदारी से जीत मिली। अंत में अब्दुल समद और डेविड मिलर की नाबाद पारियों से टीम ने लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले शार्दुल ठाकुर ने 34 रन देकर चार विकेट लेकर शानदार वापसी जारी रखी।

## पूरन-मार्श ने तोड़ा रिकॉर्ड

पूरन और मिचेल मार्श (52 रन) ने दूसरे विकेट के लिए महज 43 गेंद में 116 रन की साझेदारी निभाई जो आईपीएल में दूसरे विकेट के लिए एलएसजी की सबसे बड़ी साझेदारी है।इस तरह उन्होंने केएल राहुल और दीपक हुड्डा के बीच 95 रन की साझेदारी का रिकॉर्ड को तोड़ा। मिचेल मार्श ने 11वें ओवर में कमिंस की गेंदों पर लगातार चौके लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया और उनकी अगली ही फुल लेंथ गेंद पर लांग ऑन पर नीतिश कुमार रेड्डी को कैच दे बैठे।

## हेड 47 रन पर आउट

एसआरएच के लिए सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड शानदार फॉर्म में दिख रहे थे लेकिन 28 गेंद में 47 रन ही बना सके। वह टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। उनके अलावा अनिकेत वर्मा ने 36 और नीतिश कुमार रेड्डी ने 32 रन का योगदान दिया। फिट होकर टीम में शामिल हुए आवेश खान के अलावा दिग्वेश राठी, रवि बिश्नोई और प्रिंस यादव को एक एक विकेट मिला।

## स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड बो प्रिंस यादव | 47 | 28 | 5 | 3 |
| अभिषेक का पूरन बो शार्दुल | 06 | 06 | 1 | 0 |
| किशन का पंत बो शार्दुल | 00 | 01 | 0 | 0 |
| नीतिश कुमार रेड्डी बो बिश्नोई | 32 | 28 | 2 | 0 |
| हेनरिच क्लासन रन आउट | 26 | 17 | 2 | 1 |
| अनिकेत वर्मा का मिलर बो राठी | 36 | 13 | 0 | 5 |
| मनोहर का समद बो शार्दुल | 02 | 06 | 0 | 0 |
| पैट कमिंस का राठी बो आवेश | 18 | 04 | 0 | 3 |
| हर्षल पटेल नाबाद | 12 | 11 | 0 | 0 |
| शमी का बडोनी बो शार्दुल | 01 | 03 | 0 | 0 |
| सिमरजीत सिंह नाबाद | 03 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 20 ओवर में 190/9
गेंदबाजी : शार्दुल 4-0-34-4, आवेश 4-0-45-1, राठी 4-0-40-1, बिश्नोई 4-0-42-1, प्रिंस 4-0-29-1.

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्श का रेड्डी बो कमिंस | 52 | 31 | 7 | 2 |
| मारक्रम का कमिंस बो शमी | 01 | 04 | 0 | 0 |
| पूरन पगबाधा बो कमिंस | 70 | 26 | 6 | 6 |
| ऋषभ पंत का शमी बो पटेल | 15 | 15 | 0 | 1 |
| बडोनी का पटेल बो जम्पा | 06 | 06 | 1 | 0 |
| डेविड मिलर नाबाद | 13 | 07 | 2 | 0 |
| अब्दुल समद नाबाद | 22 | 08 | 2 | 2 |

अतिरिक्त : 14, कुल : 16.1 ओवर में 193/5
गेंदबाजी : अभिषेक 2-0-20-0, शमी 3-0-37-1, सिमरजीत 2-0-28-0, कमिंस 3-0-29-2, जम्पा 4-0-46-1, हर्षल 2-0-28-1, किशन 0.1-0-4-0.

खास खबर

# दूसरी गेंद का पहली बार आईपीएल में हुआ इस्तेमाल



गुवाहाटी। आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच बुधवार को गुवाहाटी में खेले गए मैच में पहली बार दूसरी गेंद का नियम देखने को मिला। कार्यवाहक कप्तान रियान पराग के मार्गदर्शन में राजस्थान रॉयल्स ने केकेआर की पारी के 17वें ओवर में गेंद बदलने का अनुरोध किया, लेकिन यह मैच का पासा पलटने के लिए काफी नहीं था। नए नियम का इस्तेमाल करने के बावजूद राजस्थान रॉयल्स को केकेआर के खिलाफ आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। यह उनकी लगातार दूसरी हार रही। क्विंटन डिकॉक की 61 गेंदों पर नाबाद 97 रनों की शानदार पारी की बदौलत कोलकाता ने इस सीजन में अपनी पहली जीत दर्ज की।

# आईपीएल : सूरमा गेंदबाजों की हो रही धुनाई पाटा पिचों पर इज्जत का हो रहा कचरा...

### पैट कमिंस ने कुटवाए 60 रन

आईपीएल के इसी मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज और टीम के कप्तान पैट कमिंस की भी जमकर धुनाई हुई। उन्होंने अपने कोटे के 4 ओवर्स में कुल 60 रन कुटवा दिए। पैट कमिंस इस समय आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में नंबर 3 गेंदबाज हैं।



### मोहम्मद सिराज ने लुटाए 54 रन

इस बार मोहम्मद आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जगह गुजरात टाइटन्स की टीम में खेल रहे हैं। वह पहला मुकाबला 25 मार्च को पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलने उतरे, जहां वो 4 ओवर्स में 54 रन लुटा बैठे, उनको एक भी विकेट नहीं मिला। वहीं इकोनॉमी रेट भी 13.50 रहा। सिराज की बेस्ट रैंकिंग इस समय वनडे में है, वह 14वें पायदान पर हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2025 का आगाज हो चुका है। अब तक दुनिया की सबसे बड़ी टी20 क्रिकेट लीग के 5 मुकाबले हो चुके हैं। लेकिन आईपीएल के शुरुआती मुकाबलों में गेंदबाजों के आंकड़ों के रुझान देखे जाएं तो उनकी हालत खराब दिख रही है।

कोलकाता, हैदराबाद, चेन्नई, विशाखापत्तनम और अहमदाबाद में हुए इन मैचों में ज्यादातर पिचों का मिजाज पाटा (बल्लेबाजी के लिए आसान पिच) रहा है। यही कारण है कि बल्लेबाजों का जहां मन कर रहा है, वो उस तरफ गेंदों को मार रहे हैं। देखा जाए तो इस दौरान आईपीएल में कई गैरअनुभवी गेंदबाजों को तो बल्लेबाजों पर लगाम लगाने में मुश्किल आ रही है। वहीं आईपीएल के दिग्गज गेंदबाज भी फुस्स हो रहे हैं। आइए आपको बताते हें ऐसे ही गेंदबाजों के बारे में...

### आर्चर ने 4 ओवर में दिए 76 रन



*इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर की इस समय आईसीसी टेस्ट रैंकिंग 10 है। वह इस बार राजस्थान रॉयल्स टीम का हिस्सा हैं। 23 मार्च को हुए आईपीएल मुकाबले में वो सनराइजर्स हैदराबाद के खिफाल बेहद महंगे साबित हुए और अपने 4 ओवर्स में 76 रन 19 के इकोनॉमी रेट से लुटा बैठे। ईशान किशन ने तो जोफ्रा के एक ही ओवर में 3 छक्के भी जड़े थे।*

### बिश्नोई के नाम 53 रन देने का रिकार्ड




कभी टी20 के नंबर एक गेंदबाज रह चुके रवि बिश्नोई की भी इस आईपीएल सीजन के एकमात्र मुकाबले में हालत खराब दिखी है। उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलते हुए दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हुए मैच में 4 ओवर्स में 53 रन देकर 13.25 की इकोनॉमी रेट से 2 विकेट लिए। वह वर्तमान में नंबर 6 टी20 बॉलर हैं।

रवि बिश्नोई का टेस्ट और वनडे डेब्यू नहीं हुआ है।

### महीश तीक्षणा ने गंवाए 52 रन



24 साल के श्रीलंकाई ऑफ स्पिनर महीश तीक्षणा इस बार आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स से ना खेलकर राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे हैं। राजस्थान की ओर से खेलते हुए उनकी भी हैदराबाद संग मुकाबले में जमकर पिटाई हुई, वह 4 ओवर्स में 52 रन लुटा बैठे और 2 विकेट झटक पाए। वर्तमान में तीक्षणा वनडे फॉर्मेट के नंबर 1 तो टी20 के नंबर 7 गेंदबाज हैं।



# रीतिका पहले सीनियर एशियाई चैंपियनशिप स्वर्ण की राह पर

**अम्माम।** ओलंपियन रीतिका हुड्डा ने एशियाई चैंपियनशिप के महिला 76 किग्रा वर्ग में दबदबा बनाते हुए बिना कोई अंक गंवाए गुरुवार को यहां फाइनल में जगह बनाई जबकि उनकी तीन अन्य हमवतन भारतीय पहलवान भी कांस्य पदक की दौड़ में हैं। रीतिका ने फाइनल में जगह बनाने के दौरान जापान की नोडोक यामामोतो और कोरिया की सियोयिओन जियोंग को हराया। रीतिका ने पहले जियोंग को तकनीकी दक्षता से हराया। भारतीय पहलवान ने टेक-डाउन मूव से अंक जुटाए और फिर विरोधी खिलाड़ी के पैर को पकड़कर दो और अंक जुटाए। रीतिका ने इसके बाद कोरियाई खिलाड़ी के पैर पकड़कर अंक जुटाए और मुकाबला अपने नाम किया। अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता यामामोतो के खिलाफ रीतिका ने जियोंग के खिलाफ अपनाई रणनीति को दोहराया और दूसरे पीरियड में 6-0 के स्कोर पर विरोधी खिलाड़ी को चित्त करके जीत दर्ज की।


## MADHYA PRADESH BHOJ (OPEN) UNIVERSITY, BHOPAL

(Established Under an Act of State Assembly in 1991)
Kolar Road, Near Swarn Jayanti Park, Yashoda Vihar Colony, Choona Bhatti, Bhopal, Madhya Pradesh - 462016
राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्रदत्त एक मात्र शासकीय विश्वविद्यालय

| सत्र 2025 (जनवरी-दिसम्बर) प्रवेश प्रारंभ | अंतिम दिनांक 31 मार्च 2025 | राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP) सत्र 2022-23 से लागू। न्यूनतम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उच्च गुणवत्ता युक्त अध्ययन सामग्री। | पाठ्यक्रम/विषय/क्षेत्रीय केन्द्र/अध्ययन केन्द्र परिर्वतन की सुविधा। उम्र का बन्धन नहीं। | नेटवर्किंग सक्षमता निर्माण संसाधनों को साझा करके और गुणवत्ता सुनिश्चित करके राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर दूरस्थ शिक्षा का प्रसार। | विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी) की नियमों के अनुसार प्रवेश शुल्क की वापसी। |
|---|---|---|---|---|---|

Our Motto – Embrace, Engage, Enlighten and Empower
हमारा लक्ष्य - शिक्षा वंचितों तक पहुचना
UGC –DEB/ AICTE / RCI/ NCTE/ NCVET से अनुमोदित पाठ्यक्रमों का संचालन


| Bachelor Programmes | PG Diploma Programmes |
|---|---|
| BA | PG Diploma in Cyber Security. |
| BSC (Bio/Maths) | PG Diploma in Management Logistics and Supply Chain Mgt. |
| B.Sc. (Cyber Security) | PG Diploma in Event Management. |
| B.Sc (Data Science) | PG Diploma in Energy Management. |
| B.Com | PG Diploma in Tribal Development |
| Bachelor of Library. Information Science (Bliss) | PG Diploma in Artificial Intelligence and Data Science |
| Bachelor of Journalism (BJ) | PG Diploma in Fintech |
| BBA (Bachelor of Business Administration) | **Diploma Programmes** |
| BCA (Bachelor of Computer Application) | Diploma in Business Administration (DBA) |
| **Bachelor Honours Programmes** | Diploma in Management (DIM) |
| B.A. (Honours) Political Science | Diploma in Computer Application (DCA) |
| B.A. (Honours) Hindi | Diploma in Nutrition and Health Education (DNHE) |
| B.Sc (Honours) Chemistry | Ramcharitra manas se samajik vikas me Diploma (RSSM) |
| B.Sc (Honours) Botany | Diploma in Logistics and Supply Chain Management (DLSCM) |
| B.Sc (Honours) (Cyber Security) | Diploma in Tribal Development (DTD) |
| B.Sc.(Honours) (Data Science) | Diploma in Travel and Tourism (DTT) |
| B.Com (Honours) | Diploma in Rural Management (DRM) |
| BBA (Honours) | Diploma in Event Management (DEVM) |
| BCA (Honours) | Diploma in Energy Management (DEM) |
| **PG Programmes** | Diploma in Cyber Security (DCS) |
| MBA (General) | Diploma in Data Science. (DDS) |
| MBA (MM) | Diploma in AI & Data Science (DADS) |
| MBA (STEM) | Diploma in Bhagwat Geeta |
| MBA (Lateral Entry) | **Certificate Programmes** |
| MCA | Certificate in Human Right (CHR) |
| MCA (Lateral Entry) | Certificate in Rural Development (CRD) |
| M.Com | Certificate in Indian Lit. |
| MA (Hindi Lit.) | Certificate in Written and Spoken Sanskrit. |
| MA (English Lit.) | Certificate in Introduction to Vedas |
| MA (Political Science) | Certificate in Indic Philosophy |
| MA (Economics) | Certificate in Ayurvedic Dietetics |
| MA (Sociology) | Certificate in Indian education and holistic. |
| MA (History) | Certificate in Basic of Intellectual property right. |
| MA (Geography) | Certificate in Indian Cultural Heritage. |
| MSW | Certificate in Introduction to Yoga Nidra |
| Master of Journalism | Foundation Course (Special Education) |
| Master of Science (CYBER SECURITY ) | Certificate in Organic Farming |
| M.Sc. (Botany) | Certificate in Sociology of Gerontology |
| M.Sc. (Maths) | Certificate in Mushroom Production |
| M.Sc. (Physics) | Certificate in Medicinal Plants from Traditional use to sustainable |
| M.Sc. (Chemistry) | **Teacher Training Programs** |
| M.Sc. (Zoology) | B.Ed. (2 Yrs.) |
| M.Sc. (IT) | D.Edl.Ed. |
| प्रवेश हेतु जानकारी के लिए लिंक https://mpbou.mponline.gov.in/portal/services_bhoj.aspx?groupid=1 | B.Ed Special Education in Visual Impairment/ Hearing Impairment/ Intellectual Disability/ Learning Disability |
| | M.Ed. Special Education in Hearing Impairment/ Visual Impairment/ Intellectual Disability/ Learning Disability |

आवेदन करने की प्रकिया :-
1. प्रवेश हेतु आवेदन करने के लिए स्वयं आवेदक www.mpbou.edu.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। 2. असुविधा होने पर नजदीकी कियोस्क पर जाकर प्रवेश आवेदन एवं फीस जमा की जा सकती है। 3. अर्हतादायी प्रमाण-पत्र की छाया प्रतियों तथा मूल अंकसूची एवं अन्य मूल दस्तावेज के मिलान कराकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कराएं।

विशेष
राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों तथा मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के परिपेक्ष्य में प्रवेशित विद्यार्थी अब एक साथ दो पाठ्यक्रम पूर्ण कर सकते हैं। एक पाठ्यक्रम किसी भी महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय से नियमित विद्यार्थी के रूप में जबकि दूसरा पाठ्यक्रम मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय से दूरस्थ माध्यम के अंतर्गत विद्यार्थी चाहे तो एक साथ दोनों पाठ्यक्रम भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय से भी पूर्ण कर सकता है। प्रदेश के सभी शासकीय एवं अनुदानित महाविद्यालय हमारे अध्ययन केन्द्र हैं। विद्यार्थी प्रवेश व अन्य जानकारी हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य अथवा समन्वयक से संपर्क कर सकता है। समस्या होने पर मुख्यालय के बी.एड/डी.एल.एड (सामान्य) के लिए डॉ. हेमलता दिनकर (9752914954) तथा श्री अनूप सिंह बुन्देला (9826356865) बी.एड. विशेष शिक्षा हेतु डॉ. ज्योति पाराशर (9425365725) तथा अन्य पाठ्यक्रमों के लिए डॉ. रतन सूर्यवंशी, निदेशक (9329823741 ) डॉ. शैलेन्द्र सिंह, उपनिदेशक (6306354959) एवं डॉ. शैलेन्द्र कौशिक, सहायक निदेशक (9340013450) से सम्पर्क किया जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/119432/2025
कुलसचिव


खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 दिल्ली में जीते 3 स्वर्ण, 5 रजत, 3 कांस्य सहित कुल 11 पदक

# मध्यप्रदेश के टेबल टेनिस पैरा खिलाड़ियों ने जीते 3 पदक



गजानन परमार



दिव्यानी वाल्हे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

खेलो इण्डिया पैरा गेम्स 2025 का आयोजन दिल्ली में 20 से 27 मार्च तक किया गया। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के पैरा खिलाड़ियों ने टेबल टेनिस में शानदार प्रदर्शन कर 1 स्वर्ण,1 रजत और 1 कांस्य सहित 3 पदक अर्जित किए। प्रतियोगिता के अंतिम दिन गुरुवार को टेबल टेनिस खेल में मध्यप्रदेश की खिलाड़ी दिव्यानी वाल्हे ने वूमेन क्लॉस 10 वर्ग 1 स्वर्ण एवं गजानन ने पुरुष क्लॉस -08 वर्ग में 1 रजत और हर्ष त्रिवेदी ने पैरा टेबल टेनिस के पुरुष क्लॉस 7 केटेगरी में 1 कांस्य पदक अपने नाम किया।


हर्ष त्रिवेदी

### पैरा खिलाड़ियों की प्रतियोगिता में कुल उपलब्धियां

- भारत रावत ने एफ-33 केटेगरी की एथेलेटिक्स (शॉटपुट) में 01 स्वर्ण पदक
- भारत रावत ने एफ-33 केटेगरी की एथेलेटिक्स (जेवलिन) में 01 रजत पदक
- अर्पित शर्मा ने टी-36 केटेगरी की एथेलेटिक्स (100मी.) में 01 रजत,
- अर्पित शर्मा ने टी-36 केटेगरी की एथेलेटिक्स (400मी.) में 01 स्वर्ण पदक
- सचिन साहू ने टी-36 केटेगरी की एथेलेटिक्स (400मी.) में 01 कांस्य पदक
- कोमल त्यागी ने एफ-11 केटेगरी की एथेलेटिक्स (डिस्कस थ्रो) में 01 कांस्य पदक
- रूबिना फ्रांसिंस ने 10 मी. एस.एच.-1 केटेगरी शूटिंग (पिस्टल) में 01 रजत पदक
- मेघा पाण्डेय ने हार्टीस्ट केटगरी पैरा पॉवरलिफ्टिंग के 67.0 किग्रा. भार वर्ग में 01 रजत पदक।
- दिव्यानी वाल्हे ने वूमेन क्लॉस 10 केटेगरी के पैरा टेबल टेनिस में 1 स्वर्ण पदक
- गजानन परमार ने पुरुष क्लॉस -08 केटेगरी के पैरा टेबल टेनिस में 1 रजत पदक
- हर्ष त्रिवेदी ने पुरुष क्लॉस -07 केटेगरी के पैरा टेबल टेनिस में 1 कांस्य पदक

मियामी ओपन

# इयाला अंतिम-4 में, अब तक तीन ग्रैंडस्लैम चैंपियन को किया बाहर



एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

एलेक्सांद्रा इयाला ने मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में एक और उलटफेर करते हुए महिला एकल क्वार्टर फाइनल में पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन और दूसरी वरीय ईगा स्वियाटेक को बाहर किया।

बाएं हाथ की 19 साल की खिलाड़ी एलेक्सांद्रा ने स्वियाटेक को एक घंटे और 37 मिनट में 6-2, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। महिला पेशेवर टूर पर फिलिपीन्स का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र खिलाड़ी एलेक्सांद्रा को इस डब्लूटीए 1000 प्रतियोगिता के लिए वाइल्ड कार्ड मिला है और वह दुनिया की 140वें नंबर की खिलाड़ी हैं। सेमीफाइनल तक के सफर के दौरान एलेक्सांद्रा ने तीन ग्रैंडस्लैम विजेताओं को हराया है। सेमीफाइनल में एलेक्सांद्रा की भिड़ंत अमेरिका की जेसिका पेगुला से होगी जिन्होंने ब्रिटेन की गैरवरीय एम्मा राडुकानु को तीन सेट चले कड़े मुकाबले में 6-4, 6-7, 6-2 से हराकर 4 साल में तीसरी बार मियामी ओपन के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## तीन घंटे में जीते चोटिल दिमित्रोव



पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में 14वें वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव ने पैर की जकड़न से जूझने के बावजूद 23वें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को लगभग तीन घंटे में 6-7, 6-4, 7-6 से हराया। सेमीफाइनल में दिमित्रोव की भिड़ंत नोवाक जोकोविच और सबेस्टियन कोर्डा के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगी। इस बीच बारिश के कारण स्थगित पुरुष एकल के चौथे दौर के मैच में 17वें वरीय फ्रांस के आर्थर फिल्स ने शीर्ष वरीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया।



# ओटीटी पर 28 को स्ट्रीम होगी 'देवा'

**मुंबई।** शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की फिल्म 'देवा'ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आने वाली है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'भसड़ मचा, ट्रिगर चला... देवा आ रहा है।' फिल्म 28 मार्च से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म 'देवा' में शाहिद के साथ पूजा प्रवेश राणा, मनीष वाधवा, गिरीश कुलकर्णी, गौरव मोरे और प्रवीण पाटिल अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।

लाइफ Style



# नुसरत
## अवॉर्ड शो में होती है मौज-मस्ती

नुसरत भरुचा की फिल्म 'छोरी 2' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। फिल्म में वो एक बार फिर से सभी को डराती नजर आ रही हैं। बीते दिनों जयपुर में हुए 25वें आईफा अवॉर्ड्स 2025 में नुसरत ने इस फिल्म को लेकर अपडेट दी थी। फिल्म के अलावा उन्होंने और भी कई दिलचस्प बातें शेयर कीं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सबसे पहले नुसरत ने आईफा अवॉर्ड में शामिल होने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जब किसी फिल्म को सिनेमाघरों में 25 हफ्ते पूरे हो जाते हैं तो हम सिल्वर जुल्बी मानते हैं, आईफा को तो 25 साल हो गए हैं। यह बहुत बड़ी बात है। यह एक मील का पत्थर है और मुझे खुशी है कि मैं आईफा का हिस्सा हूं। नुसरत से अवॉर्ड शो के दौरान अन्य सितारों से मुलाकात करने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'आप लोगों को लगता है कि हम लोग अपने को-स्टार से बैक स्टेज मिलते हैं, लेकिन ऐसा है नहीं, क्योंकि जब तक हम जाते हैं, वो कहीं और चले जाते हैं। हां, यहां काम का प्रेशर नहीं होता है और हम खुलकर एंजॉय करते हैं। यहां थोड़ी मौज-मस्ती और मजाक होते हैं तो यहां आकर काफी मजा आता है।' जब नुसरत से उनके कॅरियर के दौरान उनका ड्रीम रोल निभाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मेरा जो ड्रीम रोल था वो मैं कर चुकी हूं और वो 'छोरी' है। मैं अपना ड्रीम रोल दो बार निभा चुकी हूं, एक छोरी में और दूसरा 'छोरी 2' में। इसके साथ नुसरत ने फिल्म के जोनर पर भी बात की। उन्होंने कहा कि यह प्योर हॉरर फिल्म है। इसमें कॉमेडी का तड़का नहीं है।

हॉलीवुड मसाला




# 'डूम्सडे' की शुरू हुई शूटिंग

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियो ने बीते बुधवार को जानकारी दी कि 'एवेंजर्सः डूम्सडे' फिल्म का निर्माण शुरू हो गया है। इसके साथ ही निर्माता ने कलाकारों के नाम का भी खुलासा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि एमसीयू के कई दिग्गज कलाकार इसमें वापसी कर रहे हैं। इस नए भाग में कैप्टन अमेरिका, बकी बार्न्स, एंट मैन और लोकी के रूप में सभी एवेंजर्स इस भाग में वापस आ गए हैं। हालांकि, आयरन मैन इसमें नहीं नजर आएंगे।




# पति की सच्चाई जान टूट गई थीं मारिया

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन पत्रकार और लेखिका मारिया श्राइवर ने हाल ही में अपने उस वक्त को याद किया जब वो अपने पति अर्नोल्ड श्वार्जनेगर का अपनी नौकरानी से अफेयर का पता चलने के बाद टूट गई थीं। अपनी पुस्तक 'आई एम मारिया' में उन्होंने खुलासा किया कि अपने पति अर्नोल्ड के अफेयर के बारे में जानकर वह फूट-फूटकर रो पड़ी थीं। मारिया और अर्नोल्ड के चार बच्चे हैं, जिनके नाम कैथरीन श्वार्जनेगर प्रैट, क्रिस्टीना श्वार्जनेगर, पैट्रिक श्वार्जनेगर और क्रिस्टोफर श्वार्जनेगर हैं। मारिया ने अपनी किताब के एक अंश में लिखा है, 'जब मैं होटल के कमरे में फर्श पर अंधेरे में अकेले बैठी थी, मेरे चेहरे पर आंसू बह रहे थे।



# रातों-रात बदल सकती थी जिंदगी...

**मुंबई।** अभिनेता सैफ अली खान पर इस साल जनवरी में उनके घर पर चाकू से हमला हो गया था, जिसमें अभिनेता घायल हो गए थे। हालांकि, तुरंत इलाज मिल जाने से अभिनेता अब पूरी तरह से ठीक होकर काम पर वापस भी लौट चुके हैं। अब इस घटना के लगभग 2 महीने के बाद सैफ की बेटी और अभिनेत्री सारा अली खान ने इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। सारा ने कहा कि इस घटना ने उन्हें एहसास कराया कि अगर चीजें गलत हो जातीं तो उनकी जिंदगी एक रात में कितनी बदल सकती थी।




# 'ग्राउंट जीरो' का पहला पोस्टर जारी...

**मुंबई।** बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान रखने वाले मशहूर एक्टर इमरान हाशमी अपनी आने वाली फिल्म में एक बीएसएफ कमांडर का किरदार निभाएंगे। फिल्म का नाम 'ग्राउंट जीरो' है। एक्सेल एंटरटेनमेंट ने जब से फिल्म 'ग्राउंड जीरो' का एलान किया है तब से ही फिल्म ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। यह फिल्म देश के लिए बलिदान और राष्ट्र की रक्षा करने वालों पर आधारित होगी। इसमें इमरान हाशमी को पीछे की तरफ से दिखाया गया है।




आधार कार्ड^ पर लोन व कैश EMI | ₹60^ प्रतिदिन EMI | 5% इंस्टेंट डिस्काउंट* चुनिंदा कार्डों पर | HDFC BANK | pine labs PAY LATER

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #As per combined sales volume of 100-110cc motorcycles for FY 24 by a single company. Data Source: SIAM's domestic sales data FY 2024. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. The offer is applicable on purchase of HF series & Splendor+ series from authorised dealers of HeroMotocorp using any HDFC Credit Card on all Pine Labs POS terminals. The 5% cashback upto ₹5000/- is applicable on minimum transaction of ₹40,000. T&C apply. *Ex-showroom price of HF Deluxe Self non i3s drum brake & Splendor+ Xtec 2.0 variant in Bhopal.

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

टोल फ्री 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः भोपालः वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूलः खण्डेलवाल हीरो9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावराः आनंद हीरो 9289922871, गुनाः गगन हीरो 9289922358, अशोक नगरः आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदाः राहुल हीरो 9289922491, विदिशाः पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, छतरपुरः आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियरः तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्डः शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैनाः गगन हीरो 9289922678, श्योपुरः आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरीः रघुवंशी हीरो 9289922571, अशोक नगरः आरव हीरो 9821743269, इंदौरः पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानीः शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुरः श्रीजी हीरो 9289922372, देवासः खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धारः साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलियाः श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआः नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षीः अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवाः ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोनः निमाड़ हीरो 9289922378, महूः लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुरः रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, एसोसिएट डीलरः आष्टाः श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोनाः आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेलीः श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपालः मानिक मोटर्स 8827379110, बंडाः श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरूल्लागंजः जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासौदाः ध्रुव इन्टरप्राईज़ेज 9826867673, इटारसीः रेवा मोटर्स 9425630406, जताराः शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेराः आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरियाः राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़ः गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोरः प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेनः युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीनाः राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़ः एस.एस. इन्टरप्राईज़ेज 7000242371, खरगापुरः हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़ः बृजेश इंटरप्राईजेज 7999006113, श्यामपुरः गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरीः श्याम हीरो 7748890061, जामनेरः अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंजः प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सियारालीः भयरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनीः गंगोत्री मोटर्स 9755101902, अम्बाह-उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, इबराः दुर्गा एजेन्सी 9926746001, करेराः आदित्यसागर इन्टरप्राईजेज 7428492559, पिछोरः दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़ः शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारसः भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़ः लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवासः बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहदः ओम साई मोटर्स 8358994876, लहारः लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुरः विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़ः न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावरः नज्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़ियाः कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियांः अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेराः गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमाः अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोदः अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौरः गीतांजलि मोटर्स 9630099725, क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडीः अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमलः हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावदः भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरीः कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊः अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवाः डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवालीः श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, पुंजापुराः पटेल मोटर्स 9755567226, सतवासः शिवम मोटर्स 9826088351, नागदाः काठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, सिंघोटः आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छः भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौदः लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोदः जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलियाः श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुनाः गगन हीरो 9289922358, विदिशाः पाल हीरो 9289922379, भिन्डः शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुरः रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेराः गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगीः श्री मोटर्स, 9340927342.

VML.5798.2025HIN

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930